हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

एनसीपी नेता और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का चार्टर्ड विमान क्रैश, हादसे में पवार के सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू मेंबर समेत 5 लोगों की जान गई।



विमान क्रैश होते ही आग का गोला बना

अजित पवार
जन्म 22 जुलाई 1959 मृत्यु 28 जनवरी 2026

# मौत का वो एक मिनट... पहले रनवे नहीं दिखा, विमान ऊंचाई पर चला गया.. बाद में रनवे दिखा लेकिन 5 जिंदगियां ओझल हो गईं

एजेंसी ▶▶ बारामती

बुधवार सुबह ही महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का निधन हो गया है। बुधवार सुबह 8.45 बजे बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान उनका चार्टर्ड प्लेन क्रैश हो गया। वे 66 साल के थे। हादसे में पवार के सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू मेंबर समेत 5 लोगों की जान गई। पवार महाराष्ट्र पंचायत चुनाव के लिए जनसभा को संबोधित करने बारामती जा रहे थे। वे मुंबई से सुबह 8.10 बजे रवाना हुए थे। महाराष्ट्र एविएशन डिपार्टमेंट के मुताबिक पायलट ने सुबह 8.45 बजे बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग की कोशिश की थी, लेकिन रनवे साफ दिखाई नहीं दिया तो वह विमान को दोबारा ऊंचाई पर ले गया। अधिकारियों के अनुसार यह एक क्रैश लैंडिंग थी, जिसमें विमान को गंभीर क्षति पहुंची। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन, पुलिस और आपदा राहत टीमें ▶▶ शेष पेज 5 पर



पीएम नरेंद्र मोदी ने दुख जताया-गरीबों-वंचितों को सशक्त बनाने का उनका जुनून उल्लेखनीय था

***सुबह 8 बजकर 43 मिनट पर विमान को रनवे 11 पर उतरने की मंजूरी दे दी गई। पायलट ने लैंडिंग की मंजूरी मिलने की कोई सूचना वापस नहीं दी। ठीक एक मिनट बाद 8 बजकर 44 मिनट पर हवाई अड्डे के कर्मचारियों ने रनवे 11 के पास आग की लपटें देखीं। विमान का मलबा रनवे के बाईं ओर पाया गया। विमान पूरी तरह फिट था और उसमें कोई तकनीकी खराबी नहीं थी***



डिप्टी सीएम की आखिरी फोटो



सीएम फडणवीस एवं एकनाथ शिंदे ने परिवार को सांत्वना दी

- **पवार महाराष्ट्र पंचायत चुनाव के लिए जनसभा को संबोधित करने बारामती जा रहे थे**
- **शुरुआती जांच में हादसे की वजह खराब मौसम और कम विजिबिलिटी को बताया जा रहा**
- **आज सुबह 11 बजे पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया जाएगा**
- **महाराष्ट्र में तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा**

## किसी भी आतंकी हमले का पूरी दृढ़ता से निर्णायक जवाब देगा भारतः राष्ट्रपति



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद भवन में बुधवार को बजट सत्र की शुरुआत के मौके पर दिए गए अपने अभिभाषण में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए किए गए ऑपरेशन सिंदूर अभियान का प्रमुखता के साथ उल्लेख किया। जिसमें उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस सैन्य कार्रवाई के माध्यम से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की मेरी सरकार ने यह कड़ा संदेश दिया है कि भारत पर किसी भी आतंकवादी हमले का पूरी दृढ़ता के साथ निर्णायक जवाब दिया जाएगा। इस अभियान में पूरी दुनिया ने हमारी सेनाओं के शौर्य और पराक्रम को देखा है और अब वो दिन दूर नहीं जब देश से आतंकवाद पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा। हमने अपने संसाधनों के दम पर आतंकवादी अड्डों को नेस्तनाबूत कर दिया है। देश की रक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ ही मिशन सुदर्शन चक्र पर भी मजबूती से काम चल रहा है। इसके अलावा महामहिम ने पाकिस्तान के साथ सिंधु नदी के जल बंटवारे को लेकर किए गए समझौते को स्थगित करने के निर्णय को लेकर कहा कि हमारा यह फैसला भी आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई का ही हिस्सा है।

- ***बजट सत्र की औपचारिक शुरुआत पर दिए गए अपने अभिभाषण में बोलीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू***
- ***ऑपरेशन सिंदूर और मिशन सुदर्शन चक्र का भी महामहिम ने प्रमुखता के साथ किया जिक्र***

**इसलिए की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई :** गौरतलब है कि पाकिस्तान के प्रमुख आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के छद्म रूप 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) के आतंकियों ने 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोष लोगों की उनका धर्म पूछकर अत्यंत बर्बरता के साथ हत्या कर दी थी। जिसके जवाब में भारत की सशस्त्र सेनाओं ने 7 से 10 मई 2025 को केंद्रशासित प्रदेश में मौजूद नियंत्रण रेखा (एलओसी) को लांघकर दुश्मन देश और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कुल 9 आतंकी शिविरों में मौजूद लश्कर, जैश समेत अन्य आतंकी संगठनों के 100 से अधिक आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया था। भारत की इस कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने पश्चिमी सीमा पर बड़ी तादाद में ड्रोन और मिसाइलों से बड़ा हमला बोला था। लेकिन वो इसमें पूरी तरह से खाली हाथ ही रहा। क्योंकि भारत ने न केवल उसके हर वार को नाकाम कर दिया। बल्कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

1984 से निरंतर सेवा...
MSN माता श्री नेत्रालय
माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत...
नेत्र सेवा में विश्वास
डॉ. पी.एस. बिन्द्रा
M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.
डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCBS लेजर विशेषज्ञ
डॉ. चाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ
जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल
समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)
फोन : 0755-2562222, 2562233
मो.: 9826084896

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## चांदी ने तोड़ा रिकॉर्ड, 4 लाख रुपए पहुंचा भाव

**नई दिल्ली।** चांदी के दाम ने नया रिकॉर्ड बना लिया है। बुधवार को चांदी का भाव 4 लाख रुपए प्रति किलो के स्तर तक पहुंच गया है। बीते कुछ दिनों से चांदी की कीमतों में लगातार उछाल देखा जा रहा है। शादी-विवाह के सीजन के शुरू होने से पहले फिर चांदी की कीमत में तेजी है। चांदी के भाव में अलग-अलग शहर में अंतर है।



### मुख्यमंत्री ने किया सेंट्रलाइज्ड पोर्टल फॉर हरियाणा काउंसिलस का लोकार्पण

## स्वास्थ्य परिषदों को एक ही सिस्टम पर लाने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य : नायब

- ***स्वास्थ्य परिषदों में अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आरम्भ***



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के 'सेंट्रलाइज्ड पोर्टल फॉर हरियाणा काउंसिलस' का लोकार्पण किया। इस पहल के साथ ही हरियाणा देश का पहला राज्य बन गया है जिसने एक इंटीग्रेटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च कर एक साथ कई स्वास्थ्य परिषदों को एक ही सिस्टम पर लाने का कार्य किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पोर्टल से मेडिकल परिषद, डेंटल परिषद, फार्मेसी परिषद, आयुष एवं होम्योपैथी परिषद और अन्य स्वास्थ्य परिषदों से संबद्ध विभिन्न परिषदों में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आरम्भ हो जाएगी। उन्होंने बताया कि यह पोर्टल प्रदेश में रजिस्टर्ड लगभग डेढ लाख स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य करने वाले युवक युवतियों को बेहतर सेवा देने के लिए विकसित किया गया है। अब इन परिषदों के तहत प्रशिक्षण लेने वाले बच्चे ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारत-ईयू एफटीए के बाद बदले अमेरिका के बोल...

## ईयू संग मुक्त व्यापार समझौते से ज्यादा फायदे में रहेगा भारत : जैमीसन ग्रीर

- ***संपन्न हुई यूरोपीय संघ के शीर्ष नेताओं की भारत यात्रा***



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन युद्ध के नाम पर भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने वाले अमेरिका के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। वजह है भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच बीते मंगलवार को नई दिल्ली में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर की गई महत्वपूर्ण घोषणा है। जिसके तुरंत बाद अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 'मैंने भारत और ईयू के बीच हुए व्यापार समझौते की कुछ जानकारी देखी है। मेरे हिसाब से इसका सबसे ज्यादा फायदा भारत को ही होगा। एफटीए भी भारत के ही पक्ष में झुका हुआ ▶▶ शेष पेज 5 पर

### राष्ट्रीय अभियान की औपचारिक शुरुआत हुई

## नित्यानंद राय ने किया सीआईएसएफ 'वंदे मातरम' तटीय साइक्लोथॉन-2026 का शुभारंभ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम, नई दिल्ली से सीआईएसएफ की प्रमुख राष्ट्रीय जन-जागरूकता पहल 'वंदे मातरम तटीय साइक्लोथॉन-2026' का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया।

इस अवसर के साथ ही 25 दिनों के विशाल राष्ट्रीय अभियान की औपचारिक शुरुआत हुई। सीआईएसएफ की दो साइक्लिंग टीमें एक साथ बक्कखाली (पश्चिम बंगाल) और लखपत (गुजरात) से रवाना हुईं। ये टीमें देश के पूर्वी और पश्चिमी तटों के लगभग 6,500 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए 9 तटीय राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों से गुजरेंगी। साइक्लोथॉन का समापन 22 फरवरी को कोच्चि में होगा।

शुभारंभ समारोह में युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय की सचिव डॉ. पल्लवी जैन गोविल, आईटीबीपी के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, सीआईएसएफ के महानिदेशक प्रवीर रंजन, एनआईए के महानिदेशक राकेश अग्रवाल, प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी तथा एसएसबी के महानिदेशक संजय सिंघल सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी गणमान्य अतिथियों ने इंडिया गेट के निकट आयोजित संक्षिप्त साइकिल रैली में भाग लेकर इस अभियान को प्रतीकात्मक समर्थन दिया। सभा को संबोधित करते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 52 तटीय गांव लिए जायेंगे गोद

साइक्लोथॉन के दौरान यात्रा 52 तटीय गांवों में रुकेगी, जिन्हें सीआईएसएफ द्वारा एक वर्ष तक सतत सहभागिता के लिए गोद लिया जाएगा। ओएनजीसी, पत्तन प्राधिकरणों और अन्य एजेंसियों के सहयोग से इन गांवों में सीएसआर के तहत सामुदायिक कल्याण और बुनियादी ढांचा विकास से जुड़े कार्य किए जाएंगे।

**युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी:** इस अभियान में 50 प्रतिशत महिला साइकिल चालकों की ▶▶ शेष पेज 5 पर



### वसंत कुंज इलाके की घटना

# बीड़ी जलाने को लेकर हुए झगड़े में युवक की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



वसंत कुंज इलाके में बीड़ी जलाने के लिए माचिस की तीली देने को लेकर हुए विवाद के चलते कुछ अज्ञात हमलावरों ने एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। मृतक युवक का नाम करण (21) बताया गया है। पुलिस केस दर्ज कर आसपास के इलाके में लगे कैमरे खंगाल रही है।

पुलिस के अनुसार मंगलवार रात करीब 11:40 बजे जेजे बंधु कैंप से इस घटना की सूचना मिली, जिसके बाद एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने पाया कि पीड़ित युवक करण को पहले ही अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका था। घटनास्थल पर पहुंचने के तुरंत बाद हमें वसंत कुंज के निजी अस्पताल से चाकू के हमले में घायल एक व्यक्ति के भर्ती होने की सूचना मिली थी। बाद में इलाज के दौरान चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अस्पताल पहुंच जानकारी जुटाई, जिसमें हमले में गर्दन पर चाकू के वार से हुए घाव को मौत का कारण बताया गया। शुरुआती जांच में पता चला कि करण का कथित हमलावरों के साथ बीड़ी जलाने के लिए माचिस की तीली देने को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस ने बताया कि यह बहस बढ़ गई, जिसके परिणामस्वरूप आरोपियों ने करण पर चाकू से हमला कर दिया। जिला क्राइम टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और फॉरेंसिक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में वसंत कुंज उत्तर थाने में मामला दर्ज किया है। अधिकारी के मुताबिक, आरोपियों की पहचान करने और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## लूटपाट के दौरान व्यक्ति को चाकू मारने के आरोप में दो नाबालिग पकड़े

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के मंडावली थाना इलाके में लूट के प्रयास का विरोध करने पर व्यक्ति को चाकू मारने के आरोप में दो नाबालिगों को पकड़ा गया है। एलबीएस अस्पताल से पुलिस को इस घटना के संबंध सूचना मिली थी, जिसके बाद घटना सामने आई। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की पहचान पश्चिम विनोद नगर निवासी प्रियांशु रावत के रूप में हुई। उसने पुलिस को बताया कि 27 जनवरी को रात करीब 12.15 बजे वह काम से घर लौट रहा था। उसी दौरान दो स्कूटी पर सवार चार लोगों ने मेन रोड पर तालाब चौक के पास उसे रोक लिया। उन्होंने रावत का मोबाइल फोन छीनने की कोशिश की। विरोध करने पर हमलावरों में से एक ने उसके पेट में चाकू घोंप दिया। आरोपी 400 रुपये लेकर फरार हो गए, लेकिन उसका फोन नहीं ले जा सके। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और संदिग्धों की पहचान के बाद दो नाबालिगों को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान दोनों नाबालिगों ने अपना जुर्म कबूल किया है। उन्हें किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया और एक निगरानी गृह में भेजा गया है। पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल स्कूटी भी बरामद कर ली है। मामले में शामिल अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## रोहिणी में मुठभेड़ः हत्या मामले में तीन वांछित अपराधी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- बदमाशों से चार सेमी ऑटोमैटिक पिस्तौल और 11 कारतूस हुये बरामद

क्राइम ब्रांच ने रोहिणी में एक मुठभेड़ के बाद तीन वांछित अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी शास्त्री पार्क इलाके में हुई एक हत्या के मामले में वांछित थे। इस मुठभेड़ में तीनों घायल हुये हैं।

पुलिस के अनुसार क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि संदिग्ध रोहिणी सेक्टर-28 के पास आएंगे। उन्हें पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया। जब संदिग्ध बदमाश अजमल खान पार्क के पास रात करीब 11:40 बजे एक सफेद रंग की स्कूटी पर पहुंचे तो उन्हें रुकने का इशारा किया गया। लेकिन उन्होंने कथित तौर पर पुलिस टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। जवाबी कार्रवाई में तीनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। इसके बाद उन्हें काबू कर लिया गया और अस्पताल ले जाया गया। समीर उर्फ कम्मु पहलवान की सनसनीखेज हत्या का मामला इन शूटरों की गिरफ्तारी के साथ सुलझ गया है। बदमाशों से चार सेमी ऑटोमैटिक पिस्तौल और 11 कारतूस बरामद हुये। शूटरों के नाम रहमान, आदिल और मोहम्मद अयान पता चलें। पता चला कि 24 जनवरी की रात को चार हथियारबंद हमलावरों ने फायरिंग कर पीएस शास्त्री पार्क इलाके में समीर उर्फ कम्मु पहलवान नाम के एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी।

## सीलमपुर मर्डर केस का आरोपी सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल के साथ पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सीमलपुर में मंगलवार देर शाम तारिक हसन नामक शख्स की गोली मारकर हत्या के आरोपी को पुलिस ने कुछ ही घंटों के भीतर पकड़ लिया है। इसके पास से एक सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल भी बरामद हुई है। गिरफ्तार आरोपी का नाम आबिर उर्फ साबिर उर्फ पोपा (42) निवासी डबल स्टोरी, न्यू सीलमपुर बताया गया है। आरोपी पहले भी हत्या के प्रयास, डकैती, चोट पहुंचाने, मकोका, धोखाधड़ी, एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट से संबंधित 26 मामलों में शामिल पाया गया है।

डीसीपी आशीष मिश्रा के अनुसार 27 जनवरी को शाम करीब 5.29 बजे जीटीबी अस्पताल से तारिक हसन को गोली लगने पर लाये जाने की सूचना मिली थी। बाद में चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर मृतक के एक साथी ने बताया कि वे एक दुकान पर बिरयानी खा रहे थे, तभी तारिक ने बताया कि उसे गोली लगी है। आगे की पूछताछ में पता चला कि मृतक अपने दोस्त के पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए दोपहर करीब 1:15 बजे आया था। अंतिम संस्कार के बाद दोपहर करीब तीन बजे, वह अपने दोस्त के साथ के-ब्लॉक, सीलमपुर में स्थित जावेद बिरयानी की दुकान पर गया। बिरयानी खाने के बाद सद्दाम दुकान के अंदर हाथ धो रहा था, जबकि तारिक उसके पीछे खड़ा था। जब सद्दाम पीछे मुड़ा, तो उसने देखा कि तारिक नीचे बैठा है। उसने बताया कि गोली लगी है। इसके बाद सद्दाम तारिक को एक ऑटो-रिक्शा में बिठाकर जीटीबी अस्पताल ले गया। जांच के बाद आबिर को गिरफ्तार किया। लगातार पूछताछ के दौरान उसने अपराध कबूल कर लिया।

## आईजीएल अधिकारी बन संगठित साइबर धोखाधड़ी करने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल ने इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) अधिकारी बनकर संगठित साइबर धोखाधड़ी करने वाले मॉड्यूल के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पीड़ितों को धोखे से मैलिशियस मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करवाकर ठगी की जा रही थी। आरोपी व्यक्तियों के नाम बिक्की मंडल उर्फ विक्की (22), सुमित कुमार सिंह (26) और राजीव कुमार मंडल (22) है।

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने आईजीएल प्रतिनिधियों का रूप धारण कर एक 61 वर्षीय सेवानिवृत्त सेना अधिकारी को ठगा था। जालसाजों ने धोखे से उन्हें एक मैलिशियस एपीके फाइल इंस्टॉल करने के लिए प्रेरित किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें 91,449 रुपये का गलत नुकसान हुआ। तकनीकी विश्लेषण से पता चला कि कई डिवाइस और सिम कार्ड का उपयोग करके संगठित और समन्वित साइबर धोखाधड़ी गतिविधि की जा रही थी। आरोपियों के पास से कुल नौ मोबाइल फोन बरामद किए गए। सात डिवाइस से डिजिटल एक्सट्रैक्शन में पीड़ित का विवरण और आईजीएल, एसबीआई, योनो व आरटीओ चालान तथा टाटा पावर जैसे प्रतिष्ठित संगठनों का रूप धारण करने वाली कई धोखाधड़ी वाली एपीके फाइलें मिलीं। आरोपियों का संबंध एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज 35 साइबर धोखाधड़ी शिकायतों से पाया गया है।

पूरे डिजिटल ट्रेल का एनालिसिस करने, अतिरिक्त पीड़ितों की पहचान करने, अपराध से मिली रकम बरामद करने और सिंडिकेट में शामिल अन्य लोगों का पता लगाने के लिए पुलिस की आगे जांच जारी है।

## द्वारका कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी निकली अफवाह

नई दिल्ली। द्वारका कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद बुधवार सुबह अदालत परिसर में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। कोर्ट को खाली करा लिया गया। पुलिस ने बताया कि घंटो चली जांच पड़ताल के बाद इसे अफवाह घोषित किया गया। पुलिस के अनुसार कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल सुबह करीब साढ़े नौ बजे मिला था। पुलिस के अनुसार श्वान एवं बम निरोधक दस्ते को तुरंत मौके पर भेजा गया और गहन जांच की। हालांकि, कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलने के कारण धमकी को अफवाह घोषित कर दिया गया। ई-मेल के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

## एएसआई ने की खुदकुशी

नई दिल्ली। आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट की डीआईयू शाखा में तैनात एएसआई रविंदर ने बुधवार को आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिये मोर्चरी भिजवाया है। फिलहाल कोई सुसाइड नोट मिलने की बात सामने नहीं आई है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार बुधवार एक दुखद घटना में डीआईयू में तैनात एएसआई रविंदरने सुबह-सुबह अपने घर पर आत्महत्या कर ली। जब परिवार को पता चला कि उन्होंने कुछ जहरीला पदार्थ खा लिया है, तो उन्हें तुरंत सोनीपत के खरखौदा के पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रविंदर 1998 में दिल्ली पुलिस में शामिल हुए थे। फिलहाल वह डीआईयू में ड्यूटी ऑफिसर के पद पर कार्यरत थे।

# दिल्ली का बदलता नक्शाः हर विधानसभा में विकास, हर नागरिक तक सुविधा

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में राजधानी में शुरू हुआ बुनियादी परिवर्तन का नया युग





**नई दिल्ली।** दिल्ली आज केवल भारत की राजधानी नहीं, बल्कि विकास के नए मॉडल की पहचान बनती जा रही है। वर्षों से टूटी सड़कों, जलभराव, जर्जर सीवर, अव्यवस्थित कॉलोनियों और अधूरी परियोजनाओं से जूझ रही दिल्ली अब स्थायी समाधान की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुकी है। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि 'विकास घोषणाओं में नहीं, अब धरातल पर दिखेगा।श पिछले कुछ ही समय में राजधानी की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ हुआ है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन को सरल, सुरक्षित और सम्मानजनक बनाना है।

### मोती नगर में शुरू हुआ 135 करोड़ से शहरी ढांचे का आधुनिकीकरण

नई दिल्ली। मोती नगर विधानसभा में 135 करोड़ की बहुआयामी विकास परियोजनाओं ने क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को नई गति प्रदान की है। इन योजनाओं के अंतर्गत फुट ओवर ब्रिज का निर्माण, नजफगढ़ ड्रेन पर नए पुलों का निर्माण, 67 सीवर पाइपलाइन परियोजनाएँ तथा 72 सड़क पुनर्विकास कार्य शामिल हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था अधिक सुगम होगी, सीवर ओवरफ्लो की समस्या से राहत मिलेगी और नागरिकों को सुरक्षित व सुव्यवस्थित सार्वजनिक स्थान उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य करना नहीं, बल्कि सुशासन के माध्यम से नागरिकों के जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाना है।

### आर.के. पुरम में 100 करोड़ की लागत से शुरू हुआ क्षेत्रीय कायाकल्प

नई दिल्ली। आर.के. पुरम विधानसभा में 100 करोड़ की लागत से विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया है, जिसके माध्यम से क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को आधुनिक और नागरिकों के अनुकूल स्वरूप दिया जा रहा है। इन परियोजनाओं के अंतर्गत सड़कों की मरम्मत, जर्जर चौपालों का जीर्णोद्धार, कम्युनिटी सेंटरों का नवीनीकरण, पार्कों का सौंदर्यीकरण, ओपन जिम उपकरणों की स्थापना तथा आवश्यक स्थानों पर चारदीवारी निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। सीएम ने कहा कि यह पहली बार है जब दिल्ली सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि हर विधानसभा में विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी, ताकि प्रत्येक क्षेत्र समान रूप से आधुनिक सुविधाओं और बेहतर जीवन गुणवत्ता का लाभ प्राप्त कर सके।

### झुग्गी क्षेत्रों के विकास के लिए ऐतिहासिक 700 करोड़ विशेष बजट

दिल्ली सरकार ने पहली बार झुग्गी क्षेत्रों में विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 700 करोड़ का विशेष बजट जारी किया है। इस बजट के माध्यम से झुग्गी क्षेत्रों में नालियों, सड़कों, शौचालयों, पार्कों, स्वास्थ्य सेवाओं और सामुदायिक केंद्रों का तीव्र गति से विकास किया जा रहा है, ताकि वहां रहने वाले नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं और सम्मानजनक जीवन मिल सके। मुख्यमंत्री का स्पष्ट संकल्प है कि झुग्गियां हटाई नहीं जाएंगी, बल्कि झुग्गीवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाकर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा।मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य करना नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाना है।



## दक्षिण दिल्ली के बदरपुर, संगम विहार और देवली में 300 करोड़ से अधिक की सौगात

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली वर्षों से बुनियादी सुविधाओं की कमी और विकास की उपेक्षा से जूझ रही थी, लेकिन अब इस क्षेत्र की तस्वीर तेजी से बदल रही है। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दक्षिण दिल्ली के प्रमुख विधानसभा क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर विकास कार्यों की शुरुआत की गई है, जो क्षेत्र के समग्र कायाकल्प की दिशा में निर्णायक कदम है। बदरपुर विधानसभा में 85 करोड़ की लागत से सड़कों के सुधार, आधुनिक ड्रेनेज नेटवर्क, ओखला लैंडफिल समाधान और क्षेत्र को स्वच्छ व सुरक्षित बनाने से जुड़े कार्य किए जा रहे हैं। इससे वर्षों से चली आ रही गंदगी, जलभराव और यातायात की समस्याओं को स्थायी समाधान मिलेगा।संगम विहार विधानसभा में 115 करोड़ की परियोजनाओं के तहत सड़कों का पुनर्निर्माण, मजबूत सीवर व्यवस्था, सुदृढ़ पेयजल नेटवर्क तथा स्ट्रीट लाइट और गलियों का व्यापक सुधार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताते हुए कहा कि अब संगम विहार की जनता को यह पूछने की आवश्यकता नहीं रहेगी कि "हमारी बारी कब आएगी", क्योंकि विकास अब वास्तव में उनके द्वार तक पहुँच चुका है। देवली विधानसभा में 104 करोड़ की लागत से नई सड़कों का निर्माण, सीवर नेटवर्क का विस्तार, पेयजल पाइपलाइन का सुदृढ़ीकरण, पार्कों का सौंदर्यीकरण तथा स्वास्थ्य एवं सामुदायिक केंद्रों का निर्माण किया जा रहा है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से लाखों नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ और आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी तथा दक्षिण दिल्ली एक सुव्यवस्थित और विकसित शहरी क्षेत्र के रूप में नई पहचान प्राप्त करेगी।

### दिल्ली विकास डैशबोर्ड : दिल्ली की विभिन्न विधानसभाओं में कुल 600 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास

- **मोती नगर :** 135 करोड़ – पुल, सीवर लाइन्स और सड़क पुनर्विकास
- **आर.के. पुरम :** 100 करोड़ – सड़कें, पार्क, सामुदायिक केंद्र और सार्वजनिक स्थल
- **दक्षिण दिल्ली :** 300 करोड़ – बदरपुर, संगम विहार और देवली विकास परियोजनाएँ
- **झुग्गी विकास :** 700 करोड़ – सभी विधानसभाओं में विशेष बजट

### परियोजनाओं का प्रभाव

- जलभराव मुक्त सड़कें
- आधुनिक सीवर प्रणाली
- सुरक्षित सार्वजनिक स्थल
- तेज़ और सुगम यातायात
- स्वच्छ और सुव्यवस्थित कॉलोनियाँ
- बेहतर जीवन गुणवत्ता

DIP/Shabdarth/Advertorial/0121/25-26




# दिल्ली खाद्य सुरक्षा नियम 2025 राजधानी में लागू : सिरसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में कैबिनेट की मंजूरी के बाद दिल्ली खाद्य सुरक्षा नियम, 2025 राजधानी में लागू हो गया है। यह कदम राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 की धारा 40 के तहत लंबे समय से लंबित वैधानिक जिम्मेदारी को पूरा करता है। यह बात बुधवार को दिल्ली के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कही। उन्होंने कहा कि यह नया नियम फ्रेमवर्क सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को मजबूत बनाता है, जिसमें पात्रता की सही जांच, स्पष्ट नियम, प्रभावी शिकायत निवारण व्यवस्था और अधिक पारदर्शिता शामिल है। मंत्री सिरसा ने कहा कि कई सालों से पीडीएस में कमियां रही हैं, जिससे असली जरूरतमंद लोग राशन से वंचित रह जाते थे। अब प्राथमिकता वाले परिवारों के लिए आय सीमा 1 लाख से बढ़ाकर 1 लाख 20 हजार रुपए की जा रही है, जो राजस्व विभाग के प्रमाणित आय प्रमाण-पत्र के आधार पर होगी। नियमों के तहत जिला स्तर पर जिलाधिकारी (डीएम) की अध्यक्षता में गठित समितियां पात्रता की जांच करेंगी, जिनमें निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे, ताकि प्रक्रिया निष्पक्ष रहे। साथ ही, सरकारी कर्मचारी, आयकर दाता, एक से अधिक चार पहिया वाहन रखने वाले, अधिक बिजली खपत करने वाले या निर्धारित क्षेत्रों में संपत्ति रखने वाले परिवारों को योजना से बाहर रखा जाएगा। इस व्यवस्था से सब्सिडी का दुरुपयोग रुकेगा और इसका सही लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचेगा। मंत्री सिरसा ने कहा कि अब पहले आओ-पहले पाओ की पुरानी व्यवस्था खत्म होगी और गरीब और जरूरतमंद परिवारों को उनका हक मिलेगा।

# 'नींव' के जरिए दिल्ली सरकार भविष्य के लिए शिक्षा व्यवस्था को कर रही है मजबूत : आशीष सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नींव (नई एरा ऑफ एंटरप्रेन्योरियल इकोसिस्टम एंड विजन) कार्यक्रम के तहत दिल्ली सरकार भविष्य के लिए तैयार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रही है। यह बात बुधवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली के मोती बाग-एक के सर्वोदय कन्या विद्यालय में आयोजित नींव (नई एरा ऑफ एंटरप्रेन्योरियल इकोसिस्टम एंड विज़न) जोनल लेवल इवेंट को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर विभिन्न जोन से चयनित 46 विद्यार्थियों ने अपने नवाचारी प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। नींव कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान हेतु नवाचार आधारित सोच विकसित करना और उन्हें उद्यमिता को करियर विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का उद्देश्य दिल्ली सरकार के स्कूलों के विद्यार्थियों में नवाचार और उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देना है।

नींव पहल के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा विकसित रचनात्मक विचारों और उद्यमशील परियोजनाओं का प्रदर्शन किया गया। यह मंच विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच, समस्या-समाधान क्षमता और आत्मनिर्भरता की भावना को सशक्त बनाता है। विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को उनके सराहनीय स्टार्टअप प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार गुणवत्तापूर्ण, व्यावहारिक और भविष्य-उन्मुख शिक्षा को निरंतर बढ़ावा दे रही है। नींव कार्यक्रम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री सूद ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में गिने-चुने स्टार्टअप थे, जबकि आज भारत में 2 लाख से अधिक स्टार्टअप सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। इसी सोच के अनुरूप, दिल्ली सरकार ने इस वर्ष नींव कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 10 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की है। करीब 1.5 लाख विद्यार्थियों ने दिल्ली सरकार के लगभग 1 हजार स्कूलों में 30 हजार से अधिक नवाचारी विचारों पर कार्य किया।

## राम बाबू शर्मा की 17वीं पुण्यतिथि पर निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविर आयोजित

नई दिल्ली। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राम बाबू शर्मा की 17वीं पुण्यतिथि पर कबूल नगर, शाहदरा स्थित श्री साईं मंदिर में श्रद्धांजलि सभा एवं निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल , रामबाबू शर्मा के पुत्र व पूर्व विधायक विपिन शर्मा सहित अनेक नेता व सामाजिक क्षेत्र के लोग मौजूद थे। अपने संदेश में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जे पी अग्रवाल ने कहा कि स्वर्गीय राम बाबू शर्मा एक दूरदर्शी, कर्मठ, सिद्धांत निष्ठ और जनप्रिय नेता थे। जिनका संपूर्ण जीवन जनसेवा और संगठन निर्माण को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम में कांग्रेस दल के नेता के रूप में उनके कार्य आज भी प्रेरणास्रोत हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि प्रदेश कार्यालय राजीव भवन के निर्माण में स्वर्गीय राम बाबू शर्मा का ऐतिहासिक योगदान है, जो आज भी कांग्रेस संगठन की वैचारिक शक्ति और लोकतांत्रिक संघर्षों का केंद्र बना हुआ है।

## बीटिंग रिट्रीट समारोह के चलते आज भी सेंट्रल दिल्ली के दो मेट्रो स्टेशनों के द्वार रहेंगे बंद

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के अनुसार बीटिंग बीटिंग रिट्रीट समारोह के चलते आज गुरुवार को भी सेंट्रल दिल्ली के दो मेट्रो स्टेशनों उद्योग भवन व सेंट्रल सेक्रेटेरिएट मेट्रो स्टेशनों के रफी मार्ग एग्जिट गेट दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक बंद रहेंगे। जबकि बुधवार को भी यह दोनों उद्योग भवन व सेंट्रल सेक्रेटेरिएट मेट्रो स्टेशन के रफी मार्ग एग्जिट गेट दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक बंद रहे। स्टेशनों के द्वार बंद करने को लेकर डीएमआरसी ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए यात्रियों को इसकी जानकारी दी। इस बारे में डीएमआरसी ने कहा कि बीटिंग रिट्रीट समारोह 2026 की तैयारियों के चलते सेंट्रल दिल्ली में सुरक्षा कड़ी की गई है। सुरक्षा के लिहाज से ही 28 व 29 जनवरी 2026 को उद्योग भवन व सेंट्रल सेक्रेटेरिएट मेट्रो स्टेशनों के रफी मार्ग एग्जिट गेट दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक बंद रहेंगे।

## विद्यालयों को नवाचार और नेतृत्व का केंद्र बनाना दिल्ली सरकार की प्राथमिकता : इंद्राज

नई दिल्ली। विद्यालयों को प्रतिभा, नवाचार और नेतृत्व के केंद्र के रूप में विकसित करना दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है। यह बात दिल्ली के समाज



कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने बुधवार को रोहिणी सेक्टर-8 स्थित सीएम श्री स्कूल में आयोजित जोनल नींव (न्यू एरा ऑफ एंटरप्रेन्योरियल इकोसिस्टम एंड विजन) टीम चयन कार्यक्रम में सहभागिता करने के दौरान कही। मंत्री इंद्राज ने कहा कि मेगा नींव कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में नवाचार-आधारित सोच विकसित करना, उन्हें वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रेरित करना तथा उद्यमिता को एक संभावित करियर विकल्प के रूप में अपनाने हेतु प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि नींव जैसे कार्यक्रम छात्रों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रखते, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन की चुनौतियों को समझने, समाधान खोजने और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ाते हैं। मंत्री इंद्राज ने कहा कि टीम चयन की यह प्रक्रिया छात्रों में टीमवर्क, निर्णय क्षमता, समस्या-समाधान और नेतृत्व जैसे गुणों को सुदृढ़ करती है, जो आगे चलकर उन्हें सफल उद्यमी और जिम्मेदार नागरिक बनाने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने चयनित टीमों के साथ-साथ सभी प्रतिभागी छात्रों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम के निधन पर व्यक्त किया शोक

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पर लिखे अपने शोक संदेश में कहा कि महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार का एक दुर्भाग्यपूर्ण विमान हादसे में असामयिक निधन की खबर अत्यंत पीड़ादायक एवं स्तब्ध कर देने वाली है। उनका जाना भारतीय राजनीति विशेष रूप से महाराष्ट्र के लिए, एक अपूरणीय क्षति है। शोकाकुल परिवारजनों एवं उनके समर्थकों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती हूं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति और संबल प्रदान करें। ॐ शांति।

## विकास कार्य के लिए निगम में बजट की नहीं होगी कमी : सत्या शर्मा

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति द्वारा पेश किए गए बजट को स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने जनहित, कर्मचारी कल्याण और शहर के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित बताया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में विकास कार्य के लिए बजट की कोई कमी नहीं होगी। बजट में नागरिक सुविधाओं, स्कूलों, अस्पतालों, पार्कों, सड़कों और पर्यावरण संरक्षण जैसे सभी अहम पहलुओं को शामिल किया गया है। सत्या शर्मा ने बताया कि प्रत्येक पार्षद को अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्य कराने के लिए 2 करोड़ रुपए की निधि देने का प्रस्ताव किया गया है। इससे सड़क, स्ट्रीट लाइट, पार्क और अन्य स्थानीय जरूरतों पर तेजी से काम हो सकेगा। पिछले वर्ष यह राशि मात्र 25 लाख रुपए थी, ऐसे में निधि में हुई बढ़ोतरी को पार्षदों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। वहीं, निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने भाजपा की एमसीडी के बजट को महज कागजी, जन सरोकारों से कोसों दूर बताया है। जबकि आईवीपी दल के नेता मुकेश गोयल ने बजट को 'खोदा पहाड़ निकली चुहिया' जैसा बताया है।



## खबर संक्षेप

### कुल्हाड़ी से हमला करने के आरोप में दो काबू

**फरीदाबाद।** दुकानदार पर कुल्हाड़ी से हमला करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को काबू किया है।



जानकारी के अनुसार कृष्ण ने थाना सदर बल्लबगढ़ में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसके भाई पवन की चंचल ट्रेंडिंग के नाम से गांव फतेहपुर बिल्लौच में एक दुकान है, करीब 3-4 साल पहले बलराम व वेद प्रकाश इसी दुकान में काम करते थे। जहां दोनों ने दुकान के काम में घपला कर दिया था। जिसके चलते उसके भाई पवन ने दोनों को काम से निकाल दिया था।

### नई बिल्डिंग का आयुक्त ने किया निरीक्षण

**गाजियाबाद।** नगर निगम निर्माण विभाग ने नगर निगम मुख्यालय की नई बिल्डिंग बनाने के लिए कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।



नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बुधवार को स्थलीय निरीक्षण किया। पैमाइश का कार्य प्रारंभ कराया गया। 99 करोड़ की लागत से बनाए जाने वाले नगर निगम के नए कार्यालय के लिए मोहन नगर जोन स्थित अर्थला क्षेत्र में स्थल निर्धारित किया गया है।

### ब्रिजस्टोन इंडिया ने वर्मा के साथ की सांझेदारी

**फरीदाबाद।** ब्रिजस्टोन इंडिया ने पंजाब के लोकप्रिय गायक और अभिनेता परमिश वर्मा के साथ साझेदारी की घोषणा की है।



यह कदम कंपनी की प्रमुख क्षेत्रीय बाजारों में उपभोक्ताओं के साथ जुड़ाव मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा है। परमिश वर्मा सिर्फ एक लोकप्रिय कलाकार ही नहीं, बल्कि ऑटोमोबाइल और सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति अपनी रुचि के लिए भी जाने जाते हैं। ब्रिजस्टोन के प्रदर्शन, विश्वसनीयता और सुरक्षा के मूल्यों के साथ उनका जुड़ाव इस सांझेदारी को प्रभावशाली बनाता है।



# एलपिस कॉन्वेंट स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

## सात स्कूलों के छात्रों ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एलपिस कॉन्वेंट स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. राजेश मदान ने बताया कि इस विज्ञान प्रदर्शनी में एलपिस कॉन्वेंट स्कूल सहित कुल सात स्कूलों के छात्रों ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

डॉ. मदान ने बताया कि प्रदर्शनी में आशा कॉन्वेंट स्कूल, विश्वास कॉन्वेंट स्कूल, जीकेएल किड्स अकादमी, शिवालिक विद्या निकेतन स्कूल, जैन पब्लिक स्कूल और डीएनवी कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा विज्ञान से जुड़े विभिन्न मॉडल और प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए, जिनमें पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत, आधुनिक तकनीक, जल संरक्षण और दैनिक जीवन में विज्ञान की उपयोगिता को दर्शाया गया।

इस विज्ञान प्रदर्शनी में करीब सवा सौ विद्यार्थियों के साथ-साथ विभिन्न स्कूलों के शिक्षक और प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। छात्रों ने अपने-अपने मॉडलों के माध्यम से वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे अभिभावकों और शिक्षकों ने सराहा। कार्यक्रम में अतिथि प्रदीप गुप्ता, डॉ शोभित आजाद, संजय आहूजा, गुलशन बजाज, अभिषेक सिंह, गिरीश भाटिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में संचित गुप्ता ब्राइट फ्यूचर और डॉ. नरेश चौहान उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स का अवलोकन किया और उनकी मेहनत की प्रशंसा करते हुए उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**सफल आयोजन के लिए बधाई दी**

प्रधानाचार्य डॉ. राजेश मदान ने कहा कि इस तरह की विज्ञान प्रदर्शनी से विद्यार्थियों में नवाचार, तार्किक सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है। उन्होंने सभी प्रतिभागी छात्रों और शिक्षकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

## 66 करोड़ 32 लाख में बनी सहमति

# जीडीए तथा नगर निगम के बीच शहर की सात प्रमुख योजनाओं का हुआ हस्तांतरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

दोनों पक्षों के बीच 66 करोड़ 32 लाख में बनी सहमति बनी। जिसके क्रम में पहली किस्त 1 फरवरी 2026 को 33 करोड़ 16 लाख का भुगतान गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के द्वारा किया जाना है तथा दूसरी किस्त 33 करोड़ 16 लाख का भुगतान 25 मार्च 2026 तक किया जाना है



गाजियाबाद शहर के लिए बुधवार का दिन ऐतिहासिक रहा। जीडीए तथा नगर निगम के बीच शहर की 7 प्रमुख योजनाओं का हस्तांतरण की प्रक्रिया जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक की उपस्थिति में पूर्ण हुई। दोनों पक्षों के बीच 66 करोड़ 32 लाख में बनी सहमति बनी। जिसके क्रम में पहली किस्त 1 फरवरी 2026 को 33 करोड़ 16 लाख का भुगतान गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के द्वारा किया जाना है तथा दूसरी किस्त 33 करोड़ 16 लाख का भुगतान 25 मार्च 2026 तक किया जाना है।

पहली अप्रैल से 1 अप्रैल 2026 से योजनाओं की समस्त अवस्थापना सुविधा सड़के, नाली नाले,वाटर लाइन ट्यूबवेल, ओवरहेड टैंक, सीवर लाइन, सेंट्रल वर्ज, फुटपाथ, पार्क एवं ग्रीन बेल्ट का हैंडोवर मान्य होगा। हस्तांतरण कार्यवृत पर कलाल व मलिक ने हस्ताक्षर किए। इसको शहर के सुव्यवस्थित शहरी प्रबंधन की दिशा में ऐतिहासिक पहल माना जा रहा है। इस वित्तीय सहयोग से संबंधित क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था, सड़क अनुरक्षण, सीवरेज एवं जल निकासी प्रबंधन, हरित विकास, यातायात व्यवस्था तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। विशेष रूप से 56 एम.एल.डी. एस.टी.पी. के प्रभावी संचालन से सीवरेज निस्तारण क्षमता में वृद्धि होगी तथा जल प्रदूषण नियंत्रण में सहायता मिलेगी। आज हुई बैठक में शहर की 6 प्रमुख क्षेत्र की योजनाओं को हस्तांतरण करने की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया गया है, जिसके क्रम में स्वर्णजयंतीपुरम, कर्पूरीपुरम बी ब्लॉक गोविंदपुरम योजना का सी पी ब्लॉक, प्रताप विहार सेक्टर 12 अंतर्गत भवराव देवरस योजना, के ए ब्लॉक व बी एच ब्लॉक, राजनगर एक्सटेंशन योजना की 45 मीटर चौड़ी मुख्य सड़क, गोविंदपुरम योजना में क्रियाशील एसटीपी, प्राधिकरण का नगर निगम कार्यालय भवन हस्तांतरण किए जाने की प्रक्रिया पूरी हो गई। नगर निगम से अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र चौधरी आदि।

**प्रमुख योजनाएं**

स्वर्णजयंतीपुरम, कर्पूरीपुरम (बी-ब्लॉक), भाऊराव देवरस (केए- ब्लॉक एवं केबी-ब्लॉक) प्रताप विहार, गोविन्दपुरम (सी.पी. ब्लॉक), राजनगर एक्सटेंशन मुख्य बंधा रोड, तथा पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मधुबन बापूधाम स्थित 56 एम.एल.डी. क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का विधिवत हस्तांतरण किया गया।



# सेमिनार में की वेस्ट मैनेजमेंट व संबंधित विषयों पर चर्चा

## डीजीपी की अध्यक्षता में सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

डीपीजी डिग्री कॉलेज में अवेयरनेस सेशन के अंतर्गत एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका विषय था अपशिष्ट को बनाएं बहुमूल्य। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और वेस्ट मैनेजमेंट और उससे संबंधित विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीपीजी डिग्री कॉलेज के अध्यक्ष राजेंद्र गहलोत, वाइस चेयरमैन दीपक गहलोत, डॉ. एसएस बोकन, प्रिंसिपल डीपीजी डिग्री कॉलेज, डॉ. माधवी भाटिया, डीन, अशोक गोगिया, रजिस्ट्रार, डॉ. प्रहलाद सिंह, डॉयरेक्टर, एकेडमिक्स, डॉ. प्रिया शुक्ला, निदेशक और डॉ. प्रियंका कुमारी डीन एकेडमिक उपस्थित थे। विशेष अतिथि जितेंद्र, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर, आईपीसी.ए प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट तथा कुलदीप हिन्दुस्तानी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे और प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट पर अपने विचार साझा किए। डॉ. अमिता सिंह, विभागाध्यक्ष, लाइफ साइंस विभाग ने अतिथियों का स्वागत किया और वेस्ट मैनेजमेंट के महत्व के बारे में बताया। डॉ. एस एस बोकन, प्राचार्य ने अपने संबोधन में पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण के महत्व पर चर्चा की। अशोक , रजिस्ट्रार ने वेस्ट मैनेजमेंट में व्यक्तिगत भूमिका और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. अमिता सिंह, विभागाध्यक्ष, लाइफ साइंस विभाग ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी अतिथियों, संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

# मनरेगा से छेड़छाड़ गरीब व मजदूरों के साथ धोखाधड़ी: बलजीत कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने व कांग्रेस द्वारा बनाई गई मनरेगा को खत्म किए जाने के विरोध में बुधवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने पूरी टीम के साथ पृथला व तिगांव विधानसभा क्षेत्रों के पांच गांव क्रमशः जुन्हेड़ा, कौराली, घरोड़ा, मंधावली, बदरौला में जाकर लोगों को जागरूक किया और पूर्व की कांग्रेस सरकार व मौजूदा भाजपा सरकार की मजदूरों के प्रति कार्य प्रणाली को लेकर अवगत करवाया। उन्होनें कहा कि कांग्रेस ही सही मायने में मजदूरों की हितैषी पार्टी है। इसी के तहत कांग्रेस

## मनरेगा योजना कांग्रेस की देन



सरकार ने मजदूरों को 100 दिन का गारंटी रोजगार दिया था, जो भी मजदूर अपना रजिस्ट्रेशन करवाता था उसको रोजगार दिया था। अब केवल सरकार समर्थित सरपंचों के द्वारा अपने चहेतों को ही काम दिया जाएगा, जो गरीब मजदूरों के साथ सरासर धोखाधड़ी है। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रशासनिक बदलाव नहीं बल्कि रोजगार और आजीविका की गारंटी को कमजोर करने की सुनियोजित कोशिश है। मनरेगा कांग्रेस की देन है, जिस 2006 में लागू किया गया था। भाजपा सरकार ने धीरे-धीरे इस गारंटी को खत्म करना शुरू कर दिया है। राष्ट्रपिता का नाम तो हटा ही दिया है और इस कानून में कुछ नए प्रावधान कर दिए है, जिससे यह कानून पूरी तरह से कमजोर हो गया है। कांग्रेस ने कहा कि पहले मनरेगा पूरी तरह मांग आधारित कानून था और बजट में कोई सीमा नहीं थी, लेकिन अब केन्द्र सरकार यह तय कर रही है ।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विनय कुमार** पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम खिचड़ीपुर, कल्याणपुरी, पूर्वी दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 10/2023 धारा 356/379/411 भा.दं.सं. और 103 डीपी एक्ट थाना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विनय कुमार** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रुप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विनय कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 10/2023 धारा 356/379/411 भा.दं.सं. और 103 डीपी एक्ट थाना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **विनय कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **27.03.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: सुश्री मानसी मलिक,**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी- 02,**
**कमरा संख्या- 296ए, दूसरी मंजिल,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली।**

DP/1181/RLY/2026

# 12 फरवरी की हड़ताल होगी ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व 50 लाख से ज्यादा कर्मी होंगे शामिल: सुभाष लांबा

## राष्ट्रीय सम्मेलन में सुभाष लांबा को राष्ट्रीय अध्यक्ष व नरेश कुमार शास्त्री को उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ का 18वां राष्ट्रीय सम्मेलन 23 से 26 जनवरी को शिरडी महाराष्ट्र में संपन्न हुआ। सम्मेलन में सर्वसम्मति से 90 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यसमिति की गठन किया गया। जिसमें सुभाष लांबा हरियाणा को लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष, ए.श्री कुमार केरल को लगातार चौथी बार महासचिव, विश्वजीत गुप्ता चौधरी पश्चिम बंगाल व एमए अजीत कुमार केरल को साहयक महासचिव, शशिकांत राय बिहार को कोषाध्यक्ष व एचएस जयकुमार को साहयक





कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा नरेश कुमार शास्त्री हरियाणा, विद्यासागर आंध्र प्रदेश, सुबेश सिंह बिहार, टीके, सैफी केरल, तीर्थ सिंह बस्सी पंजाब, महावीर शर्मा राजस्थान, एम.जगदीश्वर तेलंगाना, सुथापा हाजरा पश्चिम बंगाल व शर्मिला ठाकुर झारखंड, को उप प्रधान और लिखाटेक अरुणाचल प्रदेश, अब्दुल रसीद नजार जम्मू.कश्मीर, शोभा लोकनागना कर्नाटक, एम.वी.शशिधरन केरल, ईश्वर जीत मणिपुर, जुबेंबो टेसनगलो नागालैंड, एनडी तिवारी पंजाब, जयंत दत्त मजुमदार त्रिपुरा व संदीप राय पश्चिम बंगाल के सचिव चुना गया है। कृष्ण कुमार नैन हरियाणा, दिपेन जोसंगपी मिजोरम व सोमा सुंदरम तमिलनाडु को सचिव मंडल सदस्य निर्वाचित किया गया है। सम्मेलन में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जरनैल सिंह, उप महासचिव संदीप सांगवान और आडिटर मुकेश खर्ब को राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य निर्वाचित किया गया है। 12 फरवरी की हड़ताल होगी ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व, 50 लाख से ज्यादा कर्मचारी होंगे शामिल अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा व उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने दावा किया है सरकार के जनविरोधी एवं मजदूर, कर्मचारी व किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रीय आम हड़ताल ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व होगी और 50 लाख से ज्यादा कर्मचारी शामिल होंगे। तैयारियों को गति तेज करने के लिए जत्था अभियान की शुरुआत 30 जनवरी को चंडीगढ़ और पंचकूला से करने जा रहा है।

## शीतलहर से बचाव के लिए किसानों को सलाह

# अत्यधिक ठंड से बढ़ती फसल बीमारियां समय पर प्रबंधन जरूरी: डॉ. बाबू लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. बाबू लाल ने किसानों को शीतलहर और पाले से फसलों को होने वाले नुकसान के प्रति सतर्क करते हुए बताया कि अत्यधिक ठंड के कारण फसलों सफेद रतुआ, लेट ब्लाइट जैसी अनेक बीमारियां फैल जाती हैं, जिससे अंकुरण, वृद्धि, पुष्पण, उपज तथा भंडारण क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि शीतलहर फसलों की समग्र उत्पादकता को गंभीर रूप से प्रभावित करती है, इसलिए समय पर उचित प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है।

डॉ. बाबू लाल ने शीतलहर से बचाव एवं उपचार के लिए किसानों को कई उपाय अपनाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि बोर्डो मिश्रण या कॉपर ऑक्सीक्लोराइड के साथ फास्फोरस व पोटेशियम का छिड़काव करने से जड़ों का बेहतर विकास होता है।

शीतलहर के दौरान हल्की एवं बार-बार सतही सिंचाई तथा जहां संभव हो स्प्रिंकलर सिंचाई का प्रयोग लाभकारी रहता है। उन्होंने ठंड एवं पाला प्रतिरोधी किस्मों की खेती, बागवानी में अंतर फसली खेती, सब्जियों की मिश्रित खेती तथा सरसों व अरहर जैसी लंबी फसलों को लगाने की सलाह दी। जिससे ठंडी हवाओं से सुरक्षा मिलती है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राकेश** पुत्र जय सिंह निवासी फुटपाथ पर कहीं भी (वेगाबॉन्ड) ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 487/2019 धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम थाना शास्त्री पार्क, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राकेश** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रुप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राकेश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 487/2019 धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम थाना शास्त्री पार्क, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **राकेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **12.03.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: सुश्री श्रुति सारस्वत,**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-03,**
**उत्तर-पूर्वी जिला, कमरा संख्या-22, प्रथम मंजिल,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली।**

DP/1165/NE/2026

## पुलिस ने स्कूलों में कई घंटे तक सर्च ऑपरेशन जारी रखा बाद में एसीपी विकास कौशिक ने इसे हॉक्स कॉल बताया

# स्कूलों को बम से उड़ाने की मिली धमकी स्कूल खाली करा चलाया सर्च ऑपरेशन

गुरुग्राम ▶▶ धर्मेंद्र कौशिक

साइबर सिटी गुरुग्राम के एक दर्जन से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से स्कूल प्रबंधन सहित शहर में हड़कंप मच गया। बुधवार की सुबह ईमेल के माध्यम से धमकी दी गई थी। जिसके चलते स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई। वहीं पुलिस व बम स्क्वायड की टीमों ने स्कूलों में कई घंटे तक सर्च ऑपरेशन जारी रखा और बाद में एसीपी विकास कौशिक ने इसे हॉक्स कॉल बताया। उन्होंने कहा कि स्कूलों को छुट्टी करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कोई निर्देश नहीं दिए गए थे। उधर, स्कूलों की ओर से मैसेज मिलने के बाद बड़ी संख्या में पैरेंट्स भी स्कूल पहुंचे और अपने बच्चों को घर ले आए। कुछ बच्चों को स्कूलों की ओर से तुरंत बसों में बैठाकर उनके घर भेजा गया।

**ईमेल में लिखा हरियाणा इज खालिस्तान:** ईमेल के माध्यम से गुरुग्राम व करनाल जिलों में धमकी मिलने की बात सामने आई। ईमेल में खालिस्तान व हरियाणा के सीएम नायब सैनी के नाम का जिक्र किया गया है। अंबर दुरहम नाम से आई इस ईमेल में लिखा है-हरियाणा इज खालिस्तान। यानि हरियाणा खालिस्तान है। यदि हरियाणा को पानी चाहिए, खालिस्तान का सपोर्ट करो। यहां बता दें कि हरियाणा और पंजाब के बीच लंबे समय सतलुज यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर का विवाद चल रहा है। दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों के बीच अब तक छह बैठकें हो चुकी है।

### स्कूलों ने पेरेंट्स को किया मैसेज

स्कूलों में बम की धमकी मिलने के बाद स्कूलों की ओर से पेरेंट्स के वाट्सएप ग्रुप में मैसेज कर अपने बच्चों को सुरक्षित घर जाने को लेकर मैसेज कर दिए। जिसमें लिखा- स्कूल को बम की धमकी वाला एक ईमेल मिला है, जो गुरुग्राम के कुछ अन्य स्कूलों को भी प्राप्त हुआ है। हालांकि यह एक फर्जी संदेश लग रहा है, फिर भी स्थानीय पुलिस को सूचित कर दिया गया है। पुलिस की टीम परिसर की जांच और सफाई के लिए स्कूल आ रही है। सभी छात्रों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है और इससे कोई समझौता नहीं किया जाएगा। कृपया घबराएं नहीं। इसी तरह सेक्टर-46 स्थित मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल में बम की धमकी वाले ईमेल के बाद स्कूल में छुट्टी कर दी गई। साथ ही, पेरेंट्स को सूचित किया गया कि एहतियात के तौर पर स्कूल बच्चों को जल्दी घर भेज रहा है। जो माता-पिता अपने साधन से बच्चों को लाते/ले जाते हैं, उनसे अनुरोध है कि वे जल्द से जल्द स्कूल पहुंचकर अपने बच्चे को ले जाएं।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 07 दिनांक 09.01.2026 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना सैक्टर 27 जिला सोनीपत ।**



गुमशुदा की पहचान
नाम- सुजाता ।
पति का नाम - हेमन्त ।
पता वासी उड़ीसा हाल जीवन विहार गली न0.5 सोनीपत हरियाणा ।
उम्र - 20 वर्ष ।
कद - 5 फुट ।
हुलिया:- रंग सांवला, सामान्य शरीर, गोल चेहरा, काले बाल, काली आखें, बाये हाथ पर टैटू का निशान।
पहनावा:- हरे रंग की सूट सलवार, नीले रंग की जैकेट व पैरों में चप्पल पहने हुए हैं।

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 09.01.026 को सुजाता पत्नी हेमन्त वासी उड़ीसा हाल जीवन विहार गली न0.5 सोनीपत जो अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कहीं चली गयी हैं। अब तक वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना सैक्टर 27 में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करें।

प्रबन्धक थाना 7419410535
अनुसंधानकर्ता मो0 न0 9466009965
कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903,100

पीआरडीएच-1084/11/4383/2026/42450/88/7 दि. 28.01.2026

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुनेश पुत्र श्री राम लाल निवासी WZ-15**, चौखंडी गांव, तिलक नगर, दिल्ली–110018 ने **C.A No. 50/2023 U/S 138 NI Act,** अन्तर्गत थाना तिलक नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुनेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुनेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **C.A No. 50/2023 U/S 138 NI Act,** अन्तर्गत थाना तिलक नगर के उक्त अभियुक्त **मुनेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री विजय शंकर**
**अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-04(पश्चिम)**
**कमरा नंबर 202, द्वतीय तल**
**तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली**

DP/1194/WD/2026(Court Matter)

## प्रतीक ने अपर्णा यादव के साथ तस्वीर पोस्ट कर लिखा, 'ऑल इज गुड'



लखनऊ। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेटे प्रतीक यादव ने पत्नी अपर्णा यादव के साथ एक तस्वीर पोस्ट की है जिसमें उन्होंने लिखा, ऑल इज गुड। कुछ दिन पहले दोनों के बीच विवाद होने की खबरें आई थीं पहले की पोस्ट में लिखा था कि अपर्णा को दे देंगे तलाक पहले की गई अपनी पोस्ट में प्रतीक यादव ने अपर्णा यादव को स्वार्थी बताया था और कहा था कि वो अपर्णा को तलाक दे देंगे।

## जनता दर्शन में सीएम योगी ने 150 लोगों की समस्याएं सुनीं!



गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि प्रदेश में अब दबंगई, जमीन कब्जा और अन्याय के लिए कोई जगह नहीं है। गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 150 फरियादियों की समस्याएं खुद सुनीं और अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा यदि किसी की जमीन पर भूमाफिया या दबंगों ने कब्जा किया है तो उसे तत्काल कब्जामुक्त कराया जाए। दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा न जाए।

इलाज में मिलेगी भरपूर मदद

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

# पेज एक का शेष

## मौत का वो एक मिनट...

मौके पर पहुंचीं। इलाके को सील कर जांच शुरू कर दी गई, जबकि पूरे राज्य में शोक की लहर दौड़ गई। शुरुआती जांच में हादसे की वजह खराब मौसम और कम विजिबिलिटी को बताया जा रहा है। बारामती में हुए विमान हादसे में उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के बाद पूरा इलाका शोक में डूब गया। परिवार से मिलने पहुंचीं सुप्रिया सुले और सुनेत्रा पवार परिवार से मिलते ही फूट-फूट कर रोने लगीं। फिलहाल अब अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही है। गुरुवार को 11 बजे पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया जाएगा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के बाद शोक का माहौल है। राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उनकी पत्नी और राज्यसभा सांसद सुनेत्रा पवार से मुलाकात की। पीएम नरेंद्र मोदी ने दुख जताया और कहा कि गरीबों-वंचितों को सशक्त बनाने का अजित पवार का जुनून उल्लेखनीय था। सीएम फडणवीस का कहना है कि अजित पवार को खोना बहुत बड़ा नुकसान है, जिसकी कभी भरपाई नहीं की जा सकती है। सीएम ने अपनी सभी बैठकें रद कर दी हैं।

**विमानन मंत्री राममोहन नायडू ने बताया- पायलट ने कहा था- रनवे दिख गया, फिर कैसे क्रैश हुआ प्लेन** : महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के विमान हादसे में निधन की घटना पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक विस्तृत रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में उस चार्टर्ड विमान के क्रैश होने से पहले की घटनाओं का मिनट-दर-मिनट ब्योरा दिया गया है। शुरुआती जांच में हादसे की वजह खराब मौसम और कम विजिबिलिटी को बताया जा रहा है।

केंद्रीय विमानन मंत्री राममोहन नायडू ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि शुरुआती जानकारी के मुताबिक सुबह करीब 8:48 बजे लैंडिंग के समय विजिबिलिटी कम थी। डीजीसीए और एएआईबी की टीम जांच कर रही है। लैंडिंग से पहले एटीसी बारामती से संपर्क होने पर पायलट ने बताया कि रनवे दिखाई नहीं दे रहा। रनवे साफ न दिखने पर विमान हवा में चक्कर लगाता रहा। दूसरी बार भी लैंडिंग की कोशिश की गई, लेकिन विजिबिलिटी नहीं थी। थोड़ी देर बाद पायलट ने दोबारा लैंडिंग की कोशिश की। पहले पायलट्स की तरफ से एटीसी के सवाल का जवाब नहीं आया, लेकिन कुछ समय बाद पायलटों ने रनवे साफ दिखने की बात कही, इसके बाद एटीसी ने लैंडिंग की क्लीयरेंस दे दी। हालांकि, थोड़ी ही देर बाद विमान क्रैश की खबर आ गई। पूरे घटनाक्रम की विस्तार से जांच हो रही है।

**बारामती एक अनियंत्रित हवाई अड्डा है, जहां पूरी तरह से एटीसी यूनिट नहीं** : मंत्रालय के अनुसार यह रिपोर्ट हवाई अड्डे पर मौजूद एटीसी सर्विस के एक कर्मचारी के बयान के आधार पर तैयार की गई है। बारामती एक अनियंत्रित हवाई अड्डा है, जहां पूरी तरह से एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) यूनिट नहीं है। यहां उड़ान प्रशिक्षण संगठनों के प्रशिक्षक या पायलट ही यातायात की जानकारी देते हैं। विमान की पहचान VI-SSK के रूप में हुई है।

**हादसे से पहले क्या हुआ था?- रनवे पहले नहीं दिखा, जब दिखा तो लैंडिंग सही नहीं हो पाई** : मंत्रालय के मुताबिक 28 जनवरी 2026 को वीआई-एसएसके विमान ने सुबह 8 बजकर 18 मिनट पर पहली बार बारामती से संपर्क किया। इसके बाद विमान ने तब संपर्क साधा जब वह बारामती से 30 समुद्री मील दूर था। उस समय पायलट को अपने विवेक से विजुअल मेट्रोलॉजिकल कंडीशन में नीचे उतरने की सलाह दी गई थी। इसके तुरंत बाद पायलट ने हवा की गति और विजिबिलिटी के बारे में पूछा। उन्हें बताया गया कि हवा शांत है और विजिबिलिटी लगभग 3000 मीटर है। फिर विमान ने रनवे 11 पर अंतिम लैंडिंग की तैयारी की सूचना दी, लेकिन साथ ही यह भी बताया कि रनवे नजर नहीं आ रहा है। इसके बाद पायलट ने लैंडिंग न करके विमान को वापस ऊपर उड़ा लिया। जब विमान दोबारा चक्कर लगाकर आया, तो पायलट ने फिर से रनवे 11 पर उतरने की सूचना दी। उनसे कहा गया कि जब रनवे दिखे तो बताएं। पायलट ने जवाब दिया-अभी रनवे नहीं दिख रहा है, दिखने पर बताएंगे। कुछ सेकंड बाद उन्होंने बताया कि उन्हें रनवे दिख गया है। सुबह 8 बजकर 43 मिनट पर विमान को रनवे 11 पर उतरने की मंजूरी दे दी गई। मंत्रालय ने कहा कि पायलट ने लैंडिंग की मंजूरी मिलने की कोई सूचना वापस नहीं दी। ठीक एक मिनट बाद 8 बजकर 44 मिनट पर हवाई अड्डे के कर्मचारियों ने रनवे 11 के पास आग की लपटें देखीं। विमान का मलबा रनवे के बाईं ओर पाया गया।

**ममता बेनर्जी बोलीं-सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच हो**: -सीएम ममता बेनर्जी ने इस घटना की ने जांच की मांग की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित कई विपक्षी नेताओं ने उनकी इस मांग का समर्थन किया। ममता बेनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसी घटनाएं सच साबित होती हैं, तो यह राजनीतिक नेतृत्व की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जांच एजेंसियों की स्वतंत्रता को लेकर सवाल उठ रहे हैं, इसलिए इस मामले में पारदर्शी जांच बेहद जरूरी है।

**अबतक 200 बार दुर्घटनाग्रस्त हो चुका है लियरजेट प्लेन** : 860 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भरने वाला ये विमान महज 18-20 मिनट में 41 हजार फीट की ऊंचाई तक पहुंचने में सक्षम है। इस प्लेन में 6 लोग आसानी से बैठ सकते हैं। लियरजेट प्लेन में 2 प्रैट एंड व्हिटनी टर्बोफैन इंजर लगे हैं, जिससे ईंधन की भी काफी बचत होती है। ये विमान एक बार में 4000 किलोमीटर तक की यात्रा करने में सक्षम है। लियरजेट वाई-फाई, सैटेलाइट फोन, डिजिटल फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम और एडवांस नेविगेशन की सुविधाओं से लेस है। 1960 में पॉवेल लीयर ने लियरजेट की नींव रखी थी। बाद में बॉम्बार्डियर एयरोस्पेस ने इसका अधिग्रहण कर लिया। 2021 में कंपनी ने लियरजेट प्लेन बनाना बंद कर दिया था। मगर, पुराने प्लेन का रखरखाव जारी है। अब तक दुनिया में 200 लियरजेट प्लेन दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। वीएसआर एविएशन के मालिक वीके सिंह ने कहा कि सारे विमान फिट हैं।

बारामती विमान हादसे में इन लोगों ने गंवाई जान?

अजित पवार (उप मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र): वह पहली बार 1991 में बारामती संसदीय क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए और बाद में उन्होंने अपने चाचा शरद पवार के लिए यह सीट खाली कर दी। वे बारामती विधानसभा क्षेत्र से सात बार महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुने गए। उन्होंने पहली बार 1991 के उपचुनाव में जीत हासिल की और उसके बाद 1995, 1999, 2004, 2009 और 2014 में भी जीत दर्ज की। नवंबर 2019 में उन्होंने एनसीपी के एक धड़े के साथ भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हुए और उपमुख्यमंत्री बने।

**कैप्टन सुमित कपूर (पायलट)**: कैप्टन सुमित कपूर इस फ्लाइट के सीनियर और बेहद अनुभवी पायलट थे। टेक-ऑफ और लैंडिंग जैसे अहम समय पर वे पूरे फ्लाइट क्रू की जिम्मेदारी संभालते थे। उनके पास 16,000 घंटे से ज्यादा उड़ान का अनुभव था। वे पहले सहारा, जेटलाइन और जेट एयरवेज जैसी बड़ी एयरलाइनों के साथ काम कर चुके थे।

**विदीप जाधव (पीएसओ)**: कैप्टन शांभवी पाठक (सह-पायलट): शांभवी पाठक ने ग्वालियर के एयरफोर्स स्कूल से पढ़ाई की और वहीं से उड़ान भरने का सपना देखा। इसके बाद उन्होंने मुंबई यूनिवर्सिटी से एयरोनॉटिक्स और एविएशन की पढ़ाई की। अपने सपनों को पंख देने के लिए शांभवी ने न्यूजीलैंड जाकर कमर्शियल पायलट की ट्रेनिंग ली। उनके पास कमर्शियल पायलट लाइसेंस के साथ फ्लाइट इंस्ट्रक्टर रेटिंग (ए) भी थी, जो उनकी तकनीकी क्षमता को दर्शाती है। कैप्टन (फर्स्ट ऑफिसर) शांभवी एक आर्मी ऑफिसर की बेटी थीं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत मध्य प्रदेश फ्लाइंग क्लब से की। मेहनत और लगन के दम पर वह आगे बढ़ीं और बाद में वीआरएस एविएशन से जुड़ गईं। यहां वह लियरजेट जैसे अत्याधुनिक बिजनेस जेट उड़ाने लगीं। अगस्त 2022 से वह कॉर्पोरेट चार्टर ऑपरेशंस का हिस्सा थीं।

**पिंकी माली (फ्लाइट अटेंडेंट)** : फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी माली मूल रूप से जौनपुर जिले के केराकत तहसील की रहने वाली थीं। पिंकी माली पिछले पांच-छह वर्षों से फ्लाइट अटेंडेंट के तौर पर काम कर रही थीं।

## किसी भी आतंकी ...

पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर ऐसा भीषण हमला बोला कि दुश्मन संघर्षविराम करने के लिए गिड़गिड़ाने लगा। उसके इस प्रस्ताव को भारत ने स्वीकार किया और उसके बाद से दोनों देशों के बीच 10 मई की शाम 5 बजे से संघर्षविराम लागू है। हालांकि भारत ने दुश्मन को ये साफ संदेश भी दे दिया है कि भविष्य में अगर उसने कोई आतंकी हमला किया तो उसके खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जाएगी।

**एनडीए से निकला महिला कैडेट्स का बैच** : उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले ही राष्ट्रीय डिफेंस अकादमी (एनडीए) से महिला कैडेट्स का पहला बैच उत्तीर्ण (पास-आउट) होकर निकला है। यह घटना एक बड़ा मील का पत्थर है। जिसने यह साबित कर दिया है कि देश के विकास और सशक्तिकरण में नारी शक्ति सबसे आगे खड़ी है। पिछले साल भारत का रक्षा उत्पादन 1.50 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। साथ ही रक्षा निर्यात 23 हजार करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। मेड इन इंडिया रक्षा हथियारों, उपकरणों पर दुनिया का भरोसा मजबूत हुआ है। मेरी सरकार देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार ठोस प्रयास करने में लगी हुई है।

दोहराई गुरु तेग बहादुर की सीख : राष्ट्रपति मुर्मू ने सिखों के नौवें गुरु तेग बहादुर जी के प्रसिद्ध दोहे को याद करते हुए कहा कि उनका कहना था कि 'भै काहू कउ देत नहिं, नहिं भय मानत आनि...' यानी ज्ञानी या निडर व्यक्ति न किसी को डराता है और न ही किसी से डरता है। हम इसी निडर भावना से देश की सुरक्षा को सुनिश्चित कर सकते हैं। भारत ने यह साबित किया है कि शक्ति का प्रयोग उत्तरदायित्व और विवेक के साथ किया जा सकता है।

## स्वास्थ्य परिषदों को ...

प्रशिक्षण के उपरांत घर बैठे ही ऑनलाइन पंजीकरण करके कार्य करने के लिए प्रमाण पत्र ले सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिस्टम युवाओं के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, रिन्यूअल, सर्टिफिकेट जारी करने, प्रोफाइल मैनेजमेंट और रोजगार से संबंधित जानकारी जैसी सेवाओं की पहुंच प्रदान करेगा। यह पोर्टल स्वास्थ्य पेशेवरों और स्वास्थ्य संस्थानों के बीच रोजगार के अवसरों के लिए बेहतर लिंक स्थापित करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पोर्टल के माध्यम से यह योजना चरणबद्ध तरीके से लागू की जा रही है। पहले चरण में मेडिकल कांउसिल, डेंटल कांउसिल, फार्मेसी कांउसिल, आयुष और होम्योपैथी परिषदों को जोड़ा गया है। इसके बाद दूसरे चरण में नर्सिंग और फिजियोथेरेपिष्ट परिषदों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। इसके बाद पोर्टल को जल्द ही सरल पोर्टल से लिंक किया जाएगा ताकि सभी प्रक्रिया ऑनलाइन पंजीकरण से ही पूरी की जा सकें।

मुख्यमंत्री ने राज्य में विभिन्न स्वास्थ्य परिषदों के लिए इंटीग्रेटेड वेब पोर्टल, मोबाइल एप्लिकेशन और जॉब पोर्टल को भी औपचारिक रूप से लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि अब फार्मेसी, डेंटल सहित पांच परिषदों में युवक युवतियों पंजीकरण आसान हो जाएगा। इस अवसर स्वास्थ्य मंत्री सुश्री आरती सिंह राव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा और स्वास्थ्य सचिव रिपुदमन सिंह ढिल्लों सहित सभी कांउसिलों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## ईयू संग मुक्त व्यापार ...

नजर आ रहा है। जैसे ही ये समझौता लागू होगा। उसके बाद यूरोपीय बाजारों तक भारत की पहुंच बढ़ेगी यानी वो टॉप पर रहेगा'। ग्रीर ने फॉक्स बिजनेस को दिए एक हालिया साक्षात्कार में यह बातें कही हैं।

**अमेरिकी व्यापार नीति में सख्ती का परिणाम** : ग्रीर ने ये भी कहा कि अमेरिका द्वारा व्यापार नीति में की गई सख्ती का यह परिणाम है कि ईयू जैसे कई अन्य देश अब दुनिया के बाकी देशों में विकल्पों के रूप में नए बाजार तलाशने लगे हैं। जिसमें वह भारत के रूप में एक बड़े और तेजी से उभरते हुए बाजार की तरफ देख रहे हैं। समझौते से लगता है कि यूरोपीय संघ द्वारा भारत को कुछ अतिरिक्त आप्रवासन अधिकार भी दिए जा सकते हैं। ईयू आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन पहले ही यूरोप में भारतीय कर्मियों की गतिशीलता बढ़ाने पर जोर दे चुकी हैं। उधर, ट्रंप प्रशासन ने अपनी नीति में सख्ती करते हुए टैरिफ बढ़ाने जैसे कई फैसले लिए हैं। साथ ही हम घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। इसी कवायद के तहत हमने बाकी देशों के उत्पादों की अमेरिका में एंट्री को सख्त बनाया है।

**ईयू नेताओं की यात्रा से बढ़ेगी साझेदारी** : इन सबके बीच विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि ईयू के दोनों शीर्ष नेताओं उर्सुला वॉन डेर लेयेन और एंटोनियो दा कोस्टा की तीन दिवसीय ऐतिहासिक भारत यात्रा का समापन हो गया है। जिसके परिणामस्वरूप कुल 13 निष्कर्ष निकले हैं। जो कि भारत और यूरोपीय संघ की रणनीतिक साझेदारी और उससे जुड़ी हुई व्यापकता को बढ़ाएंगे। निष्कर्षों से हमारे उत्पादों और सेवाओं के लिए बाजार पहुंच में सुधार होगा, रोजगार के और अधिक अवसर बनेंगे। जिससे हमारे लोगों की प्रगति को समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा कि यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष 27 जनवरी की शाम में और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो दा कोस्टा 28 जनवरी को भारत से रवाना हुए।

## नित्यानंद राय ने किया ...

राय ने कहा कि 'वंदे मातरम' वह अमर गीत है जिसने स्वतंत्रता संग्राम को दिशा दी और आज भी राष्ट्रसेवा की भावना को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में गृह मंत्रालय तटीय सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसमें नागरिकों, विशेषकर तटीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। सीआईएसएफ के महानिदेशक प्रवीर रंजन ने कहा कि वंदे मातरम तटीय साइक्लोथॉन–2026 राष्ट्रीय एकता, बलिदान और सामूहिक संकल्प का प्रतीक है। यह पहल नागरिकों को देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगी।

## 52 तटीय गांव...

भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यह पहल युवाओं में फिटनेस, अनुशासन, स्वस्थ जीवनशैली और राष्ट्रसेवा की भावना को प्रोत्साहित करती है। साथ ही नशा तस्करी, ड्रग्स और अवैध गतिविधियों के खिलाफ जन-जागरूकता, स्वच्छता अभियान और पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष जोर दिया जाएगा।

**विकसित भारत 2047 के अनुरूप**

'वंदे मातरम' तटीय साइक्लोथॉन–2026 विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप तटीय क्षेत्रों को सशक्त बनाने, समुदायों को मजबूत करने और एक सतर्क, जिम्मेदार नागरिक समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।








स्पेशल
वर्ल्ड कैंसर डे
4 फरवरी

डॉक्टर्स एडवाइस

विवेक शुक्ला

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कैंसर दुनिया भर में होने वाली मौतों का हृदय रोगों के बाद दूसरा सबसे बड़ा कारण है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज इंफॉर्मेटिक्स एंड रिसर्च, बेंगलुरु के अनुसार 13.9 लाख व्यक्ति सन 2020 में भारत में कैंसर से ग्रस्त थे और दुनिया भर में 7.5% कैंसर मरीज भारतीय हैं। ऐसे आंकड़े कैंसर को लेकर हमारी चिंता बढ़ाते हैं। लेकिन सुखद है कि नए रिसर्च के अनुसार इसे कंट्रोल करना और समय रहते पता चलने पर ट्रीटमेंट संभव है। कैंसर से जुड़ी बहुत यूजफुल इंफॉर्मेशंस यहां दे रहे हैं।

# अवेयरनेस-प्रिकॉशन से संभव है कैंसर से बचाव



अमेरिकन सोसायटी ऑफ क्लिनिकल ऑन्कोलॉजी के अनुसार, वे दिन अब बीत चुके हैं, जब कैंसर को मृत्यु की पूर्व-चेतावनी माना जाता था। ऐसा इसलिए है क्योंकि पिछले दो दशकों में कैंसर की जांच और उपचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, जिसके कारण इससे छुटकारा पाने और पुनः स्वस्थ होने की संभावनाएं पहले की तुलना में काफी बढ़ गई हैं।

इसके बावजूद भारत के संदर्भ में आज भी विभिन्न प्रकार के कैंसर के तीसरे और चौथे चरण में पहुंचे अधिकांश मरीज असमय मृत्यु का शिकार हो रहे हैं। साथ ही, देश के ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में कैंसर से जुड़े अनेक मामले आज भी रिपोर्ट नहीं हो पाते। स्पष्ट है कि यह एक गंभीर समस्या है।

## कैंसर क्यों होता है

अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार, कैंसर सामान्यतः कोशिकाओं के डीएनए में होने वाले म्यूटेशन के कारण होता है। डीएनए में मौजूद जीन कोशिकाओं को यह निर्देश देते हैं कि उन्हें कैसे बढ़ना है, कितनी बार विभाजित होना है और किस प्रकार कार्य करना है। जब डीएनए में कोई गड़बड़ी उत्पन्न हो जाती है, तो कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं, जो आगे चलकर कैंसर का कारण बनती हैं।

## लक्षणों पर दें ध्यान

जिस अंग में कैंसर होता है, उससे संबंधित लक्षण प्रकट होते हैं। उदाहरण के लिए, फेफड़ों के कैंसर में सांस लेने में तकलीफ होती है, जबकि यकृत (लिवर) कैंसर में भूख न लगना और पाचन संबंधी समस्याएं होती हैं। हालांकि कुछ सामान्य लक्षण भी हो सकते हैं-

किसी घाव या जख्म का लंबे समय तक न भरना। बिना कारण वजन घटना (6 महीनों में 10% से अधिक)। त्वचा के भीतर गांठ महसूस होना, जो तेजी से बढ़ रही हो (ध्यान रखें, हर गांठ कैंसर नहीं होती है)। शरीर के किसी हिस्से में लगातार सूजन होना। खून की कमी (एनीमिया)। बार-बार बुखार आना। मल या मूत्र में रक्त आना। लंबे समय तक थकान या अस्वस्थता महसूस होना। मस्सों या तिलों के रंग, आकार या बनावट में बदलाव। भूख में लगातार कमी होना। इन लक्षणों के दिखने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें।

## कैंसर के कारण

लगभग 10% कैंसर आनुवंशिक होते हैं, जबकि शेष 90% कैंसर अस्वास्थ्यकर जीवनशैली के कारण उत्पन्न होते हैं, जो जीन में म्यूटेशन का कारण बनती है। रिस्क फैक्टर्स में शामिल हैं- जंक फूड का सेवन अधिक करना। लंबे समय तक जंक और पैकेज्ड फूड का सेवन पेट व बड़ी आंत (कोलन) के कैंसर का खतरा बढ़ाता है, क्योंकि इनमें पोषक तत्व कम और वसा, नमक व तेल अधिक होते हैं। धूम्रपान से फेफड़ों में हानिकारक रसायन पहुंचते हैं, जो जीन में विकृति पैदा करते हैं। फेफड़ों के कैंसर का यह प्रमुख कारण है। किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन मुंह, जीभ, गाल और गले के कैंसर का खतरा बढ़ाता है। नियमित व्यायाम न करने से मोटापा बढ़ता है, जो स्तन, गर्भाशय और बड़ी आंत के कैंसर का कारण बन सकता है। बढ़ता वायु प्रदूषण, खासकर वाहनों से निकलने वाला धुआं, फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ाता है। अधिक और नियमित शराब सेवन कोशिकाओं की जेनेटिक संरचना को नुकसान पहुंचाता है और कैंसर के जोखिम को बढ़ाता है। ऐसे में स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर और नशे की आदतें छोड़कर कैंसर से काफी हद तक बचाव संभव है।

## उपचार के तरीके

पिछले कुछ वर्षों में कैंसर उपचार में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पहले जहां चौथे चरण के कैंसर में औसत जीवन अवधि लगभग 6 महीने थी, वहीं अब यह 4–5 वर्ष या उससे अधिक हो सकती है। यदि कैंसर का पता पहले या दूसरे चरण में चल जाए, तो अधिकांश मामलों में पूर्ण उपचार संभव है। कई उपचार पद्धतियां कारगर हो सकती हैं। पहले की तुलना में कीमोथेरेपी में साइड इफेक्ट्स कम होते हैं। ह्यूमन जीनोम प्रोफाइलिंग और टारगेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को सक्रिय करता है, भी कारगर हैं।



## महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसर

भारत में महिलाओं में सबसे अधिक पाए जाने वाले कैंसरों में स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर, अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर तथा गर्भाशय का कैंसर प्रमुख हैं। समय पर जांच और जागरूकता से इन कैंसरों की पहचान शुरुआती अवस्था में संभव है।

**स्तन कैंसर:** स्तन कैंसर के संभावित कारणों में देर से रजोनिवृत्ति (मेनोपॉज) होना, लंबे समय तक हार्मोनल गर्भनिरोधक गोलियों का सेवन कुछ मामलों में जोखिम बढ़ा सकता है, हार्मोनल असंतुलन, शारीरिक गतिविधि की कमी, मोटापा तथा कम अवधि तक स्तनपान कराना, बीआरसीए-1, बीआरसीए-2 तथा पी-53 जैसे जीन में उत्परिवर्तन (म्यूटेशन), शामिल हैं।

**प्रमुख लक्षण:** स्तन या बगल के पास कठोर गांठ, जो प्रायः दर्द रहित होती है। स्तन की त्वचा में लालिमा, मोटापन या सिकुड़न। निप्पल से तरल का स्राव, जिसमें कभी-कभी खून भी हो सकता है। निप्पल का अंदर की ओर धंसना या उसमें जलन। स्तन के आकार या बनावट में बदलाव

**रोकथाम:** चिकित्सक से परामर्श लेकर नियमित रूप से स्तन की स्व-परीक्षा करना, आवश्यकतानुसार मैमोग्राफी कराना, स्वस्थ जीवनशैली अपनाना और वजन नियंत्रित रखना, नियमित व्यायाम एवं प्राणायाम करना, अधिक समय तक स्तनपान कराने से स्तन कैंसर का जोखिम कम होता है।

**उपचार:** जांचों के बाद रोग की अवस्था के अनुसार कैंसर विशेषज्ञ सर्जरी, रेडिएशन थेरेपी, कीमोथेरेपी, हार्मोनल थेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी अथवा इम्यूनोथेरेपी में से उपयुक्त उपचार का चयन करते हैं।

**सर्वाइकल कैंसर:** गर्भाशय के निचले हिस्से को गर्भाशय ग्रीवा कहा जाता है। इसी भाग से उत्पन्न होने वाले कैंसर को सर्वाइकल कैंसर कहा जाता है।

**कारण:** सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) का लंबे समय तक शरीर में बना रहना है, जो यौन संपर्क के माध्यम से फैलता है।

**लक्षण:** माहवारी के बीच या बाद में असामान्य रक्तस्राव, शारीरिक संबंध के बाद रक्तस्राव या दर्द, रजोनिवृत्ति के बाद रक्तस्राव, पेशाब करते समय दर्द या जलन।

**उपचार:** प्रारंभिक अवस्था में सर्जरी या रेडिएशन थेरेपी की जाती है। उन्नत अवस्था में कीमोथेरेपी के साथ रेडिएशन थेरेपी दी जाती है।

**रोकथाम:** एचपीवी संक्रमण से बचाव के लिए टीके उपलब्ध हैं। कैंसर-पूर्व परिवर्तनों की पहचान हेतु पैप स्मीयर एवं एचपीवी टेस्ट किए जाते हैं। नियमित जांच से सर्वाइकल कैंसर का समय रहते पता लगाया जा सकता है।



**ओवेरियन कैंसर:** ओवेरियन कैंसर अंडाशय में होता है, जिसमें असामान्य गांठ या ट्यूमर विकसित हो सकता है, जो कई बार सिस्ट के रूप में दिखाई देता है।

**लक्षण:** पेट में सूजन या लगातार दर्द। भूख न लगना या जल्दी पेट भर जाना। पेट के निचले हिस्से में भारीपन। बार-बार पेशाब की इच्छा। कब्ज या पाचन संबंधी परेशानी।

**संभावित कारण:** कम उम्र में माहवारी का शुरू होना। देर से रजोनिवृत्ति होना, मोटापा, लगभग 10% मामलों में आनुवांशिक कारण, बीआरसीए-1 और बीआरसीए-2 जीन में उत्परिवर्तन होने पर जीवनकाल में ओवेरियन कैंसर का खतरा 40–50% तक बढ़ सकता है।

**बचाव:** जिन महिलाओं के परिवार में स्तन, ओवेरियन, कोलोन या पैंक्रियाज कैंसर का इतिहास हो, उन्हें विशेषज्ञ से परामर्श लेकर नियमित जांच करानी चाहिए। नियमित व्यायाम एवं वजन नियंत्रण से जोखिम कुछ हद तक कम किया जा सकता है।

**उपचार:** रोग की अवस्था के अनुसार सर्जरी, कीमोथेरेपी, हार्मोन थेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी तथा कुछ मामलों में रेडियोथेरेपी का उपयोग किया जाता है।

**फेफड़ों का कैंसर:** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, विभिन्न प्रकार के कैंसर से होने वाली कुल मौतों में फेफड़ों का कैंसर सबसे प्रमुख कारण है।

**कारण:** फेफड़ों के कैंसर का सबसे मुख्य कारण धूम्रपान और तंबाकू का सेवन है। इसके अतिरिक्त, जो लोग धूम्रपान करने वालों के संपर्क में रहते हैं, उन्हें भी कैंसर होने का खतरा रहता है। ऐसे व्यक्तियों को पैसिव स्मोकर कहा जाता है। इसके अलावा, लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण, धुआं, धूल और वायु प्रदूषण के संपर्क में रहना भी फेफड़ों के कैंसर का कारण बन सकता है।

**लक्षण:** सांस लेने में तकलीफ, बार-बार खांसी आना, सीने में घरघराहट, सीने में दर्द, खांसी या थूक में खून आना।

**जांच:** छाती का एक्स-रे, सीटी स्कैन/ पैट-सीटी स्कैन, एमआरआई, रक्त एवं मूत्र परीक्षण, बायोप्सी, ब्रोंकोस्कोपी।

**उपचार:** फेफड़ों के कैंसर के उपचार के प्रमुख तरीके निम्नलिखित हैं। प्रारंभिक अवस्था में कैंसर का इलाज सर्जरी द्वारा संभव है। रेडिएशन थेरेपी में फोटॉन थेरेपी एवं प्रोटॉन थेरेपी शामिल हैं। उच्च ऊर्जा विकिरण द्वारा कैंसर कोशिकाओं को नष्ट किया जाता है। एक्सटर्नल बीम रेडिएशन थेरेपी से अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। जब कैंसर फेफड़ों से अन्य अंगों में फैल चुका हो, तब कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी एवं टार्गेटेड थेरेपी की आवश्यकता होती है।

**बचाव के उपाय:** प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने वाला संतुलित आहार लें। हरी सब्जियाँ, मौसमी फल और साबुत अनाज का सेवन करें। जंक फूड से बचें। धूम्रपान न करें। प्रदूषित वातावरण में मास्क का उपयोग करें।

**मुंह-गले का कैंसर:** मुंह और गले का कैंसर विश्व में होने वाले कैंसरों में छठे स्थान पर आता है। यह कैंसर मुंह से लेकर गले तक के किसी भी हिस्से में हो सकता है।

**लक्षण:** मुंह में घाव जो लंबे समय तक ठीक न हो, भोजन या पानी निगलने में कठिनाई, खाने में दर्द, दांतों का जीभ में लगना, आवाज में बदलाव, मुंह कम खुलना, जीभ बाहर निकालने में परेशानी, गले में दर्द या गांठ महसूस होना।

**कारण:** तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट और अत्यधिक शराब का सेवन इस कैंसर के मुख्य कारण हैं। पान, गुटखा और सुपारी के सेवन से मुंह में बार-बार छाले होना कैंसर के खतरे को बढ़ा देता है।

**उपचार:** यदि मुंह एवं गले के कैंसर का प्रारंभिक अवस्था में निदान हो जाए, तो बायोप्सी के बाद सर्जरी द्वारा इलाज संभव है। दूसरी या तीसरी अवस्था में कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी दी जाती है। आधुनिक तकनीकों जैसे रोबोटिक सर्जरी, इम्यूनोथेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी ने उपचार को अधिक सटीक और सफल बनाया है। *

**(डॉ. राजेश मिस्त्री, सीनियर डायरेक्टर (ग्रुप)-ऑन्कोलॉजी, कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई और डॉ. सभ्यता गुप्ता, चेयरपर्सन-डिपार्टमेंट ऑफ गायनेकोलॉजी, गायनी ऑन्कोलॉजी एंड रोबोटिक सर्जरी, मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम से बातचीत पर आधारित)**

सजेशन

डॉ. माजिद अलीम

# इन दिनों अगर बढ़ जाए गैस-एसिडिटी की समस्या

सर्दी के दिनों में ठंड लगने से, खाने के न पचने से पेट में गैस की समस्या बढ़ जाती है। इससे पेट में मरोड़ उठती है, कई बार दर्द असहनीय हो जाता है। वैसे कई लोगों के लिए तो यह हर मौसम की समस्या होती है। लेकिन सर्दी के दिनों में यह कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती है, जिसकी वजह है बार-बार चाय-कॉफी पीना, पकौड़े खाना, टमाटर सूप में बटर डालकर पीना आदि। इन तमाम वजहों के अलावा लाइफस्टाइल से जुड़ी आदतों के कारण भी एसिडिटी और गैस की समस्या होती है। इससे बचने के लिए ये उपाय आजमा सकते हैं।

**लिक्विड:** सर्दी हो या गर्मी पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए क्योंकि पानी ही हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त रखता है। पानी हमें कब्ज से बचाता है और भोजन को वेस्ट में बदलता है। लेकिन भोजन के साथ पानी न पिएं। भोजन से 10 मिनट पहले और आधे घंटे बाद पानी पीना चाहिए। जिससे पेट में गैस नहीं बनती। पानी के अलावा प्रतिदिन ताजा जूस पिएं। पेट में गैस बनने की स्थिति में नीबू पानी पीना भी फायदेमंद होता है। कैफीनयुक्त ड्रिंक्स जैसे कोल्ड ड्रिंक, चाय, कॉफी ये सभी हमारी पाचनक्रिया पर बुरा असर डालते हैं और इनकी वजह से अपच की समस्या में इजाफा होता है। इन ड्रिंक्स की बजाय हर्बल टी, दूध या सादा पानी अपच की समस्या से काफी राहत दिलाता है।



**फाइबर्स:** रेशेदार भोज्य पदार्थ हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त करते हैं। मैदे की बजाय गेहूं की ब्रेड, ब्राउन राइस, ज्वार, बाजारा, मक्का, जौ, बींस, फल और सब्जियों को अपने नियमित आहार में शामिल करें।

**प्रो-बायोटिक्स:** प्रो-बायोटिक्स ऐसे प्राकृतिक बैक्टीरिया हैं जो हमारे शरीर में मौजूद होते हैं। आजकल बाजार में प्रो-बायोटिक्स दूध, ड्रिंक्स, दही और आइसक्रीम मिलती है, जिनके सेवन से अपच की समस्या को दूर किया जा सकता है।

**वसा:** पिज्जा, बर्गर के बजाय लो फैट फूड्स खाने से अपच से होने वाले दर्द से तो बच सकते हैं, साथ ही वजन बढ़ने की समस्या से भी निजात पा सकते हैं।

**मसाले:** ज्यादा मसालेयुक्त खाने से भी सीने में जलन और पेट में गैस होती है। अपच की समस्या होने पर इन्हें खाने से परहेज रखें।

**जीवनशैली:** इन दिनों वही भोजन करें, जो आसानी से पच जाए। अपने मेटाबॉलिज्म, आयु, वजन और काम की शैली के अनुरूप भोजन करना चाहिए ताकि आप फिट रह सकें। नियमित व्यायाम करें। *



डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब सुबह के समय जोड़ों में हो दर्द



**मेरी उम्र 38 वर्ष है। सुबह सोकर उठने और देर तक बैठने के बाद उठने पर घुटनों और शरीर के अन्य जोड़ों में जकड़न महसूस होती है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अंकुर, रायपुर**

इस तरह की समस्या आपको सर्दियों में होती है या गर्मियों में भी, क्योंकि सर्दी के मौसम में हड्डियों संबंधी समस्या काफी देखी जाती है। आपको नियमित रूप में सुबह-शाम एक्सरसाइज शुरू कर देनी चाहिए। साथ ही एक बार आप कैल्शियम और विटामिन डी की जांच करवा लें और अगर कमी हो तो डॉक्टर से संपर्क कर इसकी दवा शुरू कर सकते हैं। पर आपको एक्सरसाइज जरूर करनी चाहिए।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। कुछ समय से मुझे जबड़े में अकड़न लगती है और यह पूरी तरह खुलता भी नहीं है। मैं कई वर्षों से स्मोकिंग करता हूं। कृपया बताएं, ये लक्षण किसी गंभीर बीमारी के संकेत तो नहीं हैं?**

**-कल्पेश, बिलासपुर**

आप स्वयं बता रहे हैं कि लंबे समय से स्मोकिंग कर रहे हैं, लेकिन आपने यह नहीं बताया क्या आप गुटखा भी खातें हैं? क्योंकि समान्य तौर पर स्मोकिंग का सीधा असर जबड़े पर नहीं पड़ता। लेकिन इसके लिए आपको एक बार डॉक्टर से जरूर संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि जबड़ा ना खुलने का कारण पता लगने पर उसका ट्रीटमेंट शुरू हो सकेगा।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। मुझे भूख बहुत कम लगती है। कुछ भी खाने के बाद खट्टी डकारें आने लगती हैं। कभी-कभी पेट में दर्द भी होने लगता है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए, कृपया समाधान बताएं।**

**-अमरेंद्र, महेंद्रगढ़**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लगता है कि आपका डाइजेस्टिव सिस्टम गड़बड़ है। यानी, खाना ठीक से पच नहीं रहा है। इस वजह से खट्टी डकार आती है, आप अपनी लाइफस्टाइल और खान-पान, पहले चेंज करिए। खाने में फाइबर जरूर शामिल करें। दोपहर में दही सलाद लें। और एक फल नियमित रूप से खाएं। रात में ज्यादा भारी खाना नहीं खाएं, हल्का खाना खाए और कोशिश करें कि सोने से 3 घंटे पहले डिनर कर ले। इस तरह चेंज करने से आपको आराम मिलेगा। साथ ही बाजार का तला भुना, ऑयली खाना फिलहाल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। मुझे सर्वाइकल की समस्या है। अकसर चक्कर आता है, कभी-कभी सिर दर्द भी होता है। कृपया बताइए, मुझे क्या करना चाहिए?**

**-शुभम, महासमुंद**

सर्वाइकल की समस्या का स्थाई इलाज नियमित एक्सरसाइज है। इसके लिए आपको फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर सर्वाइकल की एक्सरसाइज सीख लेना चाहिए। अगर बहुत ज्यादा दर्द हो रहा है तो डॉक्टर से संपर्क कर पेनकिलर ले सकते हैं, लेकिन इससे फौरी तौर पर आराम मिलेगा। अगर आपका लंबी सिटिंग वाला काम है तो आपको काम के दौरान बीच-बीच में थोड़ी बहुत सर्वाइकल एक्सरसाइज करते रहना चाहिए।

**मेरी उम्र 41 वर्ष है। कुछ दिनों से मुझे किसी भी खाने में स्वाद महसूस नहीं हो रहा है। इसीलिए डाइट बहुत कम हो गई है। इसकी क्या वजह हो सकती है और मुझे क्या करना चाहिए?**

**-संजय, कोरबा**

आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर अपनी जांच करा लेनी चाहिए, कई बार हल्का फीवर होता है जो महसूस नहीं होता, पर उसके लक्षण दिखते हैं। जैसा आप बता रहे हैं कि खाने का स्वाद नहीं आ रहा है, इसलिए आप किसी जनरल फिजिशियन से संपर्क कर जांच कराएं और जरूरत होने पर ट्रीटमेंट शुरू कराएं। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**



## खबर संक्षेप



### विंध्य एकता परिषद् मप्र की अध्यक्ष बनीं द्विवेदी

**भोपाल।** विंध्य एकता परिषद् मप्र की नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी की प्रथम बैठक एवं पदभार ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। बैठक में वंदना द्विवेदी को पुनः प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम दरबार के पूजन एवं श्रीरामचरित मानस के सुमिरन के साथ हुआ।

# किसान कल्याण वर्ष में हर खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने का है संकल्प

## सोहागपुर क्षेत्रवासियों को मिली सौगात, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन का आभार माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र को हर क्षेत्र में लगातार बड़ी सौगातें मिल रही हैं। पिछले 11 वर्षों के कालखंड में संपूर्ण देश के साथ हमारा प्रदेश भी बदल रहा है। राज्य सरकार ने वर्ष-2026 को किसान कल्याण वर्ष घोषित किया है। पूरे साल में अनेक किसान हितैषी निर्णय लिए जाएंगे। प्रदेश सरकार ने हर खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुंदेलखंड से केन-बेतवा नदी जोड़ो अभियान की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार की शाम मुख्यमंत्री निवास में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने क्षेत्रवासियों को मिली सौगातों के लिए मुख्यमंत्री का आभार माना। सोहागपुर से आए पार्टी पदाधिकारी, स्थानीयजन एवं विस्थापित जनजातीय परिवारों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने पर क्षेत्र के कई जिलों के किसानों के खेतों में फसलें लहलहाएंगी। राज्य सरकार प्रदेश की प्रगति में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में नर्मदापुरम जिले में 2 सिंचाई परियोजनाओं के लिए 215 करोड़ 47 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। इससे सोहागपुर और पिपरिया क्षेत्र के किसानों एवं स्थानीय जनजातीय भाई-बहनों को अनुपम सौगात मिली है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन का आभार व्यक्त करते विधायक विजयपाल सिंह और सोहागपुरवासी।

### विरासत भी और विकास भी: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र का वार्षिक बजट अब 4 लाख 21 हजार करोड़ रुपए हो चुका है। प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने के लिए हमारी सरकार संकल्पित है और इसके सुखद परिणाम अब जमीन पर नजर आने लगे हैं। नर्मदापुरम जिले में बाबई-मोहासा औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। इससे निकट भविष्य में सोहागपुर-पिपरिया और आसपास के क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। राज्य सरकार विरासत के संरक्षण के साथ विकास के पथ पर अग्रसर है। प्रदेश के गरीब, किसान, युवा और नारी कल्याण के लिए जनहितैषी निर्णय लिए गए हैं। प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पचमढ़ी में कैबिनेट बैठक आयोजित कर हमने क्षेत्र के गौरव राजा भभूत सिंह का स्मरण किया। इसी प्रकार इंदौर, खजुराहो, ग्वालियर जैसे स्थानों पर भी कैबिनेट बैठकों में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

## मुख्यमंत्री ने विक्रमोत्सव- 2026 की तैयारियों के संबंध में ली बैठक

# विक्रमोत्सव में विक्रमादित्य के व्यक्तित्व के सभी आयामों का हो 'प्रकटीकरण'

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सम्राट विक्रमादित्य के साहस और सृजन ने शौर्य और संगठन के नए प्रतिमान स्थापित करते हुए भारतीय संस्कृति को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित विक्रमोत्सव में उनके व्यक्तित्व के सभी आयामों का प्रभावी प्रकटीकरण सुनिश्चित किया जाए।

नई पीढ़ी को सम्राट विक्रमादित्य के योगदान से परिचित कराना, भारतीय ज्ञान और सांस्कृतिक परंपरा की निरंतरता के लिए आवश्यक है। डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि आयोजन पूर्ण भव्यता, सुव्यवस्था और सांस्कृतिक गरिमा के उच्चतम मानकों के अनुरूप हो। उन्होंने उज्जैन में होने वाले विक्रमोत्सव-2026 की तैयारियों के संबंध में मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में बैठक के दौरान यह निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयोजन की समग्र रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं विभागीय समन्वय की विस्तार से समीक्षा की।

### खास बातें

- पार्श्व गायक सोनू निगम वर्ष प्रतिपदा 19 मार्च को उज्जैन में देंगे प्रस्तुति
- वेद अंताक्षरी, शोध संगोष्ठी और कवि सम्मेलन होंगे आकर्षण का केंद्र



बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते सीएम: डॉ. यादव।

### विक्रमोत्सव को लेकर मुख्यमंत्री ने दिए ये निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन प्रदेश तथा अन्य राज्यों के प्रमुख नगरों में भी किया जाए। उन्होंने स्कूल-कालेजों में सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उज्जैन में कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत हो रहे विक्रमोत्सव में कृषि पर केंद्रित प्रदर्शनी तथा अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएं। डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि सम्राट विक्रामादित्य के वैज्ञानिक पक्ष पर केंद्रित आयोजनों में विज्ञान महाविद्यालय, इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों को भी जोड़ा जाए। सम्राट विक्रमादित्य अलंकरण में भारत सरकार की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उसे भव्य और राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया जाए।

### उज्जयिनी गौरव दिवस के रूप में मनेगा वर्ष प्रतिपदा

बैठक में 15 फरवरी से शुरू होने वाले विक्रमोत्सव 2026 के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि इस समापन 19 मार्च को गुड़ी पड़वा पर रामघाट दत्त अखाड़ा पर सूर्योपासना के साथ होगा। इसके साथ ही 19 मार्च वर्ष प्रतिपदा, सृष्टि आरंभ दिवस को उज्जयिनी गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम शिप्रा नदी के तट पर होगा, जिसके अंतर्गत सम्राट विक्रमादितय अलंकरण और विक्रम पंचांग 2082-83 व आर्ष भारत द्वितीय संस्करण के लोकार्पण के साथ ही महादेव की नदी कथा-नृत्य नाट्य की प्रस्तुति होगी। सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक सोनू निगम सांगितिक प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर भव्य आतिशबाजी भी की जाएगी। गुड़ी पड़वा पर प्रदेश के सभी जिलों में विक्रमोत्सव का आयोजन होगा। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन, अपर मुख्य सचिव संस्कृति शिवशेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र कुमार सिंह, सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय तथा प्रबंध संचालक मप्र पर्यटन विकास निगम डॉ इलैया राजा टी, आयुक्त जनसम्पर्क दीपक कुमार सक्सेना तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कलियासोत कचरा डंपिंग मामले में एनजीटी ने निगम से किया जवाब तलब, 13 को सुनवाई





**भोपाल।** कलियासोत क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट में कचरा डंपिंग मामले को लेकर एनजीटी ने सख्त रुख अपनाते हुए नगर निगम से जवाब तलब किया है। साथ ही चारकोल प्लांट के समझौते और संचालन की स्थिति पर रिपोर्ट भी मांगी है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में अब इस मामले की अगली सुनवाई 13 फरवरी को होगी। तब तक सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को अनुपालन रिपोर्ट तैयार करनी होगी। भोपाल नगर निगम को इस मामले को लेकर हल्फनामा देना होगा। मंगलवार को नितिन सक्सेना बनाम मध्यप्रदेश राज्य व अन्य मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस शिव कुमार सिंह और विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी ने कलियासोत क्षेत्र सहित शहर के ग्रीन बेल्ट में कचरा डंपिंग और कचरा जलाने की घटनाओं को गंभीर पर्यावरणीय अपराध बताया। ट्रिब्यूनल ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उल्लंघन को स्पष्ट मानते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | जींद रोड वार्ड नं. 02, रोहतक में राजपूत धर्मशाला में टिन शेड का निर्माण | 27.01.2026<br>03.02.2026 | रु. 5,08,443/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967<br>xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक की सीमाओं में गांव बोहर-2 में उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण + 1 कार्य | 27.01.2026<br>03.02.2026 | रु. 63,73,853/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967<br>xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/60/42437/I/88/7 दि. 28.01.26

## हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | NITNO.72/CWD-2/VOL-XIX/HVPN/2025-26 DATED 24.12.2025 (ONLINETENDER IDNO. 2025_HBC_492759_1) | बोली खुलने की तिथि 28.01.2026 (11:00 बजे), ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 04.02.2026 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार) (हिसार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789<br>pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | NITNO.84/CWD-2/VOL-XIX/HVPN/2025-26 DATED 15.01.2026 (ONLINETENDERIDNO. 2025_HBC_497031_1) | बोली खुलने की तिथि 28.01.2026 (11:00 बजे), ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 04.02.2026 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार) (हिसार) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789<br>pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | 20/XEN/TS/SRS/2025-26 DATED 17.12.2025 ONLINETENDERID:2025B59F8A602606 4E29 935B 665AD8069DCC968HVP /2025_HBC_490998_1 | बोली खुलने की तिथि 17.12.2025 (15:00 बजे) थी, ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 05.02.2026 (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (सिरसा) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789<br>pro@hvpn.org.in |
| 4 | एचवीपीएनएल | 22/XEN/TS/SRS/2025-26 DATED 06.01.2026 ONLINETENDERID:2026649FE354BA50 4C8F 8671 C1E5C3D3D2CD96'8HVP/2026_HBC_495205_1 | बोली खुलने की तिथि 06.01.2026 (17:00 बजे) थी, ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 05.02.2026 (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (सिरसा) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789<br>pro@hvpn.org.in |
| 5 | एचवीपीएनएल | 19/XEN/TS/SRS/2025-26 DATED 17.12.2025 ONLINETENDERID:2025B93E3DFA0191 4917 9058 793D6E43DFA2968 HVP/2025_HBC_490990_1 | बोली खुलने की तिथि 17.12.2025 (15:00 बजे) थी, ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 05.02.2026 (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (सिरसा) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789<br>pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/140/42453/I/88/7 दि. 28.01.26

## पेगासस लैंड एंड हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड

सामान्य जन से अफोर्डेबल आवास परियोजना "ROF अतुल्यस" में विकसित की जा रही आवासीय अपार्टमेंट्स की बुकिंग हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। यह परियोजना पेगासस लैंड एंड हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित की जा रही है। ये वे आवासीय इकाइयाँ हैं जो पूर्व आवेदकों द्वारा सरेंडर की गई हैं अथवा जिनका आवंटन भुगतान न होने या किसी अन्य कारण से, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा अधिसूचना संख्या PF-27/48921 दिनांक 19.08.2013 तथा समय-समय पर संशोधित नीति के नियमों एवं शर्तों के अंतर्गत डेवलपर द्वारा रद्द किया गया है (विवरण विभाग की वेबसाइट **tcpharyana.gov.in** पर उपलब्ध है)

**परियोजना का विवरण**

| | |
|---|---|
| 1. कॉलोनाइजर/डेवलपर | पेगासस लैंड एंड हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड, बिल्डिंग नंबर-80, सेक्टर-44, द्वितीय तल, गुरुग्राम, हरियाणा-122003 |
| 2. परियोजना अनुमोदन | लाइसेंस संख्या / वर्ष : 19/2020, दिनांक : 01-08-2020<br>भवन योजना स्वीकृति संख्या : ZP-1429/SD(DK)/2021/611, दिनांक : 12-01-2021<br>रेरा संख्या : 05/2021, दिनांक : 29-01-2021 |
| 3. स्थान | गाँव- हयातपुर, सेक्टर-93, गुरुग्राम |
| 4. परियोजना क्षेत्रफल प्रावधान | 5.03403 एकड़, जिसमें कुल 726 आवासीय इकाइयाँ सम्मिलित हैं। वर्तमान में 3 आवासीय अपार्टमेंट्स हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।<br>**सामुदायिक सुविधाएँ :** एक सामुदायिक भवन - 2000 वर्ग फुट और एक आंगनवाड़ी-सह-क्रेच - 2000 वर्ग फुट |

5. अपार्टमेंट विवरण, आवंटन दरें एवं भुगतान शर्तें : **कार्पेट एरिया पर मूल विक्रय मूल्य - ₹5,000/- प्रति वर्ग फुट करों को छोड़कर, (अतिरिक्त बालकनी लागत @₹1,200/- प्रति वर्ग फुट करों को छोड़कर)**

| अपार्टमेंट विवरण — श्रेणी (प्रकार) | कार्पेट एरिया वर्ग फुट (लगभग) @ 5000 प्रति वर्ग फुट | बालकनी/टेरेस एरिया वर्ग फुट (लगभग) @1200 प्रति वर्ग फुट | यूनिट की संख्या | अपार्टमेंट का आवंटन दर (कर के अतिरिक्त) | आवेदन के साथ बुकिंग राशि 5% | आवंटन पर देय (95%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 BHK + एस. रूम टाइप-2 | 641.426 | 123.24 | 1 | 3327130 | 166356 | 3160774 |
| 2 BHK टाइप-2 | 468.556 | 155.00 | 1 | 2462780 | 123139 | 2339641 |
| 2 BHK टाइप-2 | 502.571 | 171.57 | 1 | 2632855 | 131642 | 2501212 |
| | | | 3 | | | |

निर्धारित भुगतान तिथि से पूर्व किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। भुगतान में किसी भी प्रकार की चूक होने पर हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण नियम, 2017 के नियम 15 के अनुसार दंडात्मक ब्याज देय होगा।

| | |
|---|---|
| 6. पार्किंग | प्रत्येक अपार्टमेंट के साथ दोपहिया वाहन पार्किंग उपलब्ध होगी। |
| 7. अपार्टमेंट के विस्तृत निर्देश | **फ्लोरिंग** : लिविंग/डाइनिंग, बेडरूम, किचन, टॉयलेट एवं बालकनी - विट्रिफाइड एवं एंटी-स्किड सिरेमिक टाइल्स। **दीवारों की फिनिश** : प्लास्टर के ऊपर OBD, **रसोई** : मार्बल/ग्रेनाइट काउंटर के ऊपर 2 फीट तक टाइल्स, शेष भाग में OBD/कलर वॉश, सिरेमिक टाइल्स, स्लैब प्लेटफॉर्म, सिंगल बाउल स्टेनलेस स्टील सिंक। **दरवाजे** : पेंटेड वुड/एम.एस./फाइबर डोर फ्रेम, फ्लश/स्किन/फाइबर डोर। **खिड़कियाँ** : एम.एस. पाउडर कोटेड/एनोडाइज्ड फ्रेम। **बाथरूम** : दीवारों पर 5 फीट ऊँचाई तक सिरेमिक टाइल्स, WC, वॉश बेसिन एवं C-P फिटिंग्स। **इलेक्ट्रिकल** : ISI मार्क वायरिंग, स्विच एवं सॉकेट। **कॉमन एरिया फ्लोरिंग** : कोटा स्टोन/पेवर्स। **सुरक्षा** : गेटेड परिसर |
| 8. आवेदन समय-सीमा | ऑनलाइन आवेदन **https://edraw.tcpharyana.gov.in/tcp-dms/home** पर पंजीकरण द्वारा 29 जनवरी 2026 से प्रारंभ होंगे।<br>**आवेदन की अंतिम तिथि : 19 फरवरी 2026** |

**पात्रता :**

1. आवेदक किसी भी प्रचलित कानून के अंतर्गत वैधानिक अनुबंध करने से वंचित न हो।
2. कोई भी व्यक्ति आवेदन कर सकता है, तथापि, प्रधानमंत्री आवास योजना - हाउसिंग फॉर ऑल के अंतर्गत शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा द्वारा चिन्हित PMAY लाभार्थियों (जिसमें पति/पत्नी या आश्रित बच्चे शामिल हैं) को आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। प्रथम प्राथमिकता संबंधित नगर के चिन्हित PMAY लाभार्थियों को दी जायेगी। इसके पश्चात हरियाणा राज्य के अन्य PMAY लाभार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। शेष फ्लैट्स के लिए उन व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनके पास स्वयं या उनके पति/पत्नी या आश्रित बच्चों के नाम हरियाणा के किसी भी शहरी क्षेत्र, चंडीगढ़ यूटी अथवा एनसीटी दिल्ली में किसी भी HUDA विकसित कॉलोनी/सेक्टर या किसी लाइसेंस प्राप्त कॉलोनी में कोई फ्लैट/प्लॉट नहीं है।
3. कोई भी आवेदक केवल एक ही आवेदन कर सकता है। इस नीति के अंतर्गत सफल आवेदक किसी अन्य कॉलोनी में इस नीति के अंतर्गत किसी अन्य फ्लैट के लिए पात्र नहीं होगा। यदि कोई आवेदक एक से अधिक कॉलोनियों में सफल होता है, तो उसे केवल एक फ्लैट रखने का विकल्प होगा।

**आवंटन के मापदंड :**

1. अपार्टमेंट का आवंटन ऑनलाइन ड्रॉ के माध्यम से उपायुक्त या उनके प्रतिनिधि (कम से कम हरियाणा प्रशासनिक सेवा के कैडर), वरिष्ठ टाउन प्लानर (सर्किल कार्यालय), संबंधित जिले के डीटीपी और संबंधित कॉलोनाइजर के प्रतिनिधि की एक समिति की उपस्थिति में किया जायेगा।
2. ऑनलाइन ड्रॉ की तारीख तय होने के बाद डेवलपर आवेदकों को सूचित करने के लिए उन्हीं समाचार पत्रों में एक विज्ञापन जारी करेगा जिसमें परियोजना का मूल विज्ञापन जारी किया था, जिसमें ऑनलाइन ड्रॉ की तारीख/समय और स्थान का विवरण होगा।
3. जांच और आवंटन के लिए अपनाये जाने वाले विस्तृत मापदंड और समय सीमा के लिए, आवेदक दिनांक 19.08.2013 को जारी अधिसूचना सं. पीएफ 27/48921 के माध्यम से अधिसूचना की गई अफोर्डेबल आवास नीति 2013 के विवरण का भी उल्लेख कर सकता है। (विभाग की वेबसाइट अर्थात **www.tcpharyana.gov.in** पर उपलब्ध)

**अस्वीकरण :**

रियल एस्टेट (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों ने रियल एस्टेट क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए हैं। प्रमोटर/डेवलपर RERA के सभी प्रावधानों का पूर्णतः पालन करने हेतु प्रतिबद्ध है। प्रमोटर/डेवलपर सभी आवेदकों से आग्रह करता है कि वे प्रस्तावित परियोजना स्थल का स्वयं निरीक्षण करें तथा किसी भी आर्किटेक्चरल इम्प्रेशन, योजना या बिक्री ब्रोशर पर मात्र निर्भर न रहें, बल्कि आवेदन करने से पूर्व स्वयं का विवेकपूर्ण निर्णय लें। यहाँ दर्शाये गये इमेजेज केवल संकेतात्मक हैं एवं वास्तविक डिजाइन/फिनिश में परिवर्तन संभव है। परियोजना विवरण/विशिष्टताएँ हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण की वेबसाइट **http://harera.in** पर भी उपलब्ध हैं। उपरोक्त दरों में GST एवं अन्य वैधानिक शुल्क (यदि लागू हों) शामिल नहीं हैं, *नियम एवं शर्तें लागू। 1 वर्ग मीटर = 10.7639 वर्ग फुट

**नोट : पूर्व में किसी भी परियोजना की ड्रॉ प्रक्रिया में सफल रहे एवं बाद में सरेंडर/वापसी करने वाले आवेदकों को, इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 02 सप्ताह के भीतर वर्तमान परियोजना में आवेदन करने से पूर्व STP कार्यालय, गुरुग्राम में अपनी स्थिति अद्यतन करानी होगी।**

**स्थान : गुरुग्राम (हरियाणा)** — **संपर्क नंबर : +91-124-4399399**


## विकसित भारत बनाने के लिए अतीत से भी सबक लेना होगा : कश्मीरी लाल





**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय की मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति द्वारा 'विकसित भारत की परिकल्पना : परिप्रेक्ष्य और चुनौतियां विषय पर दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला (कैपिसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप) का आयोजन किया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए आयोजित इस कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति के अध्यक्ष प्रो. निरंजन कुमार ने विकसित भारत पर चर्चा करते हुए प्रश्न उठाया कि क्या भारत पहले एक विकसित राष्ट्र नहीं था? इस सम्बंध में आँकड़े देते उन्होंने बताया पहली से लेकर 16वीं-17वीं तक भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में जाना जाता था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पुनः विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने समृद्धि के साथ-साथ संस्कारयुक्त जिस विकसित भारत की परिकल्पना प्रस्तुत की है, उसी को ध्यान में रखकर दिल्ली विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रम तैयार किया गया है।पर्यावरण और विरासत के संबंधों पर प्रकाश डालाकार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठक कश्मीरी लाल ने विकास, पर्यावरण और विरासत के संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र के निर्माण में प्रयोगात्मक रूप से भी सक्रिय होना पड़ेगा। हमें रूस, अमेरिका या चीन आदि दूसरे देशों की नकल करने की बजाय अपने लिए एक भारतीय राह बनाना होगा। विलियम डेलरिंपल की पुस्तक 'द गोल्डन रोड' की चर्चा करते हुए उन्होंने विश्व की तरक्की का स्रोत भारत को बताया है और कहा कि विकसित भारत के निर्माण में अतीत को ओझल नहीं करना चाहिए।

## बीपीएमएस के 'वनभोज-12' में उमड़ा लघु भारत




**नई दिल्ली।** छोटी काशी भिवानी का परचम पूरे देश में फहराने वाली सामाजिक संस्था भिवानी परिवार मैत्री संघ के 'वनभोज-12' कार्यक्रम ने फिर राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सामाजिक ताने-बाने की नई मिसाल पेश की। इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले हजारों जनों-परिजनों ने कला, सांस्कृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, देशभक्ति के आयोजनों में बढ़-चढ़ कर भाग लेते हुए लघु भारत का स्वरूप (मिनिएचर) प्रस्तुत किया। हवन-आहूति, गायत्री यज्ञ, गोपूजन, तिरंगा रोहण, मिलिट्री बैंड प्रस्तुति, युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि, यजमानों का अभिनंदन, मेगा मेडिकल कैंप व रक्तदान शिविर, संस्कार भारती के 26 चित्रकारों द्वारा देशप्रेम के रंग में रंगी पेंटिंग प्रदर्शनी, नए दौर के युवाओं (जेनजेड) द्वारा आगंतुकों के हाथों, चेहरों पर बनाए गए। तिरंगे के टैटू और हर इवेंट में उपस्थित लोगों की भारी संख्या में भागीदारी ने इस आयोजन को राष्ट्रभक्ति के एक बड़े उत्सव में बदल दिया।संघ की यात्रा के सौ वर्षकरनाल बाइपास पर स्थित गोपीनाथ सावित्री देवी फार्म हाउस में आयोजित 'वनभोज-12' की थीम रही- संघ की यात्रा के सौ वर्ष। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवल किशोर गोयल ने की और झंडारोहण सीए नरेंद्र सिंघानिया ने किया। सनातन मूल्यों से जुड़ी भिवानी परिवार मैत्री संघ ने हिंदुत्व को पूर्णतः समर्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नीतियों, संदेशों, राष्ट्रीय स्वाभिमान की रक्षा के लिए स्वयं को न्योछावर करने की भावना के प्रचार-प्रसार का बीड़ा उठाया है। कार्यक्रम के दौरान बीपीएमएस अध्यक्ष राजेश चेतन ने उपस्थित जनों को संघ की सदस्यता ग्रहण करने का निमंत्रण दिया।

## 12 वें दीक्षांत समारोह : टेक्नोलॉजी की उन्नति के साथ टेंपल को भी याद रखना होगा

# एसजीटीयू में जज्बे के साथ दिखा विकसित भारत का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

छात्र-छात्राओं के चेहरे पर डिग्री पाने की चमक, मन में भविष्य के सपने, बड़ा लक्ष्य पाने का दृढ़ विश्वास, अभिभावकों की आंखों में खुशी की नमी, टीचर्स के मनोभावों में संतोष, हजारों भावी कर्णधारों की उम्मीदों, उमंगों का लहराता समंदर। यह जीवंत नजारा था गुरुग्राम स्थित एसजीटी यूनिवर्सिटी के 12 वें दीक्षांत समारोह का। उल्लास इतना था कि संभाले नहीं संभल रहा था। भव्य कार्यक्रम में 19 स्ट्रीमों के विद्यार्थियों ने डिग्री, डिप्लोमा, टॉपर मेडल लेकर वहां मौजूद अध्यापकों के साथ माता-पिता से भी आशीर्वाद लिया। छात्र-छात्राओं की संख्या



इतनी ज्यादा थी कि तीन घंटे तक तो डिग्री व पुरस्कार वितरण ही चलता रहा। इस अवसर पर विशेष सोविनियर का विमोचन किया गया।छात्र लक्ष्य तय कर उन्हें साकार रूप दें सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हिमाचल प्रदेश के वाइस चांसलर प्रो.(डॉ) सत प्रकाश बंसल ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन की शुरुआत स्वामी विवेकानंद एवं पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के प्रेरक उद्धरणों से की।

### ये रहे मौजूद

कन्वोकेशन में एसजीटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.(डॉ) हेमंत वर्मा ने वेलकम एड्रेस किया और वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। एसजीटीयू के कुलाधिपति पद्मश्री एवं पद्मभूषण राम बहादुर राय, दशमेश एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी मनमोहन सिंह चावला, चेयरपर्सन मधु प्रीत कौर चावला, प्रो वीसी प्रो.(डॉ) नासा व अन्य वरिष्ठ अधिकारी व पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## चिंतन

# पवार हादसा और वीवीआईपी हवाई सुरक्षा पर उठते सवाल

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान दुर्घटना में मृत्यु केवल एक व्यक्ति की असमय विदाई नहीं है, बल्कि यह उस व्यवस्था पर कठोर प्रश्नचिह्न है, जो वीवीआईपी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताती है पर व्यवहार में बार-बार असफल होती दिखाई देती है। बारामती में लैंडिंग के दौरान हुआ यह हादसा, जिसमें पवार सहित पांच लोगों की जान चली गई। देश के लिए एक गंभीर चेतावनी है कि तकनीक, नियम और निगरानी के बीच कहीं गंभीर चूक है, जो वीवीआईपी समेत आमजन पर भी भारी पड़ती है। प्रारंभिक तथ्यों के अनुसार, विमान ने लैंडिंग की पहली कोशिश असफल होने पर दोबारा उतरने का प्रयास किया। दूसरी कोशिश में विमान रनवे से पहले ही गिर पड़ा और आग लग गई। न आपात संकेत भेजा गया, न 'मेडे' कॉल। तकनीकी खराबी और लैंडिंग गियर की समस्या की आशंका जताई जा रही है। फिर भी, यह प्रश्न अभी से उठ खड़ा हुआ है कि क्या वीवीआईपी उड़ानों में जोखिम-प्रबंधन उतना सुदृढ़ है, जितना दावा किया जाता है। यह हादसा किसी एक क्षण की गलती का परिणाम हो सकता है पर इसके पीछे की पृष्ठभूमि लंबी है। छोटे हवाई अड्डों की सीमित संरचना, निजी चार्टर सेवाओं की निगरानी, मौसम और नेविगेशन सूचना की गुणवत्ता और सबसे अहम, निर्णय लेने की प्रक्रिया में दबावों की भूमिका। जब उड़ानें समय-सारिणी और राजनीतिक कार्यक्रमों से बंध जाती हैं तो क्या सुरक्षा के निर्णयों पर अनकहा दबाव बनता है? यह पहली बार नहीं है, जब भारत ने विमान हादसों में अपने नेतृत्व को खोया है। अजित पवार की दुर्घटना हमें उन पुराने जख्मों की याद दिलाती है, जो समय के साथ भी भरे नहीं हैं। संजय गांधी, माधवराव सिंधिया, जी.एम.सी. बालयोगी, वाई.एस. राजशेखर रेड्डी, सीडीएस बिपिन रावत, होमी जहांगीर भाभा, विजय रूपाणी और ओपी जिंदल व चौधरी सुरेंद्र सिंह जैसे नाम केवल व्यक्ति नहीं, संस्थागत क्षति के प्रतीक थे। हर बार शोक व्यक्त हुआ, जांच बैठी, रिपोर्टें आईं पर क्या व्यवस्थागत सुधार स्थायी रूप से लागू हुए? यदि होते, तो ऐसी घटनाएं बार-बार क्यों दोहरातीं? यह केवल तकनीकी मुद्दा नहीं, बल्कि प्रशासनिक इच्छाशक्ति, जवाबदेही और पारदर्शिता का प्रश्न है। लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों का जीवन निजी नहीं होता। उनका अस्तित्व शासन की निरंतरता, नीति-निर्माण और सार्वजनिक हित से जुड़ा होता है, इसलिए उनकी सुरक्षा को भावनात्मक सहानुभूति के बजाय संस्थागत जिम्मेदारी के रूप में देखना होगा। वीवीआईपी उड़ानों के लिए स्वतंत्र और नियमित सुरक्षा ऑडिट, पायलट के निर्णय की पूर्ण स्वायत्तता, आधुनिक नेविगेशन और लैंडिंग सहायता प्रणालियों की अनिवार्यता ये अब विकल्प नहीं, आवश्यक शर्तें हैं। विशेषकर छोटे हवाई अड्डों पर संरचनात्मक मानकों की समीक्षा जरूरी है। रनवे की दृश्यता, ग्राउंड-सपोर्ट सिस्टम, मौसम-डेटा की रियल-टाइम उपलब्धता और आपात प्रतिक्रिया की तैयारी इन सब पर समान रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। निजी चार्टर कंपनियों पर भी वही सख्त नियम लागू होने चाहिए जो वाणिज्यिक उड़ानों पर होते हैं और उल्लंघन पर दंड केवल कागज़ी न रहकर वास्तविक और प्रभावी होना चाहिए। नागर विमानन मंत्रालय को एक व्यापक 'नेशनल वीवीआईपी एयर सेफ्टी पॉलिसी' लागू करनी चाहिए। सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि इस त्रासदी से व्यवस्था बदलें, ताकि भविष्य में कोई उड़ान, कोई जीवन और कोई जिम्मेदारी इस तरह अधर में न रहे।

## आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी



# विकास केंद्रित रणनीतिक बजट की उम्मीद

इन दिनों पूरे देश की निगाहें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा एक फरवरी को प्रस्तुत किए जाने वाले बजट की ओर लगी हुई है। सीतारमण का यह नौवां बजट होगा। उम्मीद की जा रही है कि इस बजट में जहां भारत के यूरोपीय संघ ( ईयू) सहित विभिन्न देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए कारोबार और लॉजिस्टिक जैसे क्षेत्रों में साहसिक सुधारों की गति बढ़ाने की रणनीति होगी, वहीं 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के दृष्टिकोण से खपत और व्यय बढ़ाकर विकास दर बढ़ाने की भी विशेष रणनीति होगी। साथ ही गरीब, युवा, महिलाएं, किसान और मध्यम वर्ग के लिए राहत के प्रभावी प्रावधानों के साथ रक्षा, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग (एमएसएमई), हरित ऊर्जा और आर्थिक सुधारों पर बड़े ऐलान दिखाए देंगे। वित्त मंत्री राहत और विकास के बीच संतुलन बनाते हुए राजकोषीय घाटे को वित्त वर्ष 2026-27 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 फीसदी के स्तर पर सीमित रखने और 7.5 फीसदी विकास दर पाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ते हुए दिखाई देंगी। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि वित्त मंत्री सीतारमण के समक्ष वर्ष 2026-27 का बजट तैयार करते समय चुनौतियों की श्रृंखला सामने है। वर्ष 2026-27 में राज्यों के साथ संसाधनों के बंटवारे को लेकर सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशों को लागू किए जाने पर भी अर्थव्यवस्था पर प्रभाव होगा। इन चुनौतियों के बावजूद इस समय वित्त मंत्री की मुठ्ठियों में विभिन्न वर्गों को राहत देने और विकास की विभिन्न योजनाओं के लिए प्रभावी आवंटन हेतु कर संग्रहण संबंधी मजबूत परिदृश्य मौजूद हैं। चालू वित्त वर्ष के तहत 7.4 फीसदी विकास दर प्राप्ति के संकेत अच्छे आर्थिक परिदृश्य के प्रतीक हैं। चालू वित्त वर्ष में आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में प्रभावी वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से दिसंबर 2024 तक आयकर सहित प्रत्यक्ष कर संग्रहण 17 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है, जो कि पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 8 फीसदी से भी ज्यादा है। उम्मीद की जा रही है कि वित्त मंत्री आगामी वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 12 से 12.5 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचाते हुए दिखाई देंगी। नए बजट में महिलाओं के लिए विशेष क्रेडिट कार्ड, ऋण तथा बीमा प्लान की घोषणाएं हो सकती हैं।

नए बजट में वित्त मंत्री रोजगार, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, ग्रामीण विकास, सिंचाई तथा वेयरहाउसिंग संबंधी प्रोत्साहन, पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाने, रियल एस्टेट सेक्टर और आवास सेक्टर को प्रोत्साहन, डिजिटल क्रांति को आगे बढ़ाने, पीएम सूर्य मुफ्त बिजली योजना तथा स्वच्छ ऊर्जा के लिए अधिक आवंटन करते हुए दिखाई दे सकती हैं। प्रधानमंत्री कौशल मुद्रा योजना की शुरुआत संभावित है। ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ाने के लिए शिक्षण-प्रशिक्षण पर अधिक आवंटन संभावित है। सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में निवेश, रेलवे, शहरी बुनियादी ढांचे में सुधार और क्षमता संवर्धन के साथ दीर्घावधि वृद्धि को बनाए रखने, वैश्विक क्षमता निर्माण और एकीकरण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में मिशन मोड के नए सुधार नए बजट के माध्यम से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेंगे। साथ ही आगामी बजट के माध्यम से वित्त मंत्री सीतारमण तेज विकास के लिए जरूरी और वित्तीय सुधारों को लागू करने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, उद्योग जगत की लाजिस्टिक्स लागत घटाने, रोजगार सृजित करने वाले मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करने संबंधी बुनियादी रणनीतियां प्रस्तुत करते हुए दिखाई देंगी। यह भी संभावना है कि आगामी बजट में वित्त मंत्री युवाओं के बीच रोजगार बढ़ाने, कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, डिजिटल कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को रोजगार बाजार की उभरती जरूरतों के अनुरूप ढालने, निजी निवेश को प्रोत्साहित करने, वित्तीय समावेशन को बेहतर करने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने संबंधी प्रभावी प्रावधानों से सजाते हुए दिखाई दे सकती हैं। वित्त मंत्री सीतारमण नए बजट में किसान क्रेडिट कार्ड के तहत उधार की सीमा बढ़ाने और खाद्य महंगाई पर काबू पाने के लिए आपूर्ति संबंधी नए कदमों के साथ आगे बढ़ती हुई दिखाई दे सकती हैं। वित्त मंत्री तेज रोजगारोन्मुखी निर्यात क्षेत्रों से निर्यात बढ़ाकर नए रोजगार अवसरों को निर्मित कर सकती हैं। उम्मीद करें कि नया बजट आम आदमी के लिए राहत, बाजार के लिए रफ्तार और विकसित भारत के लिए साहसिक सुधारों को आगे बढ़ाने वाला ऐतिहासिक बजट होगा।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



नमन

नृपेन्द्र अभिषेक नृप

अजित पवार, जो दशकों से महाराष्ट्र की राजनीति के एक मजबूत स्तम्भ रहे हैं, विमान लैंडिंग हादसे का शिकार हो गए। उनकी पहचान केवल एक राजनेता के तौर पर नहीं थी, बल्कि वे एक ऐसे नेता थे जिन्हें जनता ने 'दादा' कहकर सम्मान दिया। इस संबोधन में एक भावनात्मक जुड़ाव झलकता था- एक ऐसा सम्मान जो वे वर्षों के जन-समर्थन, बातचीत और कार्यों के कारण अर्जित कर पाए थे। उनकी कार्यशैली तेज, निर्णायक और प्रभावशाली रही। वे हमेशा जनता के बीच संवाद बनाए रखने में विश्वास रखते थे। पवार का अचानक और अप्रत्याशित निधन न केवल एक नेता की मृत्यु है, बल्कि महाराष्ट्र राजनीति के एक अद्वितीय अध्याय का अंत भी है।

# राजनीति के अनुभवी स्तंभ थे अजित पवार

बुधवार की सुबह, जब महाराष्ट्र की राजनीति नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने वाली थी, एक ऐसी खबर ने सबको हैरान कर दिया जिसकी किसी ने भी कल्पना नहीं की थी। अजित पवार, जो दशकों से महाराष्ट्र की राजनीति के एक मजबूत स्तम्भ रहे हैं, अपने निजी विमान से बारामती की ओर जा रहे थे, तब उनका विमान लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पवार सहित सभी सवारों को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया। प्रारंभिक अधिकारियों के अनुसार लैंडिंग की प्रक्रिया के दौरान विमान संतुलन खो बैठा और रनवे के पास ही जोरदार टक्कर के साथ क्रैश-लैंड हो गया, जिससे यह भयावह दृश्य बना।

यह दुर्घटना राज्य के लिए एक बड़ा सदमा है, जिसने राजनीतिक, प्रशासनिक और जनता के सामूहिक मन को झकझोर दिया है। अजित अनंतराव पवार का जन्म 22 जुलाई 1959 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के देओलाली-प्रवरा में हुआ था। वह एक राजनीतिक परिवार से थे, जिनके चाचा शरद पवार भारतीय राजनीति के अग्रणी नेतृत्व रहे हैं। युवा अवस्था से ही उन्होंने राजनीति में रुचि विकसित की और समाज सेवा तथा संगठनवाद में सक्रिय भूमिका निभाई। उनका राजनीतिक सफ़र सहकारी आंदोलन से शुरू हुआ। 1982 से उन्होंने स्थानीय और ग्रामीण राजनीतिक कार्यों में भाग लिया और जल्दी ही अपने तेज़ संगठनात्मक कौशल के कारण लोकप्रिय हो गए। 1991 में उन्होंने बारामती विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की, जिसके बाद वे महाराष्ट्र राजनीति के केंद्र में आ गए। उनकी राजनीतिक यात्रा केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं थी। उन्होंने पुणे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष के रूप में 16 वर्ष तक काम किया, जहां से उन्हें ग्रामीण और सहकारी क्षेत्रों में व्यापक समर्थन मिला। इससे उन्हें महाराष्ट्र की राजनीति के सबसे मजबूत नेताओं में से एक बनाया गया। वह बारामती निर्वाचन क्षेत्र से कई बार लगातार विधायक चुने गए और विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों जैसे कृषि, बागवानी, बिजली, जल संसाधन और वित्त एवं योजना मंत्रालयों का नेतृत्व किया। विशेष रूप से जल संसाधन विभाग में उन्होंने कृष्णा घाटी तथा कोकण सिंचाई जैसी परियोजनाओं पर काम किया, जिससे कृषि-आधारित समुदायों को व्यापक लाभ हुआ। अजित पवार ने महाराष्ट्र की राजनीति में एक अनूठा योगदान दिया। उन्होंने 2000 के दशक की शुरुआत से राज्य के शासन में कई महत्वपूर्ण पद संभाले और विविध सरकारों में अपना स्थान बनाए रखा। 2010 में उन्हें पहली बार उपमुख्यमंत्री का पद प्राप्त हुआ, लेकिन 2013 में सिंचाई घोटाले के आरोपों के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। हालांकि बाद में क्लीन चिट मिलने के बाद वे फिर से पद पर लौट आए, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि राजनीतिक चुनौतियों ने भी उनके सामर्थ्य को कम नहीं किया। आज वह महाराष्ट्र के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले उपमुख्यमंत्रियों में से एक माने जाते थे, और उनके प्रशासनिक कौशल तथा संगठन शक्ति की वजह से उन्हें विशेष सम्मान मिला। उनके योगदान ने कई योजनाओं और नीतियों को आकार दिया, जिससे राज्य के विकास की दिशा प्रभावित हुई।

राजनीति में किसी भी नेता का सफ़र विवादों से मुक्त नहीं रहता और पवार भी इससे अछूते नहीं थे। 2013 में



दिया गया एक विवादित बयान जब आलोचना की भेंट चढ़ा, तब उन्हें माफी मांगनी पड़ी थी। इसके अलावा 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को धमकाने के आरोप भी लगे। समय-समय पर भ्रष्टाचार तथा पद दुरुपयोग के मुद्दों ने भी उनके राजनीतिक जीवन को जटिल बना दिया। लवासा लेक सिटी जैसी परियोजनाओं में कथित मदद के आरोपों ने भी उनके व्यवहार को लेकर सुर्खियां बनाई। इन विवादों के बावजूद उनका जन-समर्थन और राजनीतिक प्रभाव कम नहीं हुआ, बल्कि उनके प्रशंसकों का मानना रहा कि प्रशासनिक क्षमता तथा संगठनात्मक कौशल ने उनके विवादों को परास्त किया। उनकी राजनीतिक छवि अक्सर विरोधाभासी रही, जहां एक ओर आलोचक उन्हें कठोर राजनीतिक प्रक्रियाओं में शामिल मानते थे, वहीं समर्थक उन्हें एक कुशल, अनुभवी और लोक-सम्मानित नेता के रूप में देखते थे। इसी विरोधाभासी छवि ने उन्हें महाराष्ट्र राजनीति का एक मजबूत स्तम्भ बनाया। अजित पवार की पहचान केवल एक राजनेता के तौर पर नहीं थी, बल्कि वे एक ऐसे नेता थे जिन्हें जनता ने "दादा" कहकर सम्मान दिया। इस संबोधन में एक भावनात्मक जुड़ाव झलकता था- एक ऐसा सम्मान जो वे वर्षों के जन-समर्थन, बातचीत और कार्यों के कारण अर्जित कर पाए थे। उनकी कार्यशैली तेज़, निर्णायक और प्रभावशाली रही। वे हमेशा जनता के बीच संवाद बनाए रखने में विश्वास रखते थे। बारामती और उसके आसपास के क्षेत्रों में उन्होंने जल कृषि, आधारभूत संरचना, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में निवेश के माध्यम से उन समुदायों को सीधे रूप से लाभ पहुंचाया। उनके नेतृत्व में कई योजनाएं और बजट पर निर्णय महाराष्ट्र की आर्थिक दिशा में स्थिरता और विकास का आधार बने। उनका नाम कई बार राज्य के बजट तैयार करने वाले नेता के रूप में भी सामने आया, क्योंकि उन्होंने वित्तीय मामलों में गहरी समझ और विस्तृत बारीकी दिखाई। अजित पवार महाराष्ट्र के उन नेताओं में थे जिन्होंने राजनीतिक स्थिरता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जब-जब भी गठबंधन सरकारों के बीच सत्ता के समीकरण बदलते, पवार अपनी समझदार रणनीतियों के कारण राजनीतिक निर्णयों पर असर डालते रहे। उनकी राजनीतिक सूझ-बूझ ने अक्सर नीतिगत दिशा को प्रभावित किया, और कई बार गठबंधन निर्णय उनके प्रभाव के बिना सम्भव नहीं थे। यह अकेला कोई कार्य नहीं था, बल्कि एक ऐसी राजनीतिक कला थी, जिसमें उन्होंने संगठन शक्ति, कौशल और प्रशासनिक अनुभव को शासकीय निर्णयों के साथ जोड़कर एक संगठित राजनीति की मिसाल पेश की। कई विश्लेषक मानते हैं कि उनके अनुभव की वजह से शासन-प्रशासन में संतुलन बन रहा था और निर्णय लेने में उनकी भूमिका निर्णायक थी।

आज पवार के अचानक निधन के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में एक विशाल खालीपन महसूस किया जा रहा है। एक ऐसा नेता जिसने न केवल राजनीतिक मशीनरी को समझा, बल्कि उसे दिशाहीन समयों में भी मजबूती से थामा, अब नहीं रहे। उनकी मौत से यह स्पष्ट होता है कि राजनीति केवल पदों और शक्ति का नाम नहीं है; यह एक जन-सम्बंध, प्रशासन क्षमता, दूरदर्शिता और संघर्ष का मिश्रण है। पवार ने इन सभी चरित्रों को अपने जीवन में बख़ूबी अपनाया और महाराष्ट्र की राजनीति के इतिहास में अपनी एक स्थायी पहचान बनाई। आज वे नहीं हैं, पर उनकी याद, चर्चा और उनके कार्यों का प्रभाव लंबे समय तक राजनीति के परिदृश्य पर देखा जाएगा। अजित पवार का अचानक और अप्रत्याशित निधन न केवल एक नेता की मृत्यु है, बल्कि महाराष्ट्र राजनीति के एक अद्वितीय अध्याय का अंत भी है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# गलत सोच का चश्मा जल्दी उतार देना चाहिए



संकलित

## दर्शन

जब सोच निषेधात्मक या गलत होती है, तब वह सुख को भी दुख में परिवर्तित कर देती है। गलत सोच का चश्मा जितनी जल्दी हो, उतार देना चाहिए। बुरे विचार जितना दूसरों का नुकसान करते हैं, उतना ही स्वयं का भी करते हैं। कारण अपनी ही सुरक्षा को लेकर डरा दिमाग ढंग से नहीं सोच पाता। हम स्वार्थी हो जाते हैं, केवल अपने बारे में ही सोचते हैं। कहा गया है कि आपके विचार वहां तक ले जाते हैं, जहां आप जाना चाहते हैं। पर कमजोर विचारों में दूर तक ले जाने की ताकत नहीं होती। हम जो हैं वह सब विचारों का फल है। जो हम सोचते हैं, वही बन जाते हैं। मनुष्य अपने कार्यों से दूसरों को नुकसान पहुंचाता है और अपने विचारों से स्वयं को। गलत सोच एवं अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को धनवान और प्रतिष्ठित होते देख आदमी में नकारात्मक चिंतन जागता है। अपनी ईमानदारी उसे मूर्खतापूर्ण लगती है। वह पुनर्चिंतन करता है-क्या मिला मुझे आदर्शों पर चलकर? यह नकारात्मक चिंतन उसे भी गलत सोच के दलदल में उतार देता है। समाज में भ्रष्ट और बेईमान लोगों की उत्पत्ति इसी तरह के गलत विचारों के संक्रमण से हुई। इस तरह का गलत सोच हमारी दुनिया को छोटा कर देता है। भीतर और बाहरी दोनों ही दुनिया सिमट जाती हैं। तब हमारी छोटी-सी सफलता अहंकार बढ़ाने लगती है। थोड़ा-सा दुख अवसाद का कारण बन जाता है। कुल मिलाकर सोच ही गड़बड़ हो जाता है। अपने ही बोले हुए को सुनते रहना ज्यादा सीखने नहीं देता।

# तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय




संकलित

## प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक बार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहा- उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान् के दर्शन हो जाएंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहा- क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोला- जी हां ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूल पर कूद पड़ा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गए। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### लाला लाजपतराय जी का प्रेरणादायक जीवन

भारत में बहुत से महापुरुष हुए। इन महापुरुषों ने भारत को ही नहीं, बल्कि दुनिया को अच्छे मार्ग पर ले जाने के लिए बहुत से काम किए और दुनिया के लिए प्रेरक बनें। इन्हीं में से एक थे लाला लाजपतराय। उनका जन्म 28 जनवरी, 1865 को पंजाब में हुआ था। वह लेखक, वकील, क्रांतिकारी और बहुत से अच्छे गुणों से परिपूर्ण थे। उनका देश की आजादी में भी महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने साइमन कमीशन का विरोध वर्ष 1928 में किया था। इस विरोध के कारण उन पर लाठीचार्ज भी हुआ था। उन्हें पंजाब का शेर और पंजाब केसरी की उपाधि से नवाजा गया था। उन्होंने आर्य समाज के लिए भी काम किया था। उनकी जयंती पर राष्ट्र उन्हें नमन कर रहा है।

*– प्रतीक जैन, धमतरी*

# फोन हैकिंग के प्रयास को गंभीरता से क्यों नहीं लिया जाता?

आज का मोबाइल फोन केवल कॉल करने या संदेश भेजने का साधन नहीं है। यह हमारी डिजिटल पहचान, आर्थिक सुरक्षा, निजता, सामाजिक प्रतिष्ठा और कई बार व्यक्तिगत सुरक्षा का केंद्र बन चुका है। इसके बावजूद जब किसी व्यक्ति द्वारा फोन हैक करवाने या उसका प्रयास किए जाने की शिकायत सामने आती है, तो उसे अक्सर यह कहकर टाल दिया जाता है कि, "हैक तो हुआ नहीं, नुकसान क्या हुआ?" यही सोच इस पूरे विषय की सबसे बड़ी और खतरनाक भूल है। अपराध परिणाम से नहीं, इरादे और प्रयास से तय होता है। कानून में अपराध की परिभाषा केवल इस बात से नहीं होती कि अंतिम परिणाम क्या रहा, बल्कि इस बात से होती है कि इरादा (**Mens Rea**) क्या था और प्रयास (**Attempt**) किया गया या नहीं। जिस प्रकार- हत्या का प्रयास भी अपराध है, चोरी का प्रयास भी दंडनीय है। उसी प्रकार फोन हैक करने का प्रयास भी एक गंभीर साइबर अपराध है, भले ही वह तकनीकी कारणों से सफल न हो पाया हो। इसके बावजूद व्यवहार में **FIR** दर्ज नहीं होती, मामला **Non Cognizable** बताकर ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है, पीड़ित को मानसिक, सामाजिक और कानूनी रूप से अकेला छोड़ दिया जाता है, यह प्रवृत्ति कानून की भावना के विपरीत है।

***फोन हैकिंग : कानूनी रूप से कितना मजबूत मामला है***

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अंतर्गत फोन हैकिंग या उसके प्रयास पर कई सशक्त धाराएँ लागू होती हैं। धारा 43 / 66 : बिना अनुमति डिजिटल सिस्टम तक पहुँच। धारा 66**C** : डिजिटल पहचान (**OTP**, **SIM**, अकाउंट) का दुरुपयोग। धारा 66**D** : धोखाधड़ी की नीयत से कंप्यूटर संसाधन का प्रयोग। धारा 72 : गोपनीयता का उल्लंघन।

इसके अतिरिक्त **IPC** की धाराएँ :419, 420, 506 और महिलाओं के मामलों में 354**D** ,भी परिस्थितियों के अनुसार लागू होती हैं। स्पष्ट है कि कानून में हैकिंग का प्रयास स्वयं में दंडनीय अपराध है, बशर्ते इरादा और तैयारी सिद्ध हो, जो आज के डिजिटल युग में चैट, कॉल रिकॉर्ड, ट्रांजैक्शन और बयानों से संभव है। जब एक से अधिक लोग शामिल हों : यह आपराधिक साजिश है। वास्तविकता यह है कि फोन हैकिंग प्रायः किसी एक व्यक्ति का काम नहीं होती। अक्सर इसमें निर्देश देने वाला तकनीकी रूप से सक्षम व्यक्ति (हैकर) और सहयोगी या आर्थिक लेन-देन से जुड़े लोग शामिल होते हैं। ऐसी स्थिति में भारतीय दंड संहिता की धारा 120-**B** (आपराधिक साजिश) स्वतः लागू होती है। यदि दो या अधिक व्यक्ति किसी अवैध कार्य को करने या करवाने पर सहमत होते हैं, तो भले ही अपराध पूर्ण न हुआ हो, साजिश स्वयं एक स्वतंत्र अपराध है। इस पहलू की अनदेखी कर देना अपराधियों को सीधा लाभ पहुंचाता है। "कम पैसे में हैकर लगाया गया" या कम राशि में **hacker** तैयार हुआ काम को अंजाम देने के लिए इसलिए **hacking** संभव ही नहीं है।

***एक खतरनाक भ्रम है :*** अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि यदि हैकर को कम राशि दी गई हो, या भुगतान पूरा न हुआ हो, तो अपराध गंभीर नहीं माना जा सकता। यह धारणा पूरी तरह गलत है।

***हैकिंगः*** एक तकनीकी क्षमता है। यह आवश्यक नहीं कि हर बार पैसे के बदले ही की जाए, तकनीकी रूप से सक्षम व्यक्ति इसे मुफ्त में भी कर सकता है। कानून के लिए यह महत्वपूर्ण नहीं कि कितने पैसे दिए गए, बल्कि यह महत्वपूर्ण है कि किस उद्देश्य से डिजिटल गोपनीयता में सेंध लगाने का प्रयास किया गया। राशि कम होने से अपराध न तो हल्का होता है, न वैध।

*– शारदा सिंह*

## करंट अफेयर

# कैम्ब्रिज विवि ने भारत में नया शोध केंद्र किया शुरू

ब्रिटेन के प्रतिष्ठित कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने भारत में अपनी पहुंच का विस्तार करते हुए एक नए शोध केंद्र की शुरुआत और शीर्ष स्तर के स्नातक छात्रों के लिए अतिरिक्त प्रवेश मार्गों की घोषणा की है।



विश्वविद्यालय ने बताया कि 'कैम्ब्रिज -इंडिया सेंटर फॉर एडवांस्ड स्ट्डीज' (सीएएस) नवाचार, शोध और शिक्षण पर केंद्रित होगा तथा ब्रिटेन के अग्रणी विश्वविद्यालय और भारत की तेजी से बढ़ती ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करेगा। यह नया केंद्र भारत में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय की गतिविधियों के लिए एक केंद्रीय मंच के रूप में काम करेगा और बौद्धिक आदान-प्रदान, नीति निर्माण में योगदान और सामाजिक प्रभाव को बढ़ावा देगा। कैम्ब्रिज की कुलपति डेबोरा प्रेंटिस ने कहा, कैम्ब्रिज -इंडिया सीएएस भारत के श्रेष्ठ शोधकर्ताओं और नवोन्मेषकों के साथ सहयोग स्थापित करने और इस तेजी से बढ़ती ज्ञान अर्थव्यवस्था के साथ संबंध मजबूत करने का एक रोमांचक अवसर है। इस सप्ताह दिल्ली आए वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहीं प्रोफेसर प्रेंटिस ने यह भी घोषणा की कि विश्वविद्यालय कुछ स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए अतिरिक्त आवश्यकताओं के साथ सीबीएसई की 12वीं कक्षा की योग्यता को मान्यता देगा।

## ऑफ बीट

# कसरत की थकान से उबरने में आइस बाथ है लोकप्रिय

पिछले कुछ साल में 'आइस बाथ' का चलन तेजी से बढ़ा है। दुनिया भर में खुद को स्वस्थ रखने वाले और व्यायाम करने वाले लोग इसे अपना रहे हैं, हालांकि



पहले केवल एथलीट ही इसका उपयोग करते थे। 'आइस बाथ' का मतलब बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़ों से भरे पानी में नहाना है। कसरत की थकान से उबरने के लिए 'आइस बाथ' 'आइस बाथ' लेने का मुख्य कारण मांसपेशियों में दर्द को कम करना और व्यायाम के बाद थकान से उबरना है। धावक, भारोत्तोलक और फुटबॉल खिलाड़ी सहित एथलीट आमतौर पर 'आइस बाथ' का उपयोग करते हैं। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 'आइस बाथ' लेने से कसरत के बाद होने वाली थकान को दूर किया जा सकता है। शोध से पता चला है कि गहन व्यायाम के तुरंत बाद 'आइस बाथ' लेने से अगले कुछ घंटे और दिनों में मांसपेशियों का दर्द कम हो सकता है। 'आइस बाथ' से मांसपेशियों की ताकत, मजबूती और लचीलेपन जैसी चीजों में मदद मिल सकती है। 'आइस बाथ' से व्यायाम के बाद होने वाली सूजन, मांसपेशियों की सूजन और मांसपेशियों की क्षति जैसी चीजों में सुधार हो सकता है। अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें लगातार कई दिन तक तीव्र व्यायाम करना पड़ता है तो आपके लिए 'आइस बाथ' एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

# विपक्ष के सदस्यों ने संसद की गरिमा को नुकसान पहुंचाया, संसद व देश से माफी मांगनी चाहिए: नड्डा

- राष्ट्रपति अभिभाषण के दौरान विपक्ष की नारेबाजी, जी राम जी का विरोध
- राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान विपक्षी सदस्यों ने जो किया उससे देश शर्मिंदा है: रिजिजू

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संसद की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन के दौरान बुधवार को विपक्षी सदस्यों ने 'विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम' का विरोध करते हुए नारेबाजी की। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के सदस्यों ने 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) अधिनियम' के खिलाफ नारे लगाए और इसे वापस लेने की मांग की। इस पर सरकार ने विपख की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि विपक्ष को इस आचरण के लिए माफी मांगनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और किरेन रिजिजू ने विपक्ष की तीखी आलोचना की। नड्डा ने कहा कि जिस तरह से विपक्ष के सदस्यों ने संसद की गरिमा को नुकसान पहुंचाया, वह बेहद निंदनीय है। जितनी भी निंदा की जाए वह पर्याप्त नहीं है। उन्हें संसद और देश से माफी मांगनी चाहिए। रिजिजू ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा, संसद की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान विपक्षी सदस्यों ने जो किया उससे देश शर्मिंदा है। देश इसके लिए कांग्रेस और विपक्ष के सहयोगियों को कभी माफ नहीं करेगा। जरा सोचिए कि क्या कोई जिम्मेदार संसद सदस्य कभी इस तरह का व्यवहार कर सकता है। रिजिजू ने आरोप लगाया कि विपक्षी सदस्यों ने अपने आचरण से देश को शर्मिंदा किया और राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान नारे लगाकर सरदार वल्लभभाई पटेल, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर, बिरसा मुंडा, भूपेन हजारिका, गुरु तेग बहादुर और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का भी अपमान किया। अपने अभिभाषण में मुर्मू ने नए कानून का उल्लेख किया तो विपक्षी सदस्य फिर से नारे लगाने लगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे सहित विपक्षी सदस्य खड़े हो गए और कानून के प्रति विरोध जताया। राष्ट्रपति मुर्मू अपने संबोधन के दौरान एक पल के लिए रुकीं, हालांकि फिर उन्होंने संबोधन जारी रखा। विपक्ष के विरोध पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, राज्यसभा में सदन के नेता नड्डा ने एक वीडियो संदेश में कहा, संसद का बजट सत्र आज राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। लेकिन, जिस तरह से कांग्रेस और विपक्षी दलों के नेताओं ने आदतन संसदीय मर्यादाओं का उल्लंघन किया, वह पूरी तरह से निंदनीय है और इसकी जितनी निंदा की जाए वो कम है।' जब राष्ट्रपति अपने संबोधन में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाने और अमर विद्वान बंकिम बाबू को श्रद्धांजलि दे रही थीं, तो कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन ने हंगामा व नारे लगाए।' नड्डा ने टीएमसी की भी आलोचना की । यह 'आश्चर्यजनक' था कि सदस्यों ने विपक्ष के हंगामे में तब भाग लिया।

रिपोर्ट 2 महीने में होगी पेश, आईसीएआर-एनआरसीबी संस्थागत सहयोग देगा

# कृषि मंत्रालय ने तमिलनाडु में एफपीओ को मजबूत करने के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने तमिलनाडु में किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को मजबूत करने, उनकी कार्यप्रणाली की समीक्षा करने तथा उनके विस्तार एवं पहुंच को बेहतर बनाने के उपायों की सिफारिश करने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। इस पहल को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के हस्तक्षेप के बाद शुरू किया गया है, जिन्होंने तमिलनाडु के इरोड की अपनी हाल की यात्रा के दौरान एफपीओ के सामने उत्पन्न हो रही समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया और व्यापक एवं जमीनी स्तर पर किए गए आकलन के माध्यम से इन समस्याओं का समाधान करने के लिए समयबद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया।

यह निर्णय चौहान की हालिया एरोड यात्रा के बाद लिया गया है, जिस दौरान किसानों एवं हितधारकों के साथ एफपीओ द्वारा सामना की जा रही परिचालन, तकनीकी एवं बाजार संबंधी चुनौतियों पर चर्चा की गई। मंत्रालय ने राज्य में एफपीओके प्रदर्शन का अध्ययन करने एवं सुधारात्मक उपाय सुझाने के लिए समिति के गठन को मंजूरी प्रदान की है। इस समिति में नाबार्ड, नाफेड, एसएफएसी-तमिलनाडु, आईसीएआर-राष्ट्रीय केला अनुसंधान केंद्र, एफएपीओ के प्रतिनिधि, गैर सरकारी संगठन एवं कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी शामिल हैं, जो एक व्यापक और जमीनी स्तर पर मूल्यांकन सुनिश्चित करेंगे। यह समिति एफएपीओ को प्रभावित करने वाले प्रमुख मुद्दों की जांच करेगी, जिनमें संस्थागत शासन एवं प्रबंधन पद्धतियां, व्यावसायिक परिचालन एवं स्थिरता, तकनीकी सहायता एवं विस्तार संपर्क, एकत्रीकरण, मूल्यवर्धन एवं विपणन चुनौतियां, साथ ही क्षमता निर्माण एवं मार्गदर्शन संबंधी आवश्यकताएं शामिल हैं।समिति दो महीने में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग को अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

दिल्ली छावनी में बुधवार को एनसीसी रैली को संबोधित करते हुए बोले पीएम

# आधुनिक युद्ध में युवा कौशल की अहम भूमिका तकनीक में पिछड़ने के हैं बड़े नुकसान: मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नई दिल्ली के दिल्ली छावनी में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक ऐसा संगठन और आंदोलन है। जो देश की युवा शक्ति को आत्मविश्वासी, अनुशासित, संवेदनशील के साथ ही राष्ट्र के प्रति एक समर्पित नागरिक बनाता है। कैडेट्स की संख्या साल दर साल संगठन में और अधिक सशक्त हो रही है। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण बीते वर्षों में एनसीसी कैडेटों के आंकड़े का 14 लाख से बढ़कर 20 लाख तक जा पहुंचने से मिलता है। इसमें भी खासतौर पर कैडेटों की तादाद देश के सीमावर्ती, तटीय इलाकों में काफी बढ़ी है। संगठन ने इतिहास को स्मारकों से बाहर निकालकर जन-जन के हृदय में जीवंत बनाया है। पीएम ने कहा कि आजकल के आधुनिक युद्ध में युवा कौशल की भूमिका खासी बढ़ गई है। जिसमें अब युद्ध सिर्फ सीमा पर टैंक, बंदूक और गोलों तक ही सीमित नहीं रहा। आज लड़ाई कई मोर्चों पर जैसे कोड और क्लाउड में भी लड़ी जाती है। इस लिहाज से जो देश तकनीक में पीछे हैं। वो अर्थव्यवस्था में ही नहीं बल्कि सुरक्षा में भी कमजोर होते हैं। अपने संबोधन में पीएम ने विमान दुर्घटना में हुई महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री अजीत पवार व कुछ अन्य लोगों के दुखद निधन को लेकर संवेदनाएं भी व्यक्त की। बताते चलें कि रैली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स समेत कोर के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। 2026 में कोर के शिविर में देशभर से आए कुल करीब 2 हजार 406 कैडेटों ने भाग लिया। जिसमें लड़कियों की संख्या 800 से अधिक रही।

## भारतीय युवाओं पर दुनिया को भरोसा



उन्होंने कहा, आज पूरी दुनिया भारत के युवाओं की ओर भरोसे से देख रही है। मैं वैश्विक नेताओं से चर्चा करता हूं। उसके आधार पर पूरे दावे के साथ कह सकता हूं कि देश के युवा जितने परिश्रमी होते हैं, उतने ही उत्तम पेशेवर भी होते हैं। जिसकी वजह से उनकी बहुत अधिक मांग रहती है। वहीं, दुनिया का हमारे देश के युवाओं के प्रति जो भरोसा है, उसके पीछे उनका कौशल और संस्कार हैं। भारत के युवाओं के पास लोकतंत्र के संस्कार हैं। हमारे युवाओं के पास हर प्रकार की विविधता को सम्मान देने के संस्कार हैं। ऐसे में जब वो दुनिया में कहीं भी जाते हैं, तो उस देश के लोगों के साथ आसानी से घुल- मिल जाते हैं और उनके दिलों को जीत लेते हैं। मातृभूमि के प्रति अपार श्रद्धा और कर्मभूमि के प्रति समर्पण, यही हमारी विरासत है।

## सराहे ऑपरेशन सिंदूर में मदद के प्रयास

पीएम ने एनसीसी कैडेटों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर निकाली गई झांकी का भी जिक्र किया और कहा कि इस अभियान के दौरान आपके प्रयासों की मैं सराहना करता हूं। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी उस महत्वपूर्ण घड़ी में हमारे कैडेट्स ने अपनी जिम्मेदारियां बखूबी संभाली है। किसी ने सेनाओं की तैयारी में सहयोग दिया, तो किसी ने रक्तदान शिविर लगाए। किसी ने फर्स्ट ऐड कैंप के माध्यम से सेवा की। एनसीसी के युवाओं ने ये दिखा दिया कि कोर में परेड ग्राउंड की ट्रेनिंग के साथ ही देश सबसे पहले के विचार प्रवाह की ट्रेनिंग भी होती है। एनसीसी से मिली यही वो देशभक्ति, नेतृत्व की सीख है। जो कठिन समय में देश के प्रति पूरी शक्ति से काम करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि एनसीसी यही तो हमें सिखाती है, हम वहीं से सीखते हैं। जब मैं भी एनसीसी में था, तब मेरा भी नेशन फर्स्ट का भाव ऐसे ही मजबूत हुआ था।

## बहुत बड़े हैं विकसित भारत के मायने

उन्होंने साफ किया कि विकसित भारत का अर्थ केवल देश की आर्थिक समृद्धि तक ही सीमित नहीं है। बतौर नागरिक हमारा आचरण कैसा हो? यह भी विकसित भारत का एक महत्वपूर्ण पहलू है। इसलिए इस रूप में हमें अपने कर्तव्य को बहुत ज्यादा प्राथमिकता देनी चाहिए। पीएम ने स्वच्छ भारत अभियान में युवाओं के योगदान की प्रशंसा की और कहा कि मैं आज सभी से ये आह्वान करना चाहूंगा कि वो सप्ताह में किसी दिन, एक घंटे स्वच्छता से जुड़ा कोई ना कोई अभियान जरूर चलाएं। एनसीसी-एनएसएस इसे बढ़िया तरीके से कर सकते हैं।

## गिनाए ईयू एफटीए के फायदे

उन्होंने ईयू के 27 देशों के साथ भारत की एफटीए पर बनी सहमति के बारे में बताया और कहा, दुनिया इसकी मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स के रूप में प्रशंसा कर रही है। विश्व के लिए इसे गेम चेंजर बताया जा रहा है। जो युवाओं के लिए फ्रीडम टू एस्पायर है और उन्हें सीधे यूरोप के रोजगार बाजार से जोड़ता है। पीएम के मुताबिक, यह समझौता दुनिया की एक चौथाई जीडीपी और एक तिहाई ग्लोबल ट्रेड का प्रतिनिधित्व करता है। एफटीए का फायदा भारत के स्टार्टअप, हमारी रचनात्मक अर्थव्यवस्था को फिल्म, गेमिंग, फैशन, डिजिटल कंटेंट, म्यूजिक और डिजाइन को भी बहुत अधिक फायदा होगा। इसके अलावा युवाओं के लिए शोध-शिक्षा से लेकर आईटी और अन्य पेशेवर सेवाओं में भी अनगिनत अवसर बनेंगे। देश के अंदर निवेश बढ़ेगा, मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र मजबूत होगा।

## फिटनेस पर ध्यान दें युवा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी युवा शक्ति का बड़ा टेस्ट यही है कि हम आने वाले समय में कितने अधिक फिट होंगे। क्योंकि ये केवल कुछ मिनटों के व्यायाम तक सीमित नहीं है। बल्कि ये हमारे स्वभाव में भी आनी चाहिए। मोटापे की समस्या से देश में मधुमेह, ब्लड प्रेशर सहित ऐसी कई अन्य बीमारियों के भी खतरे बन रहे हैं, जिससे सबसे ज्यादा प्रभावित हमारा युवा ही हो सकता है। ऐसे में जरूरी है कि हम अभी से सतर्क रहें। अपने ऑइल इनटेक को कम करने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि मैंने कुछ समय पहले खाने में तेल की मात्रा 10 फीसदी तक कम करने का आग्रह किया था। आज फिर से मैं उसे दोहराना चाहूंगा।

# अंकिता हत्याकांड की जांच को भटकाने का प्रयास कर रही उत्तराखंड की सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



गणेश गोदियाल बोले- मुख्यमंत्री के ऐलान के 15 दिन बाद भी साफ नहीं कि मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई या नहीं

कांग्रेस ने उत्तराखंड की भाजपा सरकार पर अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच को भटकाने का गंभीर आरोप लगाया है। पार्टी ने कहा है कि मुख्यमंत्री द्वारा सीबीआई जांच की घोषणा के 15-17 दिन बीत जाने के बावजूद अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि सरकार ने वास्तव में सीबीआई को जांच सौंपने का औपचारिक प्रतिवेदन भेजा भी है या नहीं।

कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए उत्तराखंड कांग्रेस के अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सार्वजनिक रूप से यह घोषणा की थी कि अंकिता भंडारी के माता-पिता की राय लेकर इस मामले में दोबारा जांच कराई जाएगी। मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान अंकिता के माता-पिता ने लिखित रूप में दोषियों को फांसी दिए जाने, मामले में शामिल वीआईपी का नाम उजागर किए जाने और सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई जांच कराए जाने की मांग की थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने यह ऐलान किया कि मामले की सीबीआई जांच कराई जाएगी।

गोदियाल ने कहा कि यह स्वाभाविक था कि मामले में पीड़ित पक्ष, यानी अंकिता के माता-पिता के प्रार्थना पत्र को आधार बनाकर सीबीआई जांच की संस्तुति की जाती। लेकिन सरकार ने पीड़ित परिवार की बजाय एक तीसरे पक्ष द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के आधार पर सीबीआई जांच कराने की बात की, जिससे संदेह पैदा होता है कि जांच को जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड सरकार द्वारा सीबीआई को भेजा गया प्रतिवेदन अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि यह भी जानकारी मिल रही है कि सरकार नई एफआईआर के आधार पर इस मामले में वीआईपी के शामिल होने को एक काल्पनिक स्थिति बनाते हुए उसकी जांच करवाना चाहती है। जबकि यह कोई कल्पना नहीं, बल्कि यथार्थ है कि एक वीआईपी को सर्विस देने से मना करने पर एक लड़की की जान ली गई है। जब कांग्रेस ने यह बात कही कि जांच इस यथार्थ की ही होनी चाहिए, तो सरकार ने कदम पीछे खींच लिए और अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि सरकार ने सीबीआई को जांच सौंपी है या नहीं।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | एमसी सोनीपत में नामांकित स्थान पर सभी प्रकार से पूर्ण सभी संबंधित चार्जेज, शुल्क, इत्यादि (सभी लागू कर और किराया समेत) समेत ईवी चार्जिंग स्टेशन सीसीएस II 60 केडब्ल्यू ड्यूल गन चार्जर की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, प्रचालन | बंद होने की तिथि 09.02.2026 | रु. 99,96,453/- | https://etenders.hry.nic.in | 01302260100 xenhortmcs@gmail.com |
| 2 | नगर निगम सोनीपत | एमसी सोनीपत में पूर्वी साइड बैंचेज और ट्री गार्ड की आपूर्ति व स्थापना के लिए आकलन + 1 कार्य | बंद होने की तिथि 06.02.2026 | रु. 1,44,86,073/- | https://etenders.hry.nic.in | 01302260100 xenhortmcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/42454/I/88/7 दि. 28.01.26


# कांग्रेस नेतृत्व की मध्यप्रदेश और झारखंड के नेताओं से चर्चा



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने आज नई दिल्ली में मध्यप्रदेश और झारखंड के वरिष्ठ नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकों में विस्तार से चर्चा की। इन बैठकों में संगठनात्मक स्थिति, राजनीतिक हालात, जनआंदोलनों और आगामी रणनीति पर गहन मंथन किया गया। बैठकों की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने की, जबकि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, संबंधित राज्यों के प्रभारी महासचिव और प्रदेश नेतृत्व भी मौजूद रहा।

## मध्यप्रदेश पर फोकस

मध्यप्रदेश के नेताओं के साथ बैठक में पार्टी संगठन की मजबूती, जिला व ब्लॉक स्तर पर सक्रियता, जनसमस्याओं को लेकर आंदोलनात्मक कार्यक्रमों और विपक्ष की भूमिका को धार देने पर चर्चा हुई। नेतृत्व ने राज्य में किसान, बेरोजगारी, महंगाई और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों को लेकर कांग्रेस की सक्रिय मौजूदगी बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा गया कि पार्टी के भीतर अनुशासन, समन्वय और सामूहिक नेतृत्व को प्राथमिकता दी जाए तथा ज़मीनी स्तर पर जनता से निरंतर संवाद कायम रखा जाए।

# धनबाद की कोयला खदान में 50 मजदूर दबे

धनबाद। गलफरबाड़ी सन्यासी मंदिर के समीप जंगल में चल रही कोयले की अवैध कुआंनुमा तीन खदान मंगलवार की देर रात धंस गई। इसमें दबकर कई लोगों के मरने की आशंका है। लोगों ने बताया कि रात करीब एक बजे 50 से 60 मजदूर सन्यासी मंदिर के पास जंगल में खदान संचालक शक्ति की खदान में घुस कर अवैध ढंग से bs कोयला काट रहे थे।


## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

निविदा संख्या 442554463 दिनांक: 20.02.2026 के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत उप मुख्य सामग्री प्रबंधक द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | SET OF FASTENERS FOR BRAKE DISC ASSEMBLY OF WAP5 LOCO. ONE SET CONSISTS OF (1) STOVER LOCK NUT AS PER M/S FTRTIPL PART NO D000664-101, QTY-08 NOS. (2) DISC SPRING AS PER M/D FTRTIPL PART NO D000630-101, QTY-16 NOS. (3) SLIDING BLOCK AS PER M/S FTRTIPL PART NO D121084-100, QTY-08 NOS. (4) TENSION BUSH FOR INTERNAL AS PER M/S FTRTIPL PART NO D125882-100, QTY-08 NOS. (5) REDUCED SHAFT BOLT M16 AS PER M/S FTRTIPL PART NO D121403-100, QTY-08 NOS. |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | 18196072.00 |
| 3 | मात्रा | 100 sets |
| 4 | निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समय | 20.02.2026 (11:00 Hrs.) |
| 5 | निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि एवं समय | 20.02.2026 (11:00 Hrs.) |
| 6 | वेबसाइट का विवरण, जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

टिप्पणी: (i) ई-निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई-प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई भी मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं हैं। एनआईटी सं.: 442554463 दिनांक: 24.01.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 302/26

## उत्तर रेलवे

### ई-नीलामी हेतु सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/ मालभाड़ा सेवाएँ, दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे, के द्वारा रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022 के अनुसार, दिल्ली मंडल के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन (NZM) के वी पी साइडिंग (क्षेत्रफल 4763.50 वर्ग मीटर) में पार्किंग और पार्सल स्टैकइंग के प्रबंधन और संचालन हेतु आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियों के द्वारा पाँच (05) वर्ष के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण इस प्रकार है:

| ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | संसाधन जिनकी नीलामी की जानी है: |
|---|---|
| 10.02.2026 को प्रातः 11:00 बजे | वी पी साइडिंग, निजामुद्दीन में (कुल क्षेत्रफल 4763.50 वर्ग मीटर) पार्किंग सह प्रबंधन एवं स्टैकिंग के लिए, जिसकी अवधि पाँच (05) वर्ष की होगी। |

महत्वपूर्ण सूचना: 1. ई-नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html. (E-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। 2. धरोहर राशि जमा (ईएमडी): नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 10% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। 3. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन अनुबंधों को शीघ्र समाप्त करने और/ या स्थितियों के आधार पर संशोधित/ अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन अनुबंधों को बंद करने/ जारी रखने के संबंध में कोई भी निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 305/2026

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प, नरवाना | जींद जिले में गांव चांदपुर में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी (जीवीडी) का पुनर्निर्माण + 1 कार्य | 27.01.2026 02.02.2026 | 51.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा पंचकूला | कुरुक्षेत्र डिवीजन के लिए 5सीएस. क्षमता के 10 अदद ईपी सेट्स और 3सीएस. क्षमता के 20 अदद ईपी सेट्स की एक्सेसरीज | 28.01.2026 12.02.2026 | 14.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 xenproc@gmail.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा रोहतक | आरडी 81500-आर पर हैड रेगुलेटर, आरडी 85315 पर वी.आर. ब्रिज सह हैड रेगुलेटर और विभिन्न घाटों के निर्माण समेत आरडी 79000 से 107200 तक भिवानी सब ब्रांच की रिमॉडलिंग | बंद होने की तिथि 30.01.2026 | 1499.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा रोहतक | आरडी 82150 से 85500 आर महम ड्रेन की रिटेनिंग वॉल का निर्माण + 1 कार्य | बंद होने की तिथि 02.02.2026 | 700.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 5 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 1. ट्रिपल क्वैड्रुपल मास स्पेक्टोमीटर सहित लिक्विड क्रोमेटोग्राफी कपल्ड 2. गैस क्रोमेटोग्राफी ट्रिपल क्वैड्रुपोल मास स्पेक्टोमीटर 3. इन्डक्टिवली कपल्ड प्लाजमा-मास स्पेक्टोमीटर | 28.01.2026 11.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव बिजोपुर ब्लॉक बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद में अपशिष्ट जल की शोधन प्रक्रिया (जीडब्ल्यूएम) और ड्रेन्स का निर्माण + 6 कार्य | 22.01.2026 31.01.2026 | 239.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 7 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हिसार | गांव धरम खेड़ी, भकलाना ब्लॉक हांसी-II, जिला हिसार में वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजेक्ट के माध्यम से भूमि विकास कार्यक्रम के तहत रिक्लेमेशन कार्य | 27.01.2026 09.02.2026 | 363.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813562162 Ascohisar@gmail.com |
| 8 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हिसार | गांव थुराना (ब्लॉक हांसी-II), पाली (ब्लॉक नारनौंद) जिला हिसार में वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम के माध्यम से भूमि विकास कार्यक्रम | 27.01.2026 09.02.2026 | 359.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813562162 Ascohisar@gmail.com |
| 9 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हिसार | गांव सिसर ब्लॉक हांसी-II में वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजेक्ट के माध्यम से भूमि विकास कार्यक्रम | 27.01.2026 09.02.2026 | 225.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813562162 Ascohisar@gmail.com |
| 10 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, नूंह | वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम (पार्ट-2) गांव मलाब/रानिका (नूंह) | 22.01.2026 02.02.2026 | 364.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416354802 ascomewat@gmail.com |
| 11 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, नूंह | वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम (पार्ट-1) गांव मलाब (नूंह) | 22.01.2026 02.02.2026 | 571.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416354802 ascomewat@gmail.com |
| 12 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, नूंह | वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम गांवों गंदुरी, हस्सनपुर नूंह, धाधोला और रिथाट ब्लॉक नगीना (नूंह) | 22.01.2026 02.02.2026 | 337.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416354802 ascomewat@gmail.com |
| 13 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, नूंह | वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजेक्ट गांवों - किरा, करमचंदपुर, जयसिंहपुर ब्लॉक इंद्री (नूंह) | 22.01.2026 02.02.2026 | 359.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416354802 ascomewat@gmail.com |
| 14 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, नूंह | वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजेक्ट गांव - घसेरा/सुगरपुर बरवा | 22.01.2026 02.02.2026 | 280.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416354802 ascomewat@gmail.com |
| 15 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, नूंह | गांवों जलालपुर नूंह, खानपुर नूंह, खेडली नूंह और महुन ब्लॉक नगीना (नूंह) का वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम | 22.01.2026 02.02.2026 | 395.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416354802 ascomewat@gmail.com |
| 16 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, नूंह | वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम गांव - ताई, तेरकपुर, अलावलपुर, देवला नांगली, बीबीपुर/कलिंजार | 22.01.2026 02.02.2026 | 444.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416354802 ascomewat@gmail.com |
| 17 | जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, फतेहाबाद | फतेहाबाद कस्बा :- जलघर से प्रोप. बुस्टिंग स्टेशन तक राइजिंग मेन लाइन, बूस्टिंग स्टेशन को भरने के लिए जनस्वास्थ्य जलघर पर पंपिंग मशीनरी, स्वच्छ जल टैंक = 1 अदद (19.50 X 14.50 X 4.25 मी.), प्रोप. बुस्टिंग स्टेशन (3.65 X 3.05 मी.), रोड और पथ का निर्माण, प्रोप. बुस्टिंग स्टेशन के लिए पंपिंग मशीनरी, प्रोप. और मौजूदा बुस्टिंग स्टेशन के लिए गैस क्लोरिनेशन, टॉयलेट ब्लॉक 8 अदद का निर्माण, जलघर पर 1 अदद स्टाफ क्वार्टर और आंतरिक वितरण के लिए डीएनआईटी तथा उससे संबद्ध अन्य सभी कार्य | 27.01.2026 12.02.2026 | 392.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466645029 eepfatehabad@gmail.com |
| 18 | जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, फतेहाबाद | जंडवाला बग्गार :- आकार 400मिमी. डाया (2743 मी.) के आई/सी को बदलना, आकार :- 8.53 X 3.96 मी. के एक अदद पीसी का निर्माण, 3 अदद फिल्टर बैड आकार :- 3 X 6.50 X 9.75 मी. का निर्माण, 1 अदद आरसीसी स्वच्छ जल टैंक आकार :- 6.10 X 9.30 का निर्माण, हैड वर्क्स पाइपलाइन, चारदीवारी का निर्माण, सी.सी. रोड और पथ का निर्माण, वॉल पुट्टी, इनेमल और एक्रीलिक पेंट, 1 अदद एस/एस टैंक आकार :- 60.97 X 100.30 X 1.83 मी. का निर्माण, मौजूदा एस/एस टैंक आकार :- 46.34 X46.34 X 1.83 मी. की रेजिंग, मौजूदा एस/एस टैंक आकार :- 42.37 X 42.37 X 1.83 मी. की रेजिंग, मौजूदा संरचनाओं का विखंडन, बुस्टिंग स्टेशन हेतु 1 अदद पीसी आकार :- 3.66 X 3.05 मी. का निर्माण, जलघर पर 1 अदद टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण, बुस्टिंग स्टेशन को भरना और जलघर पर 2 अदद सीडब्ल्यूएसडब्ल्यू आकार :- 3.66 X 1.83 मी. का निर्माण, एक अदद आरडब्ल्यूएसडब्ल्यू आकार :- 3.66 X 1.83 मी. का निर्माण, एस/वी होदियों = 10 अदद का निर्माण, पंपिंग मशीनरी तथा उससे संबद्ध अन्य सभी कार्य | 27.01.2026 16.02.2026 | 343.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466645029 eepfatehabad@gmail.com |
| 19 | राजकीय आईटीआई नलवा (हिसार) | राजकीय आईटीआई नलवा में छोटे औजारों और उपकरणों की आपूर्ति | 28.01.2026 04.02.2026 | 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708374760 nalwa.giti@hry.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/380/42472/I/88/7 दि. 28.01.26

## रुपया 11 पैसे टूटकर 91.79 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया बुधवार को शुरुआती बढ़त को गंवा बैठा और अंत में 11 पैसे टूटकर 91.79 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। डॉलर सूचकांक में गिरावट से मिल रहा समर्थन लगातार विदेशी पूंजी की निकासी से बेअसर हो गया। अमेरिकी डॉलर सूचकांक में नरमी और यूरोप के साथ लंबे समय से प्रतीक्षित व्यापारिक समझौते से मिली राहत से रुपया मजबूती से खुला था।

# सोने के बदले कर्ज दो साल में दोगुना होकर हुआ 15.6 लाख करोड़

एजेंसी ▸▸ मुंबई

- सोने के बदले गोल्ड लोन में 42 फीसदी की वृद्धि दर्ज

सोने की कीमतों में तेज उछाल के बीच सुरक्षित माने जाने वाले इस खंड में बैंकों और अन्य कर्जदाताओं की दिलचस्पी बढ़ने से देश में सोने के आभूषण के बदले कर्ज दो साल में करीब दोगुना होकर नवंबर 2025 तक 15.6 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

क्रिफ हाई मार्क की रिपोर्ट के मुताबिक, नवंबर 2025 तक के एक साल में 'सोने के बदले कर्ज' (गोल्ड लोन) में 42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इससे पहले नवंबर 2024 तक के वर्ष में इसमें 39 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। इस वजह से नवंबर 2023 में 7.9 लाख करोड़ रुपये पर रहा कुल गोल्ड लोन पोर्टफोलियो दो साल में बढ़कर 15.6 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

## बैंकों और अन्य कर्जदाताओं की दिलचस्पा बढ़ी

### पात्रता बढ़ने से कर्ज राशि ज्यादा हुई

क्रिफ हाई मार्क ने कहा कि ऋण पोर्टफोलियो में यह तेज बढ़ोतरी सोने की ऊंची कीमतों और मजबूत गारंटी की वजह से हो रही है। सोने की कीमतों में आई तेजी से कर्ज लेने वालों की पात्रता बढ़ने से कर्ज की राशि भी ज्यादा हो गई है।



### खुदरा ऋण में गोल्ड लोन की हिस्सेदारी बढ़ी

रिपोर्ट के मुताबिक, सोने के बदले कर्ज को लेकर बढ़ते भरोसे के कारण खुदरा कर्ज के कुल पोर्टफोलियो में इसकी हिस्सेदारी भी बढ़ी है। नवंबर 2025 के अंत तक कुल खुदरा ऋण में गोल्ड लोन की हिस्सेदारी बढ़कर 9.7 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले 8.1 प्रतिशत थी।

### गोल्ड लोन खातों की वृद्धि सीमित रही

रिपोर्ट के मुताबिक, सक्रिय गोल्ड लोन खातों की संख्या में वृद्धि अपेक्षाकृत सीमित रही और इसमें 10.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। हालांकि 2.5 लाख रुपये से अधिक के कर्ज अब कुल पोर्टफोलियो का लगभग आधा हिस्सा बन चुके हैं जबकि मार्च 2023 में इनकी हिस्सेदारी 36.4 प्रतिशत थी।

### 56 फीसदी से अधिक कर्ज पुरुषों ने लिया

विश्लेषण में पाया गया कि कुल गोल्ड लोन में 56 प्रतिशत से अधिक कर्ज पुरुष उधारकर्ताओं ने लिए। हालांकि कर्ज चुकाने के मामले में महिला कर्जदारों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत बेहतर रहा है।

### पीएसयू बैंकों का दबदबा बना हुआ

बाजार हिस्सेदारी के लिहाज से गोल्ड लोन में सरकारी स्वामित्व वाले बैंकों का दबदबा बना हुआ है और इस कारोबार में उनकी हिस्सेदारी करीब 60 प्रतिशत है। वहीं, गोल्ड लोन पर केंद्रित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की हिस्सेदारी 8.1 प्रतिशत रही।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जारी किया अधिकृत आंकड़ा

# दिसंबर में जमकर हुआ औद्योगिक उत्पादन 7.8% से बढ़ा उत्पादन, दो साल का बना रिकॉर्ड

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

खनन, विनिर्माण एवं बिजली क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन से देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर दिसंबर 2025 में दो साल से अधिक के उच्चतम स्तर 7.8 प्रतिशत पर पहुंच गई। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन दिसंबर 2024 में 3.7 प्रतिशत बढ़ा था।

आधिकारिक बयान में कहा गया, '' दिसंबर 2025 में औद्योगिक गति और मजबूत हुई क्योंकि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 7.8 प्रतिशत बढ़कर दो वर्ष से अधिक के अपने उच्च स्तर पर पहुंच गया। नवंबर 2025 में इसमें 7.2 प्रतिशत (संशोधित) की वृद्धि दर्ज की गई थी।'

**खास बातें**

- खनन, विनिर्माण व बिजली क्षेत्रों का मजबूत प्रदर्शन रहा
- अस्थायी अनुमान 6 .7 फीसदी को संशोधित किया गया था
- विनिर्माण क्षेत्र में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई



### प्राथमिक वस्तुओं की वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत

*उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार दिसंबर 2025 में सालाना आधार पर प्राथमिक वस्तुओं की वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत, पूंजीगत वस्तुओं में 8.1 प्रतिशत, मध्यवर्ती वस्तुओं में 7.5 प्रतिशत, अवसंरचना/निर्माण वस्तुओं में 12.1 प्रतिशत, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में 12.3 प्रतिशत और उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं में 8.3 प्रतिशत रही।*

### विनिर्माण क्षेत्र में 23 उद्योग समूह शामिल

*आईआईपी की वृद्धि में दिसंबर 2025 में शीर्ष तीन प्रमुख योगदान करने वाले क्षेत्र अवसंरचना निर्माण वस्तुएं, प्राथमिक वस्तुएं और मध्यवर्ती वस्तुएं हैं। विनिर्माण क्षेत्र में 23 उद्योग समूहों में से 16 ने दिसंबर 2025 में सालाना आधार पर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है।*

### विनिर्माण क्षेत्र का योगदान 12.7 फीसदी रहा

*आईआईपी आंकड़ों में दिसंबर 2025 के शीर्ष तीन सकारात्मक योगदानकर्ताओं में बुनियादी धातुओं का विनिर्माण (12.7 प्रतिशत), मोटर वाहन, ट्रेलर व सेमी-ट्रेलर (33.5 प्रतिशत) और दवा औषधीय रसायन एवं वनस्पतिक उत्पाद (10.2 प्रतिशत) शामिल हैं।*

### अप्रैल-दिसंबर में वृद्धि दर घटी थी

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने नवंबर 2025 के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि के अनुमान को पिछले महीने जारी किए गए 6.7 प्रतिशत के अस्थायी अनुमान से संशोधित करके 7.2 प्रतिशत कर दिया है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 3.9 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 4.1 प्रतिशत थी।

### विनिर्माण क्षेत्र में आईटी क्षेत्र में ज्यादा वृद्धि

एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2025 में विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो दिसंबर 2024 में 3.7 प्रतिशत रही थी। इसमें कहा गया, '' विनिर्माण क्षेत्र में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज करने वाले उद्योग कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक व ऑप्टिकल उत्पाद (34.9 प्रतिशत), मोटर वाहन, ट्रेलर व सेमी-ट्रेलर (33.5 प्रतिशत) और अन्य परिवहन उपकरण (25.1 प्रतिशत) हैं।''

### खनन उत्पादन में 6.8 फीसदी की वृद्धि

खनन उत्पादन में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जो दिसंबर 2024 में 2.7 प्रतिशत थी। बिजली उत्पादन में दिसंबर 2025 में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि 2024 की इसी महीने में यह 6.2 प्रतिशत थी।

## लगातार दूसरे दिन बाजार में तेजी सेंसेक्स 487 अंक उछला

**मुंबई (भाषा)।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता से बढ़े उत्साह के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन तेजी के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 487 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी में 167 अंकों की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 487.20 अंक यानी 0.60 प्रतिशत उछलकर 82,344.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 646.49 अंक की तेजी के साथ 82,503.97 अंक तक पहुंच गया था। वहीं एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी 167.35 अंक यानी 0.66 प्रतिशत बढ़कर 25,342.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर दिसंबर तिमाही के नतीजों के बाद करीब नौ प्रतिशत तक उछल गए। इसके अलावा इटर्नल, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में भी तेजी रही। दूसरी तरफ, एशियन पेंट्स के शेयरों में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई।

## अमेजन 16,000 कर्मियों की जल्द करेगी छंटनी

**न्यूयॉर्क।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन तीन महीने में दूसरी बार बड़े पैमाने पर छंटनी करते हुए लगभग 16,000 नौकरियों की कटौती कर रही है। कंपनी ने कहा कि उसकी कर्मचारियों की जगह जनरेटिव यानी सृजन से जुड़े कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल करने की योजना है। महामारी के दौरान बढ़ी हुई कार्यबल संख्या को भी धीरे-धीरे कम किया जा रहा है। ई-कॉमर्स कंपनी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष बेथ गैलेटी ने बुधवार को एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि कंपनी विभिन्न स्तरों को घटा रही है, कर्मचारियों की जिम्मेदारी बढ़ा रही है और नौकरशाही को कम कर रही है।



**नई दिल्ली।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर गुजरात के सीमावर्ती भुज जिले के 'ग्रेट रन ऑफ कच्छ' के धोरडो में सोमवार को देशभक्ति और स्वदेशी शक्ति का ऐतिहासिक संगम देखने को मिला, जब यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पूज्य बापू की विरासत खादी से निर्मित दुनिया का सबसे विशाल स्मारकीय राष्ट्रीय ध्वज को पूरे सम्मान और गौरव के साथ में भव्य एवं दिव्य रूप में प्रदर्शित किया गया। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), भारत सरकार द्वारा इस विशेष प्रदर्शन का आयोजन किया गया। 'सफेद नमक के रेगिस्तान' के ऊपर आलोकित यह ऐतिहासिक तिरंगा राष्ट्रभक्ति, स्वदेशी भावना एवं भारत की सांस्कृतिक विरासत का भव्य प्रतीक बना। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने देश की एकता, अखंडता और गौरवशाली परंपरा को साकार होते हुए देखा। देशभर के खादी कारीगरों ने वीडियो संदेश के माध्यम से कच्छ में लगे दुनिया के सबसे विशाल तिरंगे को सैल्यूट करके नया कीर्तिमान बनाया।

## राष्ट्रीय पीएनजी ड्राइव 2.0 के तहत भुवनेश्वर में घरेलू पीएनजी कनेक्शन शुरू



**भुवनेश्वर।** गेल इंडिया लिमिटेड ने भुवनेश्वर में स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने की दिशा में एक और अहम कदम उठाते हुए दो प्रमुख आवासीय सोसाइटियों में घरेलू पाइप्ड नेचुरल गैस (डीपीएनजी) कनेक्शन की शुरुआत की है। यह पहल राष्ट्रीय पीएनजी ड्राइव 2.0 के तहत की गई है, जिससे शहर में सुरक्षित, सस्ता और लगातार गैस सप्लाई सुनिश्चित होगी। पहला कनेक्शन खंडगिरी क्षेत्र की कॉस्मोपोलिस रेजिडेंशियल सोसाइटी में शुरू किया गया, जहां 835 फ्लैट्स को पीएनजी सुविधा से जोड़ा गया। इस मौके पर गेल के अधिकारी और भुवनेश्वर की सांसद अपराजिता सारंगी मौजूद रहीं। उन्होंने पीएनजी के फायदे बताते हुए कहा कि यह गैस सुरक्षित है, इस्तेमाल में आसान है, बिना रुकावट मिलती है और घरों के लिए किफायती भी है। इसके बाद ऐगिनिया स्थित श्री क्षेत्र रेजिडेंसी सोसाइटी में 144 फ्लैट्स के लिए भी डीपीएनजी कनेक्शन शुरू किए गए। इस अवसर पर सांसद अपराजिता सारंगी ने खुद के पीएनजी उपयोग के अनुभव साझा करते हुए लोगों से इस स्वच्छ ईंधन को अपनाने की अपील की।

## चांदी रिकॉर्ड 3.85 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को सोना और चांदी की कीमतों में तेजी का सिलसिला जारी रहा। कमजोर अमेरिकी डॉलर और वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच दोनों नए शिखर पर पहुंच गए। चांदी में लगातार तीसरे दिन तेजी आई और यह 15,000 रुपये यानी 4.05 प्रतिशत बढ़कर 3,85,000 रुपये (सभी कर सहित) प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में यह 3,70,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर थी, जबकि शुक्रवार को यह 3,29,500 रुपये प्रति किलोग्राम थी। सराफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 5,000 रुपये यानी तीन प्रतिशत बढ़कर 1,71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गया। मंगलवार को यह 1,66,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

## कंपनियों को 2044 तक होगी 3,300 नए विमानों की जरूरत



**हैदराबाद।** भारत और दक्षिण एशिया की विमानन कंपनियों को हवाई यातायात की बढ़ती मांग से 2044 तक करीब 3,300 नए विमानों की आवश्यकता होगी। विमान बनाने वाली अमेरिकी कंपनी बोइंग ने बुधवार को एक रिपोर्ट में कहा कि अनुमानित आपूर्ति में से करीब 90 प्रतिशत यानी 2,875 'सिंगल-आइल' विमान यानी एक गलियारा वाले विमान होंगे जबकि चौड़े आकार के विमानों की संख्या 395 होगी। दक्षिण एशिया के लिए अपने 'वाणिज्यिक बाजार परिदृश्य' (सीएमओ) में बोइंग ने कहा कि अगले दो दशकों में इस क्षेत्र की विमानन कंपनियों को करीब 45,000 पायलट, 45,000 तकनीशियन और चालक दल के 51,000 सदस्यों की आवश्यकता होगी। बोइंग के यूरेशिया एवं भारतीय उपमहाद्वीप के वाणिज्यिक विपणन के प्रबंध निदेशक अश्विन नायडू ने कहा कि भारत एक विकासशील बाजार है और देश में विमानों की संख्या में और वृद्धि होगी।

## एस्सार 100 ईंधन चार्जिंग केंद्र करेगी स्थापित

एजेंसी ▸▸ बेतुल (गोवा)

एस्सार ग्रीन मोबिलिटी भारत की सबसे बड़ी स्वच्छ माल ढुलाई पहल के तहत देशभर में 100 वैकल्पिक ईंधन एवं चार्जिंग केंद्र के नेटवर्क समर्थित 30,000 एलएनजी और इलेक्ट्रिक ट्रक को तैनात करने का लक्ष्य बना रही है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस विस्तार से माल ढुलाई कार्यों से सालाना लगभग 10 लाख टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आने की उम्मीद है जो परिवहन उत्सर्जन में एक प्रमुख योगदानकर्ता है। साथ ही लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को कार्बन मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम




है। एस्सार ग्रुप के परिचालन भागीदार (ऊर्जा) बी. सी. त्रिपाठी ने कहा,डीजल से छुटकारा पाने की प्रक्रिया तभी संभव होगी जब स्वच्छ विकल्प माल ढुलाई की परिचालन और आर्थिक वास्तविकताओं के अनुरूप होंगे। यही वह कमी है जिसे हम दूर करने का प्रयास कर रहे हैं।

## राशिफल

**मेष** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** – कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क** – अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** – आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** – कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** – वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर बैंक ऑफ बडौदा आरसेटी कानपुर नगर के परिसर में गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया।संस्थान कि निदेशक श्रीमति शिवांगी जायसवाल जी द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान गाया गया और उपस्थित सभी सदस्यों ने राष्ट्र के प्रति अपनी एकता एवं निष्ठा का संकल्प लिया। इस अवसर पर आरसेटी के संकाय रीना यादव जी, विशाल कमल जी एवं कार्यालय सहायक रश्मि यादव जी और अभिषेक यादव जी उपस्थित रहे। साथ ही कार्यक्रम में सहभागिता कर समारोह की शोभा बढ़ाई। सभी उपस्थितजनों ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संविधान के मूल्यों का पालन करने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प व्यक्त किया। समारोह का समापन देशभक्ति नारों एवं सभी प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## जेआईआईटी नोएडा में ICABB-2026 का शुभारंभ जैव-विज्ञान में वैश्विक नवाचारों पर मंथन




**नई दिल्ली।** जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (**JIIT**), नोएडा 28 से 30 जनवरी 2026 तक 9वें अंतर्राष्ट्रीय जैव विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी सम्मेलन (**ICABB**-2026) की आतिथ्य करेगा। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन को भारत सरकार द्वारा **CSIR** और **ANRF** का सहयोग प्राप्त है। यह आयोजन दुनिया भर के वैज्ञानिकों, और शोधकर्ताओं को एक साझा मंच पर लाता है। इस वर्ष सम्मेलन का विषय "जैव चिकित्सा और जैव अभियांत्रिकी के क्षेत्र में नवीन नवाचार" पर आधारित है। उद्घाटन सत्र में पद्म श्री और पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित डॉ. विजय कुमार सारस्वत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। डॉ. सारस्वत, एक प्रतिष्ठित भारतीय वैज्ञानिक, नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य हैं। इससे पूर्व वे डीआरडीओ के प्रमुख, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के कुलाधिपति और रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार के रूप में कार्य कर चुके हैं। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के कुलपति प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह उपस्थित थे।

## नई दिल्ली से सीआईएसएफ वंदे मातरम् तटीय साइक्लोथॉन–2026 का वर्चुअल शुभारंभ



**नई दिल्ली।** सीआईएसएफ की प्रमुख राष्ट्रीय जनसंपर्क एवं जन-जागरूकता पहल "वंदे मातरम् तटीय साइक्लोथॉन–2026" का आज प्रातः 07:30 बजे मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम, नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर माननीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस शुभारंभ के साथ ही 25 दिनों के इस विशाल राष्ट्रीय अभियान की औपचारिक शुरुआत हुई। सीआईएसएफ की दो साइक्लिंग टीमें एक साथ बक्कखाली (पश्चिम बंगाल) एवं लखपत (गुजरात) से रवाना हुईं। ये टीमें देश के पूर्वी एवं पश्चिमी तटों के लगभग 6,500 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए 9 तटीय राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरेंगी और 22 फरवरी 2026 को कोच्चि में इसका समापन होगा। विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति एवं अंतर-एजेंसी सहयोग शुभारंभ समारोह में अनेक विशिष्ट गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## शब्द पहेली - 6122



**बाएँ से दाए**

1. ईष्ट कृपा, वर-4
3. मान का विलोम-4
8. शैतानी करना-4,3
10. झगड़ा, बैर-3
11. जंगल, वन-3
13. सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15. जलने के बाद बचे अवशेष-2
17. कार्य-2
18. पतवार-2
19. नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21. नमस्कार-3
25. बूंद-3
26. जिज्ञासा, लगन-3
27. आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30. मां के माता-पिता-2,2
31. रपटना-4

**ऊपर से नीचे**

2. वलय, घेरा-3
4. तीन घंटे का समय-3
5. खिसकना-4
6. उन्मादी, मदमस्त-4
7. यज्ञ, होम-3
8. नगर-3
9. तिरस्कृत-3
12. रूप अभिमान-3
13. शांति-3
14. प्रतिज्ञा-3
16. सहभोज-3
20. मोजा, पायताबा-3
22. उदारता-4
23. परवरिश करना-3
24. वचन तोड़ना-4
25. लेखनी-3
28. लिखावट-3
29. अमीर, धनवान-3

**शब्द पहेली- 6121 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मा | न | त | | अ | | बी | र | ब | ल |
| | ला | | वा | | म | हि | मा | | ल | ब |
| म | | | य | की | न | | र | | | कु |
| त | क | ली | फ | | चै | त्र | | क | ल | श |
| वा | | ड | | रा | न | | गै | | ह | |
| ला | प | र | वा | ह | | का | र | गु | जा | री |
| | र | | दा | | अ | स्त | | मा | | मा |
| प्र | ख | र | | पा | प | | म | न | च | ला |
| जा | | | शा | | ह | न | न | | | गू |
| प | र | | पि | ह | र | | ह | | शा | |
| ति | जा | र | त | | ण | | र | ह | म | त |





# चौथा टी-20: न्यूजीलैंड ने भारत को 50 रन से हराया

भाषा ▶▶ विशाखापत्तनम

शिवम दुबे ने बेहद आक्रामक अर्धशतकीय पारी खेली लेकिन यह न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां बुधवार को खेले गए चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत की 50 रन की हार को टालने के लिए पर्याप्त नहीं था। न्यूजीलैंड ने सात विकेट पर 215 रन बनाने के बाद भारत को 18.4 ओवर में 165 रन पर आउट कर दिया। दुबे ने 23 गेंदों पर 65 रन (तीन चौके, सात छक्के) की विस्फोटक पारी खेली और 216 रन के कठिन लक्ष्य का पीछा करते हुए लगभग अकेले संघर्ष किया। इस जीत के साथ कीवी टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला में अंतर को 3-1 कर दिया। इशान किशन के चोट के कारण बाहर रहने से अभिषेक शर्मा और सूर्यकुमार यादव से तेज शुरुआत की उम्मीद थी। लेकिन अभिषेक भारत की पहली ही गेंद पर आउट हो गए, जब उन्होंने मैट हेनरी की गेंद को डीप पॉइंट पर डेवोन कॉन्वे के हाथों में थमा दिया। सूर्यकुमार यादव के रक्षात्मक शॉट को जैकब डफी ने शानदार रिटर्न कैच में तब्दील किया और भारत का स्कोर नौ रन पर दो विकेट हो गया। रिंकू सिंह (39) और संजू सैमसन (24) ने पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन वे पावरप्ले में या उसके बाद रन गति नहीं बढ़ा सके। रिंकू को जैक फोक्स ने पगबाधा आउट किया, जबकि डफी की गेंद पर शानदार फ्लिक शॉट से छक्का लगाने वाले सैमसन को मिचेल सैंटनर की सीधी गेंद ने बोल्ड कर दिया। हार्दिक पांड्या भी कोई खास योगदान नहीं दे सके और 11वें ओवर में भारत का स्कोर 82 रन पर पांच विकेट हो गया। इसके बाद दुबे और हर्षित राणा (9) पर जिम्मेदारी आ गई। दुबे ने बेखौफ बल्लेबाजी की और लगातार बढ़ती रन गति के दबाव को शायद ही महसूस किया, जो ज्यादातर समय 14 के आसपास बनी रही। जब वह 46 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे तो मैदानी अंपायर ने उन्हें पगबाधा करार दिया लेकिन डीआरएस के जरिए वह आउट होने से बच गये। उन्होंने लेग स्पिनर ईश सोढ़ी के तीसरे ओवर में 29 रन बटोरे, जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल थे। दुबे ने डफी की गेंद पर स्क्वायर लेग के ऊपर छक्का लगाकर महज 15 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह भारत की ओर से इस प्रारूप में तीसरा सबसे तेज अर्धशतक है। छठे विकेट के लिए दुबे और हर्षित राणा ने 63 रन जोड़े, जिसमें राणा का योगदान चार रन का रहा। लेकिन दुबे की किस्मत तब साथ छोड़ गई, जब राणा का सीधा शॉट हेनरी के हाथ से टकराकर नॉन-स्ट्राइकर एंड पर स्टंप्स से जा टकराया। इसके साथ ही भारत की उम्मीदें खत्म हो गयी। इससे पहले टिम सिफर्ट की तूफानी अर्धशतकीय पारी से न्यूजीलैंड ने 200 रन के पार पहुंचाया।

■ शिवम दुबे ने खेली बेहद आक्रामक अर्धशतकीय पारी

**न्यूजीलैंड-215/7 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| कोन्वे का रिंकू बो कुलदीप | 44 |
| सिफर्ट का रिंकू बो अर्शदीप | 62 |
| रवींद्र का एवं बो बुमराह | 02 |
| फिलिप्स का रिंकू बो कुलदीप | 24 |
| चैपमैन का राणा बो बिश्नोई | 09 |
| डेरिल मिचेल नाबाद | 39 |
| मिचेल सैंटेनर रन आउट | 11 |
| फोक्स का रिंकू बो अर्शदीप | 13 |
| मैट हेनरी नाबाद | 06 |
| **अतिरिक्त:** | 06 |

**कुल योग:** 20 ओवर में सात विकेट पर 215 रन
**विकेट पतन:** 1-100, 2-103, 3-126, 4-137, 5-152, 6-163, 7-182
**गेंदबाजी:** अर्शदीप 4-0-33-2, राणा 4-0-54-0, बुमराह 4-0-38-1, बिश्नोई 4-0-49-1, कुलदीप 4-0-39-2

**भारत-165 (18.4)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक का कोन्वे बो हेनरी | 00 |
| संजू सैमसन बो सैंटेनर | 24 |
| सूर्यकुमार का एवं बो डफी | 08 |
| रिंकू सिंह पगबाधा फोक्स | 39 |
| हार्दिक का फोक्स बो सैंटेनर | 02 |
| शिवम दूबे रन आउट | 65 |
| हर्षित राणा का रवींद्र बो सोढ़ी | 09 |
| रवि बिश्नोई नाबाद | 10 |
| अर्शदीप का सैंटेनर बो सोढ़ी | 00 |
| बुमराह का सोढ़ी बो सैंटेनर | 04 |
| कुलदीप का सिफर्ट बो डफी | 01 |
| अतिरिक्त: | 3 |

**कुल योग:** 18.4 ओवर में सभी आउट: 165 रन
**विकेट पतन:** 1-0, 2-9, 3-55, 4-63, 5-82 , 6-145 , 7-157, 8-157, 9-162
**गेंदबाजी:** हेनरी 3-0-24-1, डफी 3.4-0-33-1, फोक्स 3-0-29-1, सोढ़ी 4-0-46-2, सैंटेनर 4-0-26-3, फिलिप्स 1-0-7-0

## खबर संक्षेप



### अर्शदीप और हार्दिक होंगे सफलता की कुंजी: रोहित

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि आगामी टूर्नामेंट में हरफनमौला हार्दिक पंड्या और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भारत की सफलता की कुंजी होंगे। गत चैंपियन भारत प्रबल दावेदार के रूप में टूर्नामेंट में उतरेगा। रोहित ने कहा, 'जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह दोनों का साथ में होना हमारे लिए बहुत सकारात्मक है क्योंकि दोनों विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। अर्शदीप नई गेंद से स्विंग कराने में माहिर है और शुरुआती विकेट लेता है। वह नई गेंद से और डैथ ओवरों में गेंदबाजी करता है। शुरुआत और अंत बहुत महत्वपूर्ण है और वह दोनों में मजबूत है।' रोहित ने कहा, 'अर्शदीप नई गेंद को स्विंग कराके बाएं हाथ के बल्लेबाजों को स्लिप में कैच आउट करा सकता है और दाहिने हाथ के बल्लेबाजों के पैड को निशाना बना सकता है। उन्होंने कहा,' वह टी20 विश्व कप 2026 में भी भारत के लिए अहम साबित होगा।'

### चेन्नइयिन एफसी ने किया नोगुएरा से करार

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने स्पेन के मिडफील्डर अल्बर्टो नोगुएरा के साथ इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सत्र के अंत तक का अनुबंध करने की घोषणा की। वह इस सत्र में टीम के साथ जुड़ने वाले दूसरे नये खिलाड़ी है।



नोगुएरा को करीब 400 पेशेवर फुटबॉल मैचों का अनुभव है। उन्होंने स्पेन, इंग्लैंड, अजरबैजान और भारत में लंबे समय तक खेलने का अनुभव है। वह इससे पहले आईएसएल में एफसी गोवा, मुंबई सिटी एफसी और बेंगलुरु एफसी का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस मिडफील्डर ने 2020 से आईएसएल के पांच सत्रों में तीन क्लबों के लिए 90 से अधिक मुकाबले खेले हैं। उन्होंने इस दौरान 14 गोल किए और 15 गोल में मददगार की भूमिका निभाई। चेन्नईयिन एफसी से जुड़ने पर नोगुएरा ने कहा, जो कुछ भी हुआ है उसके बाद नए सत्र को लेकर मैं वास्तव में खुश और उत्साहित हूं।

टाटा स्टील शतरंज मास्टर्स

## आर प्रज्ञानानंदा की पहली जीत एरिगैसी ने खेला ड्रा, गुकेश हारे



एजेंसी ▶▶ विज्क आन ली

विश्व चैंपियन डी. गुकेश को टाटा स्टील मास्टर्स में के नौवें दौर में जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम के खिलाफ पराजय झेलनी पड़ी, जबकि अर्जुन एरिगैसी को अमेरिका के हैंस मोक नीमैन के साथ ड्रॉ से संतोष करना पड़ा।

कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का टिकट पक्का करने वाले इकलौते भारतीय आर प्रज्ञानानंदा ने टूर्नामेंट में पहली बार सफलता का स्वाद चखा। विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव उज्बेकिस्तान के हमवतन नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के साथ बराबरी की बाजी खेली। अब्दुसत्तोरोव छह अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं।

सिंदारोव नीदरलैंड्स के जोर्डन वान फोरेस्ट और तुर्किये के यागिज कान एरदोग्मुस के साथ 5.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है।

टूर्नामेंट में अब चार दौर शेष है और नीमैन पांच अंक के साथ इनके ठीक पीछे हैं। गुकेश, प्रज्ञानानंदा और अर्जुन के खाते में चार-चार अंक हैं।

### भारतीय खिलाड़ियों के लिए खिताब जीतना मुश्किल

भारतीय खिलाड़ियों के लिए अब खिताब जीतना काफी मुश्किल हो गया है। गुकेश की हार परेशान करने वाली रही क्योंकि वह सफेद मोहरों से खेल रहे थे। उन्होंने 37 चाल के बाद हार मान ली। प्रज्ञानानंदा ने हमवतन अरविंद चिदंबरम को हराकर टूर्नामेंट की पहली जीत दर्ज की। उनके लिए बड़ा सवाल यही है कि क्या यह जीत बहुत देर से आई। दिन का सबसे प्रभावशाली मुकाबला पूर्व चैंपियन फोरेस्ट ने खेला। उन्होंने जर्मनी के विंसेंट कीमर को महज 26 चालों में शिकस्त दी। तुर्किये की 14 साल के एरदोग्मुस तेजी से दुनिया के सबसे युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी की तरह उभर रहे हैं। उन्होंने चेक गणराज्य के थाई दाई वान गुयेन को हराकर एक और प्रभावशाली सफलता हासिल की। एरिगैसी ने सफेद मोहरों से खेलते हुए अच्छी शुरुआत लेकिन वह लय को बरकरार नहीं रख सके और नीमैन ने कुछ अच्छी चालों के बाद उन्हें इस बाजी को बराबरी पर खत्म करने के मजबूर किया।

**टी20 रैंकिंग : अभिषेक शीर्ष पर बरकरार, तिलक तीसरे स्थान पर काबिज**

# आईसीसी रैंकिंग में टीम इंडिया का दबदबा, सूर्यकुमार की लंबी छलांग

एजेंसी ▶▶ दुबई

कप्तान सूर्यकुमार यादव न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही पांच मैचों की घरेलू श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों के वर्ग में पांच पायदान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए।

भारत ने अभी तक पांच मैच की इस श्रृंखला के पहले तीनों मैच जीते हैं। पूर्व में नंबर एक रहे सूर्यकुमार ने इन मैच में 32, नाबाद 82 और नाबाद 57 रन बनाए, जिससे वह रैंकिंग में आगे बढ़ने में सफल रहे। भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा टी20 विश्व कप से पहले बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि तिलक वर्मा तीसरे स्थान पर हैं। तिलक वर्मा चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला में नहीं खेल रहे हैं।




### ईशान ने रैंकिंग में फिर से किया प्रवेश



रायपुर में खेले गए दूसरे मैच में 32 गेंदों पर 76 रन बनाने वाले ईशान किशन ने 64वें स्थान पर रैंकिंग में फिर से प्रवेश किया है। शिवम दुबे (नौ स्थान ऊपर 58वें स्थान पर) और रिंकू सिंह (13 स्थान ऊपर 68वें स्थान पर) को भी अपने अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है। दुबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ 2-1 से श्रृंखला जीतने के दौरान शानदार प्रदर्शन करने वाले अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान दो पायदान ऊपर चढ़कर 13वें और रहमानुल्लाह तीन पायदान ऊपर चढ़कर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे दरवेश रसूली 29 पायदान ऊपर चढ़कर 87वें स्थान पर पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मार्क्रम वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले मैच में 47 गेंदों पर खेली गई 86 रन की नाबाद पारी के दम पर शीर्ष 20 में पहुंच गए हैं। वेस्टइंडीज के ब्रैंडन किंग (15 स्थान ऊपर 35वें स्थान पर) और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स (18 स्थान ऊपर 44वें स्थान पर) को भी फायदा हुआ है।

### बुमराह चढ़े चार पायदान ऊपर, पहुंचे 13वें स्थान पर

टी20 में गेंदबाजों की रैंकिंग में अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब उर रहमान पांच पायदान ऊपर नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के जसप्रीत बुमराह (चार पायदान ऊपर 13वें स्थान पर) और रवि बिश्नोई (13 पायदान ऊपर 19वें स्थान पर) की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश आठ पायदान ऊपर चढ़कर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 32वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं।



### पंड्या ने लगाई 18 पायदान की छलांग



भारत के हार्दिक पंड्या ने तीन मैचों में चार विकेट लेकर गेंदबाजी रैंकिंग में 18 पायदान की छलांग लगाई है और वह 59वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भी वह दो पायदान ऊपर चढ़कर 53वें स्थान पर काबिज हो गए हैं। पंड्या ऑलराउंडरों की रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर आ गए हैं। वनडे रैंकिंग में इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक 17 पायदान ऊपर 11वें और जो रुट 23वें से 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## रायपुर में सजेगा अंतरराष्ट्रीय गोल्फ का मंच, 1.5 करोड़ की इनामी राशि के लिए भिड़ेंगे 126 खिलाड़ी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर एक बार फिर भारतीय खेल मानचित्र पर अपनी चमक बिखेरने के लिए तैयार है। प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया ने 'छत्तीसगढ़ ओपन 2026' के दूसरे संस्करण की घोषणा कर दी है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत सहित विदेशों के कुल 126 पेशेवर गोल्फर हिस्सा लेंगे, जो 1.5 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड इनामी राशि के लिए अपनी चुनौती पेश करेंगे। पिछले साल की शानदार सफलता के बाद, इस दूसरे संस्करण ने छत्तीसगढ़ को वैश्विक गोल्फ पर्यटन और विश्व स्तरीय खेल आयोजनों के उभरते हुए केंद्र के रूप में स्थापित कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की मौजूदगी और बड़ी इनामी राशि इस टूर्नामेंट को और अधिक रोमांचक बनाएगी, जिससे भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी दिग्गजों के खिलाफ अपना कौशल परखने का बेहतरीन अवसर मिलेगा। इस टूर्नामेंट में भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी जैसे वीर अहलावत, अर्जुन प्रसाद, मनु गंडास, अंगद चीमा और खालिन जोशी अपनी दावेदारी पेश करेंगे। वहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रीलंका केएन थंगराजा विदेशी चुनौती की अगुवाई करेंगे।



## अलमोड़ा में टैक्सी कर्मियों के साथ उलझी हिसार की बॉक्सर स्वीटी बूरा

**हिसार।** हिसार की रहने वाली बक्सर स्वीटी बूरा उतराखंड के टैक्सी यूनियन के कर्मचारियों से उलझ गई। मामले को लेकर एक वीडियो भी वायरल हुआ है। जिसमें स्वीटी बूरा, उनकी बहन व एक युवक दिखाई दे रहा है। स्वीटी बूरा व उनकी बहन कहती नजर आ रही है कि वे पुलिस वाले हैं, उनकी वीडियो न बनाएं। वहीं दूसरे पक्ष के युवक कह रहे हैं कि वे कोई भी हों, उनकी वीडियो बन रही है। इस दौरान थोड़ी हाथापाई भी दोनों पक्षों में होती नजर आई। स्वीटी बूरा ने बताया कि वे 26 जनवरी को परिवार समेत नीम करौली बाबा के दर्शन के लिए गए थे। वहां पर उत्तराखंड में टैक्सी स्टैंड पर गाड़ी खड़ी की थी। वह पानी व फ्रूट्स लेने के लेने के लिए जाने लगी, इतनी देर में टैक्सी कर्मी बोले कि गाड़ी को आगे ले लो। उनसे कहा कि दो मिनट में ले जाएंगे, लेकिन वे दुर्व्यव्यवहार और गाली-गलौच करने लगें। उस दौरान वहां पर पुलिसकर्मी भी थे। वे लोग वीडियो बना रहे थे, लग रहा था कि उनकी कोई गैंग है। वहां पुलिसकर्मियों ने भी कहा कि इन लोगों का रोज का काम है।



■ सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, हाथापाई के आरोप

## टी20 सीरीज : ऑस्ट्रेलियाई टीम पहुंची पाकिस्तान

**लाहौर।** मिचेल मार्श की अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया की टीम लाहौर पहुंच गई, जहां वह पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। यह श्रृंखला ऐसे समय में आयोजित की जाएगी जब अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इस श्रृंखला को पाकिस्तान के टी20 विश्व कप की तैयारी के अंतिम चरण के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या राष्ट्रीय टीम को भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए सरकार की मंजूरी मिलेगी या नहीं।

## मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी नहीं खेलेंगे बडोनी और आर्य

**नई दिल्ली।** आयुष बडोनी और प्रियांश आर्य गुरुवार को मुंबई के खिलाफ दिल्ली के आखिरी रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच में नहीं खेलेंगे। यह मुकाबला बीकेसी ग्राउंड पर आयोजित होगा। टेबल-टॉपर मुंबई पहले ही नॉकआउट के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। ऐसे में छठे स्थान पर मौजूद दिल्ली अच्छे नोट पर घरेलू सीजन का अंत करना चाहती है। आयुष बडोनी और प्रियांश आर्य को मेंस टी20 वर्ल्ड कप के दो वार्म-अप मुकाबलों के लिए इंडिया ए टीम में शामिल किया गया है। बडोनी इंडिया ए के लिए चार-दिवसीय और लिस्ट-ए मैच खेल चुके हैं। वह प्रियांश आर्य के साथ इंडिया ए टीम में वापसी करेंगे।, जिन्होंने अब तक सिर्फ व्हाइट-बॉल फॉर्मेट में टीम का प्रतिनिधित्व किया है। मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 की तैयारी के तहत इंडिया ए की टीम 2 फरवरी को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में यूएसए का सामना करेगी, जिसके बाद उसे 6 फरवरी को बेंगलुरु के बीसीसीआई सीओई ग्राउंड पर नामीबिया से भिड़ना है।



## यूपी वॉरियर्स की लिचफील्ड इंजर्ड, एमी जोन्स टीम में

यूपी वॉरियर्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के बाकी बचे मैचों के लिए चोटिल फीबी लिचफील्ड की जगह इंग्लैंड की विकेटकीपर बल्लेबाज एमी जोन्स को अपनी टीम में शामिल किया है। टीम की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाली लिचफील्ड चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गई है, जिससे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ गुरुवार को होने वाले महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले वॉरियर्स की प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज लिचफील्ड इस सत्र में छह मैचों में 243 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाने वाले शीर्ष तीन बल्लेबाजों में शामिल हैं। जोन्स ने 125 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और 1,666 रन बनाए हैं। डब्ल्यूपीएल ने बताया कि वह 50 लाख रुपए में वॉरियर्स की टीम में शामिल होंगी।




**इगा ने कहा- थोड़ी निजता मिल जाए तो अच्छा होगा**

# हम टेनिस खिलाड़ी, चिड़ियाघर के जानवर नहीं : स्वियातेक

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

इगा स्वियातेक ने उसी विषय को आगे बढ़ाया जिसे कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में मंगलवार को उठाया था। अमेरिका की 21 वर्षीय खिलाड़ी गॉफ का क्वार्टर फाइनल में हारने के बाद कोर्ट के बाहर निराशा में रैकेट तोड़ने का वीडियो वायरल हो गया था जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई थी। गॉफ ने कहा था कि उन असीमित पहुंच वाले कैमरों के बारे में विचार करने की जरूरत है, जो खिलाड़ियों को लॉकर रूम से लेकर कोर्ट तक और बीच में लगभग हर जगह ट्रैक करते हैं। स्वियातेक से बुधवार को पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना से क्वार्टरफाइनल में 7-5, 6-1 से हारने के बाद पूछा गया कि खिलाड़ियों के लिए ऐसे क्षेत्रों की कमी के बारे में वह कैसा महसूस करती हैं, जहां कैमरों की नजर ना हो। स्वियातेक ने कहा, 'सवाल यह है कि हम टेनिस खिलाड़ी हैं या हम चिड़ियाघर के जानवरों की तरह हैं, जहां उनकी शौच करते समय भी निगरानी की जाती है, आप जानते हैं ना?' उन्होंने अपने आखिरी संदर्भ के लिए माफी मांगते हुए कहा, 'ठीक है, यह स्पष्ट रूप से अतिशयोक्ति थी, लेकिन थोड़ी निजता मिल जाए तो अच्छा होगा। यह भी अच्छा होगा कि आपकी अपनी प्रक्रिया हो और आपको हमेशा किसी की निगरानी में नहीं रहना पड़े।'



### स्वियातेक का हुआ वीडियो वायरल

स्वियातेक के पहचान पत्र भूल जाने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक दिया था, जिसका वीडियो वायरल हो गया था। यह सब तब हुआ जबकि वह महिला टेनिस की दिग्गज खिलाड़ी हैं और उन्होंने चार फ्रेंच ओपन के साथ-साथ विंबलडन और यूएस ओपन भी जीते हैं। लेकिन सुरक्षा तो सुरक्षा ही होती है। अन्य प्रतियोगिताओं में भी खिलाड़ियों की गतिविधियों पर कैमरे की नजर होती है और ऑस्ट्रेलियाई ओपन इस मामले में अपवाद नहीं है। स्टेडियम के गैर सार्वजनिक क्षेत्रों के कुछ दृश्य हमेशा प्रसारित नहीं होते हैं, लेकिन खिलाड़ियों को यह याद दिलाने की जरूरत नहीं है कि कैमरे में कैद होने वाले कुछ पल प्यारे, जानकारीपूर्ण या फिर बेहद नाटकीय होने के कारण वायरल हो जाते हैं।

## दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा पर लगा जुर्माना

**वडोदरा।** दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स पर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में गुजरात जायंट्स के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली कैपिटल्स की टीम मंगलवार को बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) स्टेडियम में खेले गए मैच में तीन रन से मैच हार गई थी, जिससे वह अंक तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गई। डब्ल्यूपीएल ने बयान में कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स पर मंगलवार को वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में गुजरात जायंट्स के खिलाफ मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है।' इसमें आगे कहा गया है, 'इस सत्र में यह पहला अवसर है जबकि उनकी टीम ने निर्धारित समय में ओवर पूरे नहीं किए, इसलिए जेमिमा पर डब्ल्यूपीएल की आचार संहिता के तहत 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।'



## लवलीना बॉक्सम इंटरनेशनल टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगी

**नई दिल्ली।** तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोर्गोहेन दो फरवरी से स्पेन के ला नूसिया में शुरू होने वाले बॉक्साम इंटरनेशनल टूर्नामेंट में 33 सदस्यीय भारतीय मुक्केबाजी टीम की अगुवाई करेंगी। सत्र की इस पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हालांकि कई शीर्ष महिला मुक्केबाज हिस्सा नहीं लेंगी। यह टूर्नामेंट भारत के लिए व्यस्त वर्ष का पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा, जिसमें आगे चलकर राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल शामिल हैं। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) की चयन नीति के अनुसार, ओलंपिक भार वर्गों में हाल ही में संपन्न राष्ट्रीय चैंपियनशिप के शीर्ष दो में रहने वाले मुक्केबाज चुने गए हैं, जबकि गैर-ओलंपिक वर्गों में रजत पदक विजेता देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। टूर्नामेंट में दो बार विश्व चैंपियन निकहत जरीन (51 किग्रा) और मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा (48 किग्रा) तथा जैस्मिन लांबोरिया (57 किग्रा) भाग नहीं लेंगी। निकहत ने मार्च के अंत में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप की तैयारी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है।







## खबर संक्षेप

### रूसी सैनिकों को कपड़े उतारकर पेड़ से बांधा

**मॉस्को।** यूक्रेन के खिलाफ युद्ध लड़ने से मना करने वाले रूसी सैनिकों को उनके ही कमांडर बहुत बुरी तरह सजा दे रहे हैं। इसके कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। ऐसे ही एक वीडियो में कुछ सैनिकों को कपड़े उतारकर ठंड में पेड़ों से बांध दिया गया है। वे कड़ाके की ठंड में कांपते नजर आते हैं। एक वीडियो में एक सीनियर अधिकारी एक सैनिक के मुंह में जबरदस्ती बर्फ डालता है, जबकि सैनिक माफी मांगता है। अधिकारी उस पर चिल्ला रहे हैं।



### कोरिया में पूर्व फर्स्ट लेडी को 20 महीने की सजा

**सिओल।** साउथ कोरिया की पूर्व प्रथम महिला किम कियोन ही को रिश्वत मामले में 20 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। यह फैसला उनके खिलाफ चल रहे तीन मामलों में से एक में आया है। किम, जेल में बंद पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल की पत्नी हैं। सियोल जिला अदालत ने उन्हें विवादित धार्मिक संगठन यूनिफिकेशन चर्च से महंगे तोहफे लेने का दोषी माना। इनमें शैनेल का हैंडबैग और ग्राफ ब्रांड का हीरे का हार शामिल है।



## नहीं थम रही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'दादागीरी'

# अब क्यूबा को धमकाया, कहा- जल्द गिरेगी सरकार, वेनेजुएला से मिलने वाले पैसे खत्म


एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'दादागिरी' थमती नहीं दिख रही है। वेनेजुएला में तख्तापलट को अभी एक महीना भी नहीं बीता है कि अब अमेरिका की नजर कैरेबियन देश क्यूबा पर जा टिकी है। ट्रंप ने क्यूबा पर हमले की धमकी दी है, जिसके बाद क्यूबा में अफरा-तफरी मच गई है। युद्ध के डर से क्यूबा के पेट्रोल पंप से लेकर राशन की दुकानों पर लोगों की लंबी लाइन लग गई है। दरअसल वेनेजुएला, क्यूबा का सबसे बड़ा तेल का आपूर्तिकर्ता है। ऐसे में ट्रंप का कहना है कि एक बार वेनेजुएला क्यूबा को तेल और पैसा देना बंद कर देगा, तो क्यूबा की सरकार अपने आप गिर जाएगी।

बता दें, 3 जनवरी 2025 को अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला की राजधानी काराकास पर हमला करते हुए राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद से ट्रंप क्यूबा को लगातार धमकी दे रहे हैं। ट्रंप ने क्यूबा के सामने समझौता करने की पेशकश की थी। मगर, ट्रंप की धमकियों पर प्रतिक्रिया देते हुए क्यूबा के राष्ट्रपति मिगेल डियाज कैनेल ने साफ कर दिया है कि हम अमेरिका के सामने घुटने नहीं टेकेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका जबरदस्ती क्यूबा पर दबाव नहीं बना सकता है।

### युद्ध के डर से पेट्रोल पंप और राशन की दुकानों पर लंबी लाइन लग गई


मिगेल डियाज कैनेल


डोनाल्ड ट्रंप

### मिनेसोटा में निर्वासन पर जज ने लगाई रोक

अमेरिका में फेडरल जज फ्रेड बियरी ने एक बहुत ही अहम आदेश दिया है जिसमें एक पांच साल के इक्वेडोर बच्चे और उसके पिता को निर्वासित करने से रोक दिया गया है। यह फैसला अमेरिका के दक्षिणी टेक्सास के सत्र न्यायालय में सुनाया गया। पांच साल के लियम कोनेजो रामोस और उनके पिता एड्रियन अलेक्जेंडर कोनेजो एरियस को पहले मिनेसोटा से गिरफ्तार किया गया था। जज फ्रेड बियरी ने कहा है कि जब तक उनके मामले की सुनवाई नहीं हो जाती, तब तक उन्हें निर्वासित या दूसरे स्थान पर भेजा नहीं जा सकता। अब वे दोनों टेक्सास के डिली परिवार डिटेंशन सेंटर में हैं।

### टेक्सास में एच-1बी वीजा पर रोक

अमेरिका के टेक्सास राज्य में एच-1बी वीजा को लेकर रिपब्लिकन गवर्नर ग्रेग एबॉट ने राज्य की सभी एजेंसियों और सार्वजनिक विश्वविद्यालयों को अगले साल तक नए एच-1बी वीजा याचिकाएं दायर करने से रोकने का आदेश दिया है। गवर्नर एबॉट का कहना है कि इस अस्थायी रोक से एच-1बी वीजा के लिए 'कानूनी सुरक्षा ढांचा' तैयार करने का समय मिलेगा। इसके साथ ही, कांग्रेस अगर संघीय कानून में कोई बदलाव करती है और ट्रंप प्रशासन जो सुधार लागू करना चाहता है, उन्हें समझने और लागू करने का अवसर भी मिलेगा।

### क्यूबा की अर्थव्यवस्था संकट में


*क्यूबा पहले से अर्थव्यवस्था संकट में है, बिजली कटौती और तेल की कमी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। मेक्सिको ने हाल ही में तेल सप्लाई रद्द कर दिया, जिससे क्यूबा की मुश्किलें और बढ़ीं। पर्यटन भी घट गया है, जिससे राजस्व में भारी गिरावट हुई है। अपने गहरे होते ऊर्जा और आर्थिक संकट में, क्यूबा मैक्सिको, रूस और पहले वेनेजुएला जैसे सहयोगियों से मिलने वाली विदेशी सहायता और तेल शिपमेंट पर काफी हद तक निर्भर रहा है।*


पेट्रोल पंप पर कारों की कतार

**दावोस वाले बयान पर अड़े कार्नी**

### अमेरिका पर कसा तंज, बोले जो कहा था वही मतलब था

ओटावा। कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने साफ शब्दों में कहा है कि दावोस में दिए गए अपने भाषण पर वह पूरी तरह कायम हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के उस दावे को उन्होंने सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि कार्नी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात करते हुए अपने बयान से पीछे हटने की कोशिश की। कार्नी ने खुलासा किया कि कनाडा अगले छह महीनों में चार महाद्वीपों पर 12 नए व्यापार समझौते करने की दिशा में काम कर रहा है, ताकि अमेरिका पर निर्भरता कम की जा सके। दावोस में कार्नी ने बिना ट्रंप का नाम लिए बड़ी शक्तियों द्वारा छोटे देशों पर आर्थिक दबाव डालने की आलोचना की थी।


कनाडा के पीएम मार्क कार्नी

**ट्रंप ने खुद फोन किया**

*कार्नी ने बताया कि ट्रंप ने खुद उन्हें फोन किया था। मैंने उन्हें चीन के साथ हमारे सीमित समझौते के बारे में बताया और यह भी समझाया कि हम क्या कर रहे हैं। ट्रंप ने हाल ही में चेतावनी दी थी कि अगर कनाडा बीजिंग के साथ बड़ा व्यापार समझौता करता है, तो कनाडाई सामानों पर 100% टैरिफ लगाया जा सकता है। कार्नी ने दोहराया कि कनाडा का चीन के साथ कोई व्यापक व्यापार समझौता करने का इरादा नहीं है।*

## यूएस के जंगी जहाजों से घिरा ईरान

### समर्थन में आए मुस्लिम देश, कहा हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल नहीं होने देंगे


अमेरिकी युद्धपोत अब्राहम लिंकन

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में विरोध प्रदर्शन शुरू होने के एक महीने बाद ईरान के अधिकारियों ने बुधवार को अमेरिका की तरफ से संभावित सैन्य हमले के खतरे को लेकर मध्य पूर्व के अन्य देशों से संपर्क साधा है। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने संकेत दिया है कि वे अपने हवाई क्षेत्र को किसी भी हमले के लिए इस्तेमाल नहीं होने देंगे। हालांकि, अमेरिका ने यूएसएस अब्राहम लिंकन और कई मिसाइल विध्वंसक पोतों को इस क्षेत्र में तैनात कर रखा है, जिनका उपयोग समुद्र से हमले करने के लिए किया जा सकता है। यही कारण है कि ईरान हमले से पहले कूटनीतिक तौर पर तेजी से काम कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर हमले का आदेश देंगे या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं है। हालांकि उन्होंने दो लक्ष्मण रेखाएं खींच दी हैं। उन्होंने प्रदर्शनकारियों की हत्या रोकने और गिरफ्तार सभी प्रदर्शनकारियों को छोड़ने को कहा है।

### जवाबी कार्रवाई के लिए ईरान तैयार

ट्रंप की धमकियों को देखते हुए ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई के लिए तैयारी तेज कर दी है। ईरान ने यूएसएस अब्राहम लिंकन पर नजर रखने और उसे निशाना बनाने के लिए गाजा ड्रोन तैनात किए हैं, जिनमें से प्रत्येक आठ लेजर-निर्देशित मिसाइलों से लैस है। यूएसएस अब्राहम लिंकन वर्तमान में ओमान के पास, ईरानी तटों से 700 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर स्थित है। वहीं, बुधवार को प्रदर्शनकारियों ने बताया कि ईरान की तरफ से प्रदर्शनों पर की गई खूनी कार्रवाई में कम से कम 6,221 लोग मारे गए और कई अन्य लोगों के भी मारे जाने की आशंका है। ईरान का सरकारी मीडिया प्रदर्शनकारियों को केवल आतंकवादी कह रहा है।

### मलिकी सत्ता में आए तो समर्थन नहीं देंगे: ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इराक को आगाह किया कि अगर उसके पूर्व पीएम नूरी अल-मलिकी फिर से सत्ता में आते हैं, तो अमेरिका देश का समर्थन नहीं करेगा। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब कुछ दिन पहले 'कोऑर्डिनेशन फ्रेमवर्क' नाम के प्रमुख राजनीतिक गठबंधन ने नूरी अल-मलिकी का समर्थन करने की घोषणा की थी। इस गठबंधन में प्रमुख शिया दल भी शामिल हैं। अमेरिकी प्रशासन नूरी अल-मलिकी को ईरान का करीबी मानता है।

**अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने की रक्षा सचिव के साथ बैठक**

## भारत व अमेरिका के दस वर्षीय रक्षा समझौते को बताया मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने बुधवार को दोनों देशों के बीच रक्षा साझेदारी को मजबूत बताया। उन्होंने कहा कि 2025 में हस्ताक्षर किया गया 10 साल का समझौता दोनों देशों के बीच संबंधों को और गहरा करेगा। अमेरिकी राजदूत ने यह बात रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और दूसरे शीर्ष अधिकारियों के साथ अपनी मीटिंग के बाद कही। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में सर्जियो गोर ने कहा कि पिछले साल ही, अमेरिका और भारत ने 10 साल का डिफेंस पैक्ट साइन किया था, जिससे हमारी रक्षा साझेदारी काफी गहरी होगी। संयुक्त अभियान जारी रहेंगे, और अतिरिक्त सेल्स भी चल रही हैं। यह एक मजबूत रिश्ता है! रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह हमारी मेजबानी करने के लिए धन्यवाद।


राजदूत सर्जियो गोर और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह के बीच बैठक

### जयशंकर से भी की मुलाकात

इससे पहले, भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने रविवार को अमेरिकी राजदूत की मौजूदगी में तीन सदस्यों वाले अमेरिकी कांग्रेसनल डेलीगेशन से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में दो रिपब्लिकन और एक डेमोक्रेट सांसद शामिल थे। बैठक के दौरान भारत-अमेरिका संबंधों के प्रमुख आयामों पर चर्चा हुई, जिसमें द्विपक्षीय व्यापार, रणनीतिक सहयोग और क्षेत्रीय व वैश्विक सुरक्षा से जुड़े मुद्दे प्रमुख रहे। जयशंकर ने अमेरिकी डेलीगेशन के साथ इस मुलाकात को अच्छा बताते हुए एक्स पर लिखा कि भारत-अमेरिका संबंधों, इंडो-पैसिफिक और यूक्रेन विवाद के अलग-अलग पहलुओं पर चर्चा की। बातचीत हमेशा हमारे रिश्ते का एक अहम पहलू रही है।

**दिल्ली में द्विपक्षीय रिश्तों को मिलेगी मजबूती**

## फरवरी में आएंगे ब्राजील के राष्ट्रपति लूला, एआई सम्मेलन में लेंगे भाग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने पुष्टि की है कि वह फरवरी में आधिकारिक दौरे पर भारत आएंगे। भारत यात्रा के बाद वह अमेरिका जाएंगे, जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति लूला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बातचीत की है। दोनों नेताओं के बीच इस बात पर सहमति बनी है कि भारत और दक्षिण कोरिया की यात्राओं के बाद फरवरी में वॉशिंगटन में मुलाकात होगी, जिसकी तारीखें जल्द तय की जाएंगी। भारत यात्रा के दौरान राष्ट्रपति लूला के नई दिल्ली में आयोजित होने वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) शिखर सम्मेलन में भाग लेने की भी संभावना है। इस शिखर सम्मेलन में वैश्विक तकनीकी सहयोग और उभरती प्रौद्योगिकियों पर चर्चा की जाएगी। इससे पहले इस महीने पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति लूला के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई थी। दोनों नेताओं ने भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेंगे।


पीएम मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला

## भारत विमानों के निर्माण पर देगा ध्यान, निर्यात भी करेंगेः नायडू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने बुधवार को कहा कि भारत में बीते 10 वर्षों में एयरपोर्ट्स और विमानों की संख्या बीते 10 वर्षों में दोगुनी हो गई है और अब भारत विमानों के मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को विकसित करने में मदद करेगा।



उन्होंने हैदराबाद के बेगमपेट एयरपोर्ट पर नागरिक विमान सम्मेलन 'विंग्स इंडिया 2026' का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस इकोसिस्टम को अगले 10-20 वर्षों में केवल घरेलू मांग को पूरा करने के लिए ही विकसित नहीं किया जाएगा, बल्कि भारत को वैश्विक निर्यात का भी केंद्र बनाया जाएगा। नायडू ने कहा कि इस बार के 'विंग्स इंडिया 2026' में भारत नागरिक विमानन क्षेत्र विशेषकर मैन्युफैक्चरिंग में अपनी क्षमता प्रदर्शित करेगा।




**लोग स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर जनगणना से जुड़े प्रश्नों को भर सकेंगे**

**यह सुविधा 15 दिन पहले उपलब्ध करा दी जाएगी**

# जनगणना-2027: 16 भाषाओं में होगी सेल्फ-एन्यूमरेशन की सुविधा, मिलेगा यूनिक रेफरेंस आईडी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

आगामी जनगणना 2027 में आम नागरिकों को पहली बार सेल्फ-एन्यूमरेशन (स्व-गणना) की व्यापक सुविधा दी जाएगी। इसके तहत लोग स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर जनगणना से जुड़े प्रश्नों को भर सकेंगे और जमा कर सकेंगे। यह सुविधा 16 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होगी और प्रत्येक परिवार को एक यूनिक रेफरेंस आईडी प्रदान की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, सेल्फ-एन्यूमरेशन की यह सुविधा हाउस लिस्टिंग (घर सूचीकरण) की शुरुआत से 15 दिन पहले उपलब्ध करा दी जाएगी। यह जानकारी हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित मुख्य सचिवों, राज्य नोडल अधिकारियों और जनगणना संचालन से जुड़े निदेशकों के सम्मेलन में साझा की गई।



### ऐसे काम करेगी सेल्फ-एन्यूमरेशन प्रक्रिया

सेल्फ-एन्यूमरेशन पोर्टल पर लॉगिन करने के लिए मोबाइल नंबर दर्ज करना अनिवार्य होगा। पोर्टल पर लॉगिन के बाद नागरिक जनगणना प्रपत्र में पूछे गए सभी प्रश्नों को स्वयं भरेंगे। विवरण पूरा करने के बाद एक रेफरेंस आईडी जनरेट होगी, जो पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजी जाएगी। यह रेफरेंस आईडी क्षेत्र में आने वाले गणनाकर्मी को फील्ड विज़िट के दौरान दिखानी होगी।

### 16 भाषाओं में उपलब्ध होगी सुविधा

सेल्फ-एन्यूमरेशन पोर्टल पर जानकारी भरने की सुविधा असमिया, बंगाली, अंग्रेजी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, ओड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू भाषाओं में उपलब्ध होगी।

### नियमों में किया गया था संशोधन

सेल्फ-एन्यूमरेशन को संभव बनाने के लिए केंद्र सरकार ने जनगणना नियम, 1990 में मार्च 2022 में संशोधन किया था। संशोधित नियमों के तहत अब नागरिक स्वयं जनगणना प्रपत्र भरकर ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

### जनगणना 2027 का कार्यक्रम

जनगणना 2027 भारत की 16वीं जनगणना होगी और आजादी के बाद यह आठवीं जनगणना है। पहला चरण, हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना, 1 अप्रैल से शुरू होने की संभावना है। जबकि दूसरा चरण जनसंख्या गणना, फरवरी 2027 में प्रस्तावित है। केंद्र सरकार का मानना है कि सेल्फ-एन्यूमरेशन से प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, तेज़ और नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनेगी, साथ ही डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को भी बल मिलेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109